आषाढ़ कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 2 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 226, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





भारतीय महिला टीम ने जीती श्रृंखला 13

अमिताभ ने अभिषेक के साथ देखी कल्कि 2898 एडी 14


# खुद को हिंदू कहने वाले करते हैं हिंसा की बात

## धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर लोकसभा में हुआ भारी हंगामा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर जोरदार हमले किए। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बोलने उठे राहुल गांधी की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी तीखी नोकझोंक हुई। राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत हाथ में संविधान की कॉपी लेकर की, लेकिन बीच भाषण में ही उन्होंने भगवान शिव की तस्वीर दिखाते हुए जो टिप्पणी की, उस पर सदन में हंगामा हो गया। राहुल ने कहा, खुद को हिंदू कहने वाले हिंसा की बात करते हैं। राहुल गांधी ने जब भाजपा पर यह आरोप लगाया तो प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने आपत्ति जताते हुए कहा कि कांग्रेस नेता ने पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहा है।

दो दिन के अवकाश के बाद सोमवार को फिर से लोकसभा और राज्यसभा का सत्र शुरू हुआ तो केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, नीट और अग्निपथ जैसे मुद्दों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि संविधान पर संगठित हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अग्निवीर सैनिक 'यूज एंड थ्रो' मजदूर बन गए हैं। राहुल ने भाजपा पर युवाओं, छात्रों, किसानों, मजदूरों, दलितों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों में डर पैदा करने का आरोप लगाया।

नीट-यूजी में अनियमितता का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि सरकार ने एक पेशेवर परीक्षा को व्यावसायिक परीक्षा में तब्दील कर दिया है। अब छात्रों को नीट की परीक्षा पर विश्वास नहीं रहा। राहुल गांधी ने भाषण के दौरान भगवान शंकर की तस्वीर दिखाते हुए कहा कि मोदीजी ने अपने भाषण में एक दिन कहा था कि हिंदुस्तान ने कभी किसी पर हमला नहीं किया। इसका कारण है। हिंदुस्तान अहिंसा का देश है, यह डरता नहीं है। शिवजी कहते हैं- डरो मत, डराओ मत और त्रिशूल को जमीन में गाड़ देते हैं। दूसरी तरफ जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं, वे 24 घंटे हिंसा-हिंसा..नफरत-नफरत करते हैं। आप हिंदू हो ही नहीं। राहुल गांधी के बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना ठीक नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'नेता विपक्ष ने कहा है कि जो अपने आपको हिंदू कहते हैं, वो हिंसा करते हैं। इनको मालूम नहीं है कि करोड़ों लोग अपने आप को गर्व से हिंदू कहते हैं, क्या वे सभी लोग हिंसा करते हैं। उन्हें (राहुल) माफी मांगनी चाहिए।




### भगवान शिव की तस्वीर दिखाने पर अध्यक्ष ने रोका

राहुल ने अपने भाषण के दौरान भगवान शिव की तस्वीर दिखाई। स्पीकर ओम बिरला ने रोका और एक मिनट रुकने के लिए कहा। बिरला ने कहा कि आपने सवाल उठाया। आपके माननीय सदस्यगण 352 का नियम बता रहे थे। आपने कहा कि नियम प्रक्रिया से सदन चलना चाहिए। नियम में कोई भी प्लेकार्ड या तस्वीर नहीं दिखाया जा सकता। राहुल ने सवाल किया, ''क्या इस सदन में शिवजी की फोटो दिखाना मना है? अगर मैं कह रहा हूं कि मुझे इनसे प्रोटेक्शन मिली, लेकिन आप मुझे रोक रहे हैं। मैं इस तस्वीर को क्यों लाया, क्योंकि इस तस्वीर में आइडिया टू डिफेंड है। शिवजी के गले में सांप हैं, इसके पीछे का मकसद है किसी से डरना नहीं चाहिए।


### प्रधानमंत्री-गृहमंत्री ने कहा-पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना आपत्तिजनक

#### रक्षा मंत्री राजनाथ बोले- अग्निवीर पर सदन को गुमराह कर रहे नेता प्रतिपक्ष



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना पर भी तीखे हमले किए। कहा कि एक बारूदी सुरंग से एक अग्निवीर शहीद हुआ। मैं उसे शहीद कह रहा हूं, लेकिन भारत सरकार और नरेंद्र मोदी उसे शहीद नहीं कहते, उसे अग्निवीर कहते हैं, उसे पेंशन नहीं मिलेगी। उस घर को मुआवजा नहीं मिलेगा। शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। राहुल गांधी के भाषण के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल सदन को गुमराह कर रहे हैं। युद्ध के दौरान या सीमा सुरक्षा के दौरान मौत होने पर अग्निवीर के परिजन को एक करोड़ रुपये दिए जाते हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने भी राहुल गांधी को झूठ न बोलने की नसीहत दी। अगर अपने बयान का सत्यापन नहीं करते हैं तो उन्हें सदन, देश और अग्निवीरों से माफी मांगनी चाहिए।

#### दुनियाभर में फैले करोड़ों हिन्दुओं से माफी मांगें राहुल गांधी : योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिन्दुओं को लेकर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राहुल गांधी ने अपने निंदनीय बयान से भारत माता की आत्मा को लहुलुहान करने का कार्य किया है, इसके लिए उन्हें दुनियाभर में फैले करोड़ों हिन्दुओं से माफी मांगनी चाहिए। सोमवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग ये मानते थे कि हो सकता है कि नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी परिपक्व होंगे, मगर खेद होता है कि उनका बयान अभी बचकाने से उबर नहीं पाया है। एक अपरिपक्व बुद्धि का व्यक्ति ही इस प्रकार का बयान देगा। हिन्दू भारत का मूल समाज है, भारत की आत्मा है।

---

भारत मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान

# जुलाई में सामान्य से अधिक होगी बारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश में जुलाई में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने डिजिटल तरीके से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूरे देश में जुलाई की औसत बारिश सामान्य से अधिक होने की संभावना है जो लंबी अवधि के औसत (एलपीए) 28.04 सेमी से 106 प्रतिशत अधिक रह सकती है।

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों और उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि पश्चिमी तट को छोड़कर उत्तर-पश्चिम भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। मध्य भारत, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों और पश्चिमी तट पर सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है जबकि उत्तर-पश्चिम के कुछ हिस्सों और मध्य भारत के आस-पास के इलाकों और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने का अनुमान है।

### बादल फटने का नतीजा नहीं थी दिल्ली में बारिश

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को स्पष्ट किया कि पिछले हफ्ते दिल्ली में हुई भारी बारिश बादल फटने का नतीजा नहीं थी। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला ने 28 जून को सुबह 5 से 6 बजे के बीच 91 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की। इसी तरह, लोधी रोड मौसम केंद्र ने सुबह 5 बजे से 6 बजे तक 64 मिमी और सुबह 6 बजे से 7 बजे तक 89 मिमी बारिश दर्ज की। इन घटनाओं को बादल फटने की घटना नहीं कहा जा सकता।

---












# नीट-यूजी पुनः परीक्षा के घोषित किए गए परिणाम

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनटीए ने संशोधित रैंक की सूची भी जारी की
- 1563 अभ्यर्थियों के लिए कराई गई थी परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के लिए पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित किए और संशोधित रैंक सूची जारी की। एनटीए ने पांच मई को आयोजित की गई परीक्षा में छह केंद्रों पर देरी से परीक्षा शुरू होने के कारण समय के नुकसान की भरपाई के लिए 1,563 परीक्षार्थियों को कृपांक दिए थे। इन्हीं परीक्षार्थियों की पुनः परीक्षा आयोजित किए जाने के बाद यह संशोधित परिणाम जारी किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 23 जून को सात केंद्रों पर आयोजित की गई पुनः परीक्षा में 1,563 परीक्षार्थियों में से 48 प्रतिशत उपस्थित नहीं हुए थे। एनटीए के अधिकारियों ने बताया कि 1,563 परीक्षार्थियों में से 813 ने दोबारा परीक्षा दी जबकि अन्य ने कृपांक छोड़ने का विकल्प चुना। चंडीगढ़ केंद्र में सिर्फ दो अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी वहां एक भी परीक्षार्थी उपस्थित नहीं हुआ।

# प्राथमिकी दर्ज होने पर अब तीन साल के भीतर न्याय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 सोमवार से पूरे देश में प्रभावी हो गए। इन तीनों कानून ने ब्रिटिश कालीन कानूनों क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 'इंडियन एविडेंस एक्ट' की जगह ली है। इसके साथ ही न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव की शुरूआत हो गई।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नए आपराधिक कानूनों के तहत प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर सभी मामलों में सुप्रीम कोर्ट के स्तर तक न्याय मिलेगा। शाह ने उम्मीद जताई कि भविष्य में अपराधों में कमी आएगी और नए कानूनों के तहत 90 प्रतिशत मामलों में दोषसिद्धि होने की संभावना है।

गृहमंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के स्तर तक न्याय प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर मिल सकता है। तीनों आपराधिक कानूनों के लागू होने से भारत में दुनिया में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी। उन्होंने कहा कि नए कानून, आधुनिक न्याय प्रणाली को स्थापित करते हैं जिनमें 'जीरो एफआईआर', शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण, एसएमएस जैसे तरीकों से समन और अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी शामिल हैं। शाह ने बताया कि नए कानून के तहत पहला मामला ग्वालियर में रविवार रात 12 बजकर 10 मिनट पर मोटरसाइकिल चोरी का दर्ज किया गया।

### नए आपराधिक कानून लागू



- गृहमंत्री शाह ने कहा-अब दंड की जगह न्याय प्रदान करने को मिलेगी प्राथमिकता

### नए कानून के तहत अमरोहा में दर्ज हुई पहली एफआईआर

- डीजीपी ने कहा पुलिस ने कर रखी थीं पहले से तैयारियां

**लखनऊ/अमरोहा।** डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि बिना किसी दिक्कत के प्रदेश के सभी थानों में नए कानून के तहत एफआईआर दर्ज की जा रहीं हैं। पहली रिपोर्ट अमरोहा, दूसरी आगरा और तीसरी रिपोर्ट बरेली में दर्ज की गईं। शाम आठ बजे तक 255 एफआईआर और 28 एनसीआर पंजीकृत की गईं। डीजीपी ने बताया कि तीनों कानूनों को लागू करने के लिए पहले से ही पुलिस ने व्यापक तैयारियां कर रखी थीं। अमरोहा संवाददाता के अनुसार जिले के रहरा थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 के तहत सुबह 9:51 बजे एफआईआर दर्ज की गई है। सोमवार सुबह गांव ढकिया खादर निवासी संजय सिंह के पिता जगपाल उर्फ मंगला धान की पौध लगाने गए थे। उनके पड़ोसी राजवीर ने खेत के चारों ओर बिजली के तार लगा रखे हैं। करंट लगने से जगपाल की मौत हो गई। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि मामले में मृतक जगपाल उर्फ मंगला के बेटे संजय सिंह की तहरीर पर राजवीर उर्फ रज्जु और भूप सिंह उर्फ भोलू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# मेधा पाटकर को पांच माह की जेल, 10 लाख जुर्माना



- मानहानि के मामले में दिल्ली की कोर्ट ने सुनाई सजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को 23 साल पुराने मानहानि के मामले में सोमवार को पांच महीने जेल की सजा सुनाई। यह मामला दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दायर किया था जब वह गुजरात के अहमदाबाद में एनजीओ (काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज) के प्रमुख थे। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर पर 10 लाख का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने पाटकर को आदेश के खिलाफ अपील करने का मौका देते हुए सजा को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया। 24 मई को कोर्ट ने कहा था कि सक्सेना को कायर कहना और हवाला में उनकी संलिप्तता का आरोप लगाने संबंधी पाटकर का बयान न केवल अपने आप में मानहानि के समान है, बल्कि इसे नकारात्मक धारणा को उकसाने के लिए गढ़ा गया था। साथ ही यह आरोप शिकायतकर्ता की ईमानदारी और सेवा पर हमला है।

# 24 जिले अतिसंवेदनशील, सुरक्षा को सतर्क रहें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मुख्यमंत्री ने की बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा
- जलशक्ति मंत्री व दोनों राज्यमंत्री फील्ड में करें व्यवस्था का निरीक्षण

**अमृत विचार :** बाढ़ की नजर से 24 अति संवेदनशील और 16 संवेदनशील जिलों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनधन की सुरक्षा के इंतजाम समय रहते कर लेने की हिदायत अफसरों को दी है।

मौसम विभाग के अनुमानों का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने सतर्क किया कि इस साल पर्याप्त वर्षा होगी। नेपाल और उत्तराखंड की सीमा से लगे जिलों में सतर्कता बनाए रखें। उन्होंने कहा, आमजन की सुविधा और राहत एवं बचाव कार्य के बेहतर प्रबंधन के लिए बाढ़ बुलेटिन और मौसम का पूर्वानुमान नियमित रूप से जारी किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर हुई एक बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा के मद्देनजर जारी तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ की नजर से अति संवेदनशील जिलों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आई है। इस साल भी बेहतर कोऑर्डिनेशन, क्विक एक्शन और बेहतर प्रबन्धन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए।

### बाढ़ की नजर से संवेदनशील जिले

बाढ़ की नजर से 24 जिले अति संवेदनशील श्रेणी में हैं। जिसमें महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोण्डा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फर्रुखाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी शामिल हैं। सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, बरेली, हमीरपुर, गौतमबुद्ध नगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, हरदोई, वाराणसी, उन्नाव, लखनऊ, शाहजहांपुर और कासगंज संवेदनशील हैं।

### पर्याप्त रिजर्व स्टॉक एकत्र कर लें

मुख्यमंत्री ने कहा है कि अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति के लिए पर्याप्त रिजर्व स्टॉक एकत्र कर लिया जाए। इन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं आवश्यक उपकरणों का भी प्रबन्ध हो। जल शक्ति मंत्री एवं दोनों राज्य मंत्री द्वारा अति संवेदनशील तथा संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करें, साथ ही बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण करें।

# कॉमर्शियल गैस सिलेंडर हुआ 30 रुपये सस्ता




**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतों के अनुरूप विमान ईंधन की दर में सोमवार को 1.2% की वृद्धि हुई। हालांकि, वाणिज्यिक एलपीजी (19 किग्रा) सिलेंडर की कीमत में 30 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है। दिल्ली में विमानन ईंधन (एटीएफ) की कीमत 1,179.37 रुपये प्रति किलोलीटर या 1.2% बढ़कर 96,148.38 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। एक जून को एटीएफ की दर में 6.5% (6,673.87 रुपये प्रति किलोलीटर) की कटौती हुई थी। मुंबई में एटीएफ की कीमत 88,834.27 रुपये से बढ़ाकर 89,908.30 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत 30 रुपये कमकर 1,646 रुपये प्रति सिलेंडर की है। कीमतों में लगातार चौथी बार कटौती की गई है। इससे पहले एक जून को 69 रुपये कम किए गए थे। एक मई को 19 और एक अप्रैल को 30.5 रुपये प्रति सिलेंडर कम किए गए थे।

## एक नजर

### सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित


**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 के परिणाम सोमवार को घोषित कर दिए गए। यह परीक्षा 16 जून को आयोजित की गई थी। यूपीएससी ने कहा कि अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा के अंक, कटऑफ अंक व उत्तर कुंजी सिविल सेवा परीक्षा और भारतीय वन सेवा परीक्षा की पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

### प्राइज फॉर फिक्शन की सूची में दो भारतीय

**नई दिल्ली।** दो भारतीय लेखकों और एक भारतीय मूल के लेखक की पुस्तकें 'एशियन प्राइज फॉर फिक्शन' के लिए चयनित हुई हैं। यह पुरस्कार वैश्विक साहित्यिक परिदृश्य को आकार देने वाली विविध आवाजों का सम्मान करता है। अरेफा तहसीन की 'विच इन द पीपल ट्री', मृणालिनी हरचंदराय की 'रेस्क्यूइंग अ रिवर ब्रिज' और नेपाली-भारतीय लेखिका स्मृति रवींद्र की 'वूमन हू क्लाइंब्ड ट्रीज' के अलावा इस श्रेणी में नाइजीरियाई, पाकिस्तानी और श्रीलंकाई-अमेरिकी लेखकों की तीन पुस्तकें शामिल हैं।

# टीएमयू में असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध स्थितियों में मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/पाकबड़ा



- हरियाणा की अदिति ने तीन सप्ताह पहले किया था ज्वाइन

**अमृत विचार :** टीएमयू में महिला असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गले पर चोट के निशान मिले हैं। मौके से एक चाकू भी मिला है। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या मान रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट नहीं है, बिसरा सुरक्षित कर लिया गया है।

हरियाणा के रेवाड़ी जिले के माडल टॉउन की अदिति मल्होत्रा (31) टीएमयू में पैथोलॉजी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर थीं। पिता डॉक्टर नवनीत कुमार ने बताया है कि अदिति ने तीन हफ्ते पहले ही तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) में ज्वाइन किया था। रविवार शाम अदिति से फोन पर बात हुई थी। वहीं कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि सोमवार सुबह अदिति के परिजनों ने उनको फोन किया, जब फोन नहीं उठा तो कॉलेज स्टाफ को फोन कर अदिति से बात कराने को कहा। स्टाफ जब गेस्ट हाउस पहुंचा तो कमरा अंदर से बंद मिला। खिड़की से झांका तो अदिति लहूलुहान बेड से नीचे पड़ी थी।

पहली बार | सूर्य के बेहद करीब पहुंचने की कवायद, नासा का पार्कर सोलर प्रोब इस कारनामे को देगा अंजाम

# इंसान अंतरिक्ष में एक और इतिहास रचने को तैयार

बबलू चंद्रा, नैनीताल



**अमृत विचार :** इंसान सूर्य के बेहद करीब पहुंचने का इतिहास रचने जा रहा है। अमेरिका के नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) का पार्कर सोलर प्रोब इस कारनामे को अंजाम देने जा रहा है। पार्कर व सूर्य के बीच दूरी 5.3 मिलियन मील रह जाएगी।

यह पहली बार होने जा रहा है, जब कोई मानव निर्मित उपग्रह सूर्य के इतने करीब पहुंचेगा। पृथ्वी व सूर्य के बीच दूरी 15 करोड़ किलोमीटर है और हम जैसे-जैसे सूर्य के करीब पहुचेंगे, पिघला देने वाला तापमान बढ़ता चला जाएगा। जिस कारण सूर्य के करीब पहुंचना बड़ी चुनौती है। जिसे पार करना दुस्साहस भरा कदम है और पार्कर इस चुनौती को फतह करने जा रहा है। पार्कर का सफर यहीं थमने वाला नहीं है, वह दिसंबर में सूर्य के नजदीक पहुंचने का एक और कीर्तिमान बनाएगा। तब वह सूर्य के इतने करीब पहुंच चुका होगा कि वह लगभग सूर्य को स्पर्श कर चुका होगा और इनके बीच की दूरी सिर्फ 4 मिलियन मील रह जाएगी। यह दूरी इस प्रोब को बुरी तरह झुलसा देने वाली होगी। नासा का कहना है कि अंतिम पेरिहेलियन पर पार्कर सोलर प्रोब सूर्य को स्पर्श करेगा। सूर्य की परिक्रमा करते समय पेरिहेलियन निकटतम दृष्टिकोण का बिंदु है। पार्कर ने अपने पेरिहेलियन के समीप पहुंचने के दौरान करीब और करीब आने के मिशन के दौरान वृद्धिशील कदम उठाए हैं। इसमें 26 नियोजित पेरिहेलियन हैं। पार्कर 800,000 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से यात्रा कर रहा है। इस अंतरिक्ष यान ने लंबे समय से सूर्य के सबसे करीब पहुंचने और सबसे तेज़ मानव निर्मित वस्तु के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इस मिशन का सपना पहली बार 1958 में देखा गया था, जब यूजीन पार्कर ने सौर हवा के अस्तित्व की भविष्यवाणी की थी। 60 साल बाद अगस्त 2018 में यह सपना आखिरकार साकार हुआ। इस मिशन का अंतिम लक्ष्य मात्र छह महीने दूर रह गया है।

### छह वर्ष में कई रहस्य किए उजागर

अंतरिक्ष मिशन पार्कर छह वर्षों में सूर्य के अनेक रहस्य उजागर करने में कामयाब रहा है। मिशन के डेटा ने सूर्य के बारे में हमारी समझ, सौर मंडल, अंतरिक्ष मौसम और ब्रह्मांड के अन्य सितारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई है, जो नासा ही नहीं बल्कि दुनिया के सभी वैज्ञानिकों व खगोल विज्ञानजगत के लिए बेहद उपयोगी हैं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### तहसीलदार और दो नायब तहसीलदारों का तबादला

**पीलीभीत।** शासन ने जिले में तैनात एक तहसीलदार समेत दो नायब तहसीलदारों का जिले के बाहर तबादला किया है। वहीं बरेली में तैनात तहसीलदार को यहां भेजा गया है। शासन से जारी सूची के मुताबिक सदर तहसील के नायब तहसीलदार अभिनव सिंह चौहान को जनपद बलरामपुर एवं हरिशंकर पटेल को बहराइच भेजा है। जबकि तहसीलदार दिलीप कुमार को यहां से जनपद इटावा भेजा गया है। यह सभी तबादले शासकीय आधार पर हुए है। वहीं बरेली में तैनात तहसीलदार अर्चि गुप्ता के खुद के अनुरोध पर पीलीभीत के लिए तबादला किया गया है।

### छिपकली के काटने से महिला की बिगड़ी हालत

**पूरनपुर।** गांव बिलहरी में छिपकली के काटने से एक महिला की हालत बिगड़ गई। पता चलने पर परिजनों ने उसके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया है। गांव की रहने वाली कामिनी देवी के पति सतीश चंद्र ने बताया कि सोमवार को पत्नी घर में साफ सफाई कर रही थी। इस दौरान अचानक छिपकली ने काट लिया। इस घटनाक्रम के कुछ देर बाद अचानक पत्नी की हालत बिगड़ने लगी। इस पर परिवार के सभी सदस्य घबरा गए। आननन-फानन में कामिनी को उपचार के लिए परिजन पूरनपुर सीएचसी लेकर पहुंचे और भर्ती करा दिया। फिलहाल, महिला की हालत खतरे से बाहर है।

### खेत पर जा रहे ग्रामीण को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव करनापुर में खेत पर जा रहे ग्रामीण की लात घूसों से पीटाई कर दी गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर द है। गांव के रहने वाले जसवंत ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 29 जून को उसके पिता रामसिंह खेत पर जा रहे थे। पुरानी रंजिश के चलते गांव के भूपराम, रमेश, रवि और राहुल ने पिता से गाली गलौज की ।विरोध करने पर उनकी पिटाई कर दी। भीड़ जमा होने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि चारों हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# चहकते स्कूल पहुंचे बच्चे...अफसरों ने दुलार-प्यार से किया स्वागत

## प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में डीएम और एडीएम ने बच्चों के साथ बैठकर शिक्षण कार्य परख खुद भी पढ़ाया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों का ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के बाद स्कूलों में सोमवार को बच्चों की चहल पहल शुरू हो गई। पहले दिन स्कूल पहुंचे नैनिहालों की संख्या बेहद कम रही। शिक्षक बच्चों को स्कूलों में लाने के लिए गांवों में तलाशते रहे। लेकिन, अधिकांश बच्चे नहीं मिल सके। जितने बच्चे स्कूल पहुंचे उनके सहारे ही शैक्षिक कार्य शुरू कराया गया। इधर, डीएम, एडीएम और बीएसए समेत जिले के अफसरों ने अपने निकटतम स्कूल जाकर बच्चों को तिलक लगाकर बड़े दुलार-प्यार से उनका स्वागत और अभिवादन किया। इस दौरान अफसरों ने बच्चों के साथ बैठकर शिक्षण कार्य को परखा और खुद भी पढ़ाया।

शासन ने 18 मई से 28 जून तक गर्मी के अवकाश की घोषणा की गई थी। एक जुलाई से कक्षा एक से आठ तक के स्कूल खोलने के निर्देश थे। जिले में संचालित 1508 परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले पौने दो लाख नौनिहालों के लिए सोमवार को उत्सव का आयोजन किया गया।

डीएम संजय कुमार, एडीएम ऋतु पुनिया और बीएसए अमित कुमार सिंह ने सदर तहसील के टाह पौटा के जूनियर हाई स्कूल में पहुंचकर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत की। डीएम संजय कुमार सिंह ने स्कूली बच्चों को तिलक लगाकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। डीएम ने ग्रामीण अभिभावकों से कहा कि वह अपने बच्चों को रोजाना स्कूल भेजें। शासन से डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खातों में बारह सौ की रकम जूता मोजा स्कूल ड्रेस आदि के लिए भेजी गई है। जिसका अभिभावक सदुपयोग करें। बीएसए अमित कुमार सिंह प्राथमिक विद्यालय पिपरिया अगरू में आयोजित प्रवेश उत्सव में सम्मिलित हुए। उन्होंने बच्चों को तिलक लगाकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। विद्यालय स्टाफ द्वारा अपने स्रोतों से बच्चों के लिए बनवाई गई डेस्क बेंच का उदघाटन भी किया। इस दौरान स्कूल में रोटरी क्लब की ओर से मेडिकल कैंप लगाया गया है। जहां बच्चों की जांच की गई। पहले दिन सभी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन में खीर एवं हलवा बच्चों को खिलाया गया।

लेकिन पहले दिन बच्चों की संख्या बेहद कम रही, लेकिन बच्चों के स्वागत के लिए कई स्कूलों में शिक्षकों ने रंगोली बनाई। कक्षाओं को शुरू करने से पहले शिक्षकों ने प्रार्थना सभा करते हुए शिक्षणेत्तर कार्य की शुरुआत की गई। स्कूल का संचालन का समय सुबह 7.30 बजे से 1.30 बजे तक रहा। जिसमें 12.30 बजे तक बच्चों की पढ़ाई कराई गई। जबकि शिक्षकों ने डेढ़ बजे तक काम निपटाया। हालांकि कुछ स्कूल में पहले दिन शिक्षक ही देरी से पहुंचे। इधर, बीएसए समेत सभी खंड शिक्षा अधिकारियों ने स्कूल पहुंचकर वहां औचक निरीक्षण किया।



बच्चों के साथ मौजूद अफसर। ● अमृत विचार

- पहले दिन जिले के अधिकांश स्कूलों में बच्चों की संख्या रही कम, शिक्षकों को दिए निर्देश



प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में बच्चों को माला पहनाकर स्वागत करते डीएम संजय कुमार।



प्राथमिक विद्यालय सुनगढ़ी में बच्चों को पढ़ाते शिक्षक। ● अमृत विचार





बच्चों का तिलक लगाकर अभिवादन करती एडीएम ऋतु पुनिया। ● अमृत विचार

### दोस्तों से मुलाकात होने पर बच्चे दिखे उत्साहित

गर्मी की छुट्टी के बाद स्कूल खुले तो अपने साथियों से मिलने के लिए छात्र-छात्राएं उत्साहित दिखे। अपने दोस्तों से मिलकर गर्मी की छुट्टी की यादें साझा की। इस तरह स्कूल का पहला दिन गपशप और मुलाकात में निकल गया। पहले दिन अधिकतर स्कूलों में बच्चों की संख्या कम रही। बच्चों ने आपस में दोस्तों से गर्मी की छुट्टी में बिताए दिनों को शेयर किया।



स्कूल की छुट्टी होने पर घर जाती छात्राएं।

### पहले दिन स्कूल में लौटे छात्र, तो आई रौनक

**मझोला, अमृत विचार :** शैक्षिक सत्र शुरु होते ही चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पहले दिन विद्यालय आगमन पर सभी छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर फूलों से उनका स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने विद्यालय के प्रवेश द्वार पर सभी भैया बहनों का तिलक चंदन लगाकर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि छात्र शक्ति को ही राष्ट्र की शक्ति कहा जाता है। विद्या एक ऐसा धन है, जिसकी कभी भी लूट नहीं हो सकती। यह धन परम सुख को जन्म देता है। पढ़ाई में कभी चूक न करें, क्योंकि इसी के आधार पर संसार के सामने आपके अस्तित्व का निर्माण होता है। पहले दिन सभी कक्षाओं में पढ़ाई कराई गई। जहां बच्चों ने कई दिनों के बाद अपने सहपाठियों से भी मुलाकात की।



पिपरिया अगरु में बच्चों के साथ खेल के माध्यम से जानकारी लेते बीएसए अमित कुमार।

### कोई माता-पिता तो कोई रिक्शा से पहुंचा स्कूल

सरकारी स्कूलों के साथ प्राइवेट स्कूलों के द्वार भी बच्चों के लिए सोमवार से खुले गए। बच्चे पहले दिन अपने माता-पिता और रिश्तेदार और रिक्शे की मदद से स्कूल पहुंचे। हालांकि नए एडमिशन में आए नन्हें मुन्ने बच्चों को पहले दिन परेशानी हुई। जिन्हें स्कूल में मौज मस्ती के बीच पढ़ाया गया। दोपहर को जब स्कूल छूटे हुए सड़कों पर पहले की तरह छात्र-छात्राओं की रौनक देखने को मिली।

### बच्चों को खिलाया हलवा और चना



**बरखेड़ा :** गांव गाजीपुर कुंडा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को छात्र प्रवेश एवं स्वागत उत्सव कार्यक्रम नोडल अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार की मौजूदगी में हुआ। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार गंगवार, प्रधानाध्यापिका मीना गंगवार व समस्त स्टाफ ने बच्चों का हलवा चना खिलाकर स्वागत किया। मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय में पौधे रोपित किए गए। गांव केशोपुर के कंपोजिट विद्यालय परिसर में नवनिर्मित भवन का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने उद्घाटन किया। माखनलाल वर्मा, ओमकार वर्मा, ज्ञान प्रकाश गंगवार, देवेंद्र कुमार वर्मा, राजेंद्र कुमार, हरीशंकर, राम बहादुर, तरुण दास, सुचि पचौरी, प्रज्ञा कुमारी राठौर, शिवानी गंगवार, फरहाना अंसारी, विक्रम पाल व अनीता राठौर आदि मौजूद रहे।

### नहीं मिली कक्षा एक और दो की किताबें

भले ही शैक्षिक सत्र शुरु हो गया हो, लेकिन कक्षा एक और दो के बच्चों को किताबें अभी तक नहीं मिल सकी है। ऐसे में बच्चे पहले दिन भी बिना किताबों के पढ़ाई की। आस पड़ोस के बच्चों से पुरानी किताबें लेकर उनसे अपनी पढ़ाई शुरु कर दी है। जबकि जिले में किताबें पहुंच चुकी है, लेकिन सत्यापन पूरा न हो पाने के कारण कक्षा एक और दो के बच्चे किताबों से वंचित बने हुए हैं। हालांकि स्कूलों में डीएम से लेकर कई अन्य बड़े अफसर भी स्कूलों में पहुंचे। लेकिन किताबों के लेकर किसी ने भी अपना जिक्र नहीं किया।

# ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर बनाई 10 दुकानों पर चला बुलडोजर

संवाददाता, बीसलपुर

- एसडीएम के नेतृत्व में की गई कार्रवाई, अवैध कब्जेदारों में हड़कंप

**अमृत विचार:** ग्राम समाज की जमीन पर एक दशक पूर्व कब्जा कर बनाई गई 10 दुकानों को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया गया। भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी के चलते कोई भी विरोध करने का साहस नहीं कर सका। कार्रवाई के चलते अवैध कब्जेदारों में खासा हड़कंप देखा गया। मामला बिलसंडा थाना क्षेत्र के पहाड़गंज का है।

बताते हैं कि गांव के मोहम्मद हफीज खां पुत्र अब्दुल अजीज ने करीब 10 साल पहले ग्राम समाजकी बंजर पड़ी भूमि पर कब्जा कर लिया था। कब्जा करने के बाद 10 दुकानों का भी निर्माण कराते हुए सभी किराए पर दे दिया। ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा कर दुकानें बनाने की शिकायत डीएम समेत आला अधिकारियों से की गई। अधिकारियों के निर्देश पर जांच की गई तो जमीन ग्राम समाज की निकली। इधर सोमवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एसडीएम महीपाल सिंह और एसओ बिलसंडा रणजीत सिंह पुलिस बल के साथ गांव पहाड़गंज पहुंचे। अधिकारियों की मौजूदगी में ग्राम समाज की जमीन पर बनी सभी 10 दुकानों को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया गया। कार्रवाई के चलते अवैध कब्जेदारों में हड़कंप देखा गया। एसडीएम महिपाल



अवैध कब्जा कर बनाई गई दुकानों पर चलता बुलडोजर।



अवैध कब्जा कर बनाई गई दुकानों पर चलता बुलडोजर। ● अमृत विचार

# एमएड प्रथम वर्ष में प्रिया, द्वितीय वर्ष में अभिनव रहीं अव्वल

**पीलीभीत, अमृत विचार:** स्प्रिंगडेल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज का एमएड प्रथम व द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा घोषित कर दिया गया। एमएड प्रथम वर्ष में प्रशिक्षु प्रिया सोनी ने 79.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम, प्रशिक्षु कृष्ण गोपाल शर्मा ने 79.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय, प्रशिक्षु प्रिया सक्सेना ने 78.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं एमएड द्वितीय वर्ष में प्रशिक्षु अभिनव तिवारी ने 80.92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम, आलिया मुजीब ने 78.38 प्रतिशत अंक प्राप्त का द्वितीय और निमरा रसूल ने 78.23 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यकारी निदेशक डॉ. हेमन्त जगोता ने विद्यार्थियों को आशीष वचन दिए। कहा कि आपकी मेहनत का सार्थक परिणाम आपके सामने है। आपके अन्दर अपार क्षमताएं और ऊर्जा मौजूद है।

यह संस्थान आपको अध्ययन के लिए और आपके परीक्षा परिणाम को और अधिक बेहतर बनाने के लिए अधिक सुविधाएं देता रहा है और आगे भी देगा। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. इलयास अहमद, प्रोफेसर डॉ. अतुल कुमार, शिव शंकर, शाहिद खान, कासिम सिद्दिकी, प्रदीप कुमार, डॉ. सुमन जौहरी, श्रद्धा सिंह, संगीता गंगवार, अंग्रेज कौर आदि मौजूद रहे।



प्रिया सोनी।



अभिनव तिवारी।

# लापरवाही पर बीडीओ ने सचिव को थमाया कारण बताओ नोटिस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पंचायत सचिव की लापरवाही से इंदिरा आवास लाभार्थियों का नहीं हो सका पंजीकरण
- बरखेड़ा ब्लाक क्षेत्र का मामला बीते दिनों अधिकारियों से की गई थी शिकायत पर की कार्रवाई

**अमृत विचार:** उच्चाधिकारियों की दो-दो बार वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद भी सचिव ने मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का पंजीकरण नहीं किया। आवास योजना से संबंधित बैठक में सचिव नदारद रहे। यही नहीं एक महिला लाभार्थी के आवेदन संबंधी अभिलेख ग्राम प्रधान ने सचिव के घर से लाकर कार्यालय में जमा करवाए। सचिव की इस लापरवाही पर खंड विकास अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

मामला बरखेड़ा विकासखंड का है। शासन ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की विभिन्न श्रेणियों में आने वाली महिला लाभार्थियों के पंजीकरण18 जून तक आवास सॉफ्ट पोर्टल पर करने के निर्देश दिए थे। इससे पूर्व 11 जून को पीडी ने वीसी के माध्यम से पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। ब्लाक परिसर में अगले ही दिन बीडीओ ने बैठक की। बैठक में पंचायत सचिव राजा तोमर नदारद रहे। पंजीकरण की निर्धारित अंतिम तिथि पर भी पंचायत सचिव से कोई संपर्क नहीं हो सका। इस कारण पंचायत सचिव की आवंटित पंचायतों में आवास योजना के लाभार्थियों की सत्यापन रिपोर्ट भी कार्यालय को नहीं प्राप्त हो सकी। हालांकि उसी दिन पंचायत सचिव ने बीडीओ के समक्ष उपस्थित होकर सूची उपलब्ध कराने की बात कही, लेकिन इसके बाद भी सूची उपलब्ध नहीं कराई गई।

18 जून को ही पीडी ने वीसी के माध्यम से 24 जून तक प्रत्येक दशा में पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। पंचायत सचिव ने 24 जून को भी पंजीकरण फार्म उपलब्ध नहीं कराए गए। इतना ही नहीं पंचायत सचिव ने एक महिला लाभार्थी के प्रपत्र तैयार होने के बाद भी कार्यालय में जमा न कर घर में ले जाकर रख लिए। मामला संज्ञान में आने पर ग्राम प्रधान ने अभिलेख सचिव के घर से लाकर कार्यालय में जमा कराए। पंचायत सचिव राजा तोमर की इस लापरवाही पर खंड विकास अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया कि यदि भविष्य में कोई कोई भी पात्र आवास योजना से वंचित रह जाता है तो उसका पूर्ण दायित्व सचिव का होगा।

# सीएचसी की अव्यवस्थाओं को लेकर दिया धरना

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** सीएचसी में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर व्यापारी नेता संग तमाम लोगों ने धरना दिया। व्यापारी नेता ने एमओआईसी और स्टाफ पर कई गंभीर आरोप लगाए। एसडीएम के समझाने पर धरना समाप्त किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आए दिन स्टाफ पर लापरवाही के आरोप लग रहे हैं। महिलाओं के प्रसव के दौरान भी मनमानी की जा रही है। सोमवार को व्यापारी नेता विजयपाल विक्की सीएचसी पहुंचे और सीएमओ सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए धरने पर बैठ गए। व्यापारी नेता ने कहा कि अस्पताल में अव्यवस्थाएं पूरी तरह हावी हैं।

मरीजों की कोई सुनने वाला नहीं है। गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी में खेल किया जा रहा है। उन्होंने कहा जो कर्मचारी अस्पताल में काम कर रहे हैं। उनका तबादला कर दिया गया। इससे समस्याएं और विकराल हो जाएंगी।

आरोप है कि कस्बे में अवैध रूप से क्लीनिक और अस्पताल चल रहे हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई नहीं कर रहा है। व्यापारी नेता के दर्जनों लोगों के साथ धरने पर बैठने की जानकारी लगते ही एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला अस्पताल पहुंचे और व्यापारी नेता को कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसडीएम के समझाने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। इस मौके पर विमल सिंह, जमील खां, अंकुर गुप्ता, अंकित, राजू यादव रहमत शाह, शंकर, विशाल, असलम खां, छोटे, बाबू, राजू खंडेलवाल, संजीव आदि थे।



पूरनपुर सीएचसी में धरने पर बैठे व्यापारी। ● अमृत विचार

- एसडीएम के समझाने पर माने व्यापारियों ने धरना समाप्त किया

## आशाओं ने समस्याओं के निस्तारण के लिए सीएमओ को भेजा ज्ञापन



**पूरनपुर।** आशाओं ने गांधी पार्क में एकत्र होकर समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान जेएसवाई और वंदना योजना से संबंधित समस्याओं पर विचार विमर्श करने के बाद सात सूत्रीय ज्ञापन सीएमओ को भेजा गया। सोमवार को आशा कार्यकत्री संगठन की जिलाध्यक्ष इदरीसन के नेतृत्व में कस्बे के गांधी पार्क में एकत्र हुई। उन्होंने सात सूत्रीय ज्ञापन मुख्य चिकित्साधिकारी को भेजा। इसमें कहा गया कि आशाओं की प्रोत्साहन राशि से की गई 15 दिन की कटौती वापस की जाए। जेएसवाई का के रुपये में बढ़ोत्तरी नहीं की गई। इसके अलावा राज्य सरकार की ओर की गई 1500 रुपये बढ़ोत्तरी भी दिलाने की मांग की गई। आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने में जी-तोड़ मेहनत के बावजूद रुपये नहीं दिए गए। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत जमा किए गए फार्म पोर्टल पर नहीं चढ़ाए गए। इससे आशाओं को भविष्य में परेशानी उठानी पड़ सकती है। इस दौरान मोहिनी वर्मा, मंजू देवी, शकुंतला, पार्वती, शिखा सक्सेना, दुर्गा देवी, गायत्री शर्मा और जुबैदा आदि मौजूद रहीं।

## वेतन विसंगति की मांगों को लेकर दिया जाएगा ज्ञापन

**पीलीभीत, अमृत विचार :** संयुक्त एनएचएम कर्मचारी संघ की मासिक बैठक का आयोजन सोमवार को किया गया। मंडल महामंत्री ब्रजेश केम के निर्देशन में विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य रूप से प्रदेश स्तर पर स्थानांतरण प्रारंभ किए जाने एवं वेतन विसंगति को लेकर मंथन किया।

तीन जुलाई को मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन डीएम को सौंपने की रणनीति बनाई गई। जिसमें समस्त एनएचएम कर्मचारी शामिल रहेंगे। जिसमें मुख्य रुप से वेतन विसंगति को रखा जाएगा। जिला अध्यक्ष शेर सिंह चौहान ने बताया कि अगले 15 कार्य दिवस में मांग पत्र पर कार्यवाही प्रारंभ न होने की स्थिति में संगठन आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। जिला संयोजक अमरेश, महामंत्री अमित कुमार देवदत्त गंगवार, दीपेंद्र सिंह, राजेश कुमार ,दिनेश बाथम,,अनामिका श्रीवास्तव,अतुल ,मोहन लाल आदि उपाथित रहे।










**आज का मौसम**

आसमान में धूप खिली रहेगी।

32.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

## पीडब्ल्यूडी के तीन बाबू गैरजनपद स्थानांतरित

पीलीभीत। लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड में तैनात तीन वरिष्ठ सहायकों के तबादले गैर जनपद कर दिए गए। मुख्य अभियंता एसपी सिंह द्वारा जारी आदेश के मुताबिक लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड में तैनात वरिष्ठ सहायक बालकराम उर्फ बाल प्रकाश को प्रांतीय खंड शाहजहांपुर, फूलबाबू को निर्माण खंड शाहजहांपुर और वरिष्ठ सहायक पूरन सिंह को निर्माण खंड-2 बरेली भेजा गया है। मुख्य अभियंता ने अधिशासी अभियंता को सभी वरिष्ठ सहायकों को तत्काल कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए हैं।

# ... तो इसे नगर पालिका नहीं सेहत विनाशिका कहिए

### वाटर वर्क्स में लगा दिए कूड़े-कचरे और मेडिकल वेस्ट के ढेर, खतरनाक रिसाव पाइप लाइन तक पहुंचने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पाइप लाइन में लीकेज से पहुंच रहा गंदा पानी, जिम्मेदार नहीं करा पाए समाधान

**अमृत विचार :** हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के नाम पर भले ही सरकार करोड़ों खर्च कर रही है लेकिन शहर के लोग नगर पालिका की पेयजल सप्लाई से दूर ही रहें तो उनकी सेहत के लिए बेहतर रहेगा। जिस वाटर वर्क्स कैंपस में बने जिस ओवरहैड टैंक और अंडरग्राउंड टैंक से पीने के पानी की सप्लाई हो रही है, वहीं नगर पालिका ने कूड़ा-कचरे के साथ खतरनाक मेडिकल वेस्ट के ढेर लगा रखे हैं। इस ढेर से रिसने वाला पानी टैंक में पहुंचने से पूरे शहर में संक्रमण फैलने की आशंका है लेकिन नगर पालिका प्रशासन फिर भी बेपरवाह बना हुआ है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा नगर पालिका की ओर से सप्लाई किए गए जिस पानी को लाखों लोग पी रहे हैं, उस पर यह लापरवाही बता रही है कि नगर पालिका पर कब्जा जमाए बैठे जिम्मेदारों को शहरवासियों की सेहत की कितना चिंता है। कूड़े का ढेर वाटर वर्क्स में क्यों लगाया गया है, इसका जवाब कोई नहीं दे पा रहा है। कई जगह पानी की पाइप लाइन में लीकेज है, जिसके जरिए गंदा पानी पाइप लाइन में पहुंचने की साफ आशंका है।



वाटर वर्क्स में लगा गया नालों से निकली गंदगी का ढेर। ● अमृत विचार

**पूर्व में गंदे पानी की मिल चुकी हैं शिकायतें**

शहर में डाली गई पाइप लाइन जगह-जगह लीकेज हो रखी है। जिस वजह से लाइन में नालियों का गंदा पानी पहुंच रहा है। आलम यह है कि शहर के एल एच शुगर फैक्ट्री रोड, बल्लभनगर कॉलोनी, राजाबाग, डालचंद, बाग गुलशेर खां, आसफजान, खुशीमल समेत विभिन्न स्थानों पर लीकेज की समस्या पूर्व में हुई थी। यह पाइप लाइन नालियों के बीच से होकर गुजर रही है। जिस वजह से लीकेज होने से गंदा पानी घरों में पहुंच रहा था। कुछ माह पहले मोहल्ला देश नगर में पानी की टंकी से कीचड़ निकालने का मामला भी सामने आ चुका है। जिससे ठीक तो करा दिया गया। मगर जहां से गंदा पानी पहुंच रहा था वहां समस्या जस की तस बनी हुई है।

**दूषित पानी पीने से होते हैं यह रोग**

- मेडिकल कॉलेज के डा. रमाकांत सागर ने बताया कि सल्फर युक्त पानी पीना शरीर में कुष्ठ रोग को बढ़ाता है। वहीं आर्सेनिक शरीर को कमजोर तो करता ही है साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता को घटाता है। पीने वाले जल में फ्लोराइड बढ़ने से फ्लोरोसिस होता है और हड्डियां गलने लगती हैं। दूषित पानी से पीलिया, कुष्ठ, किडनी, लीवर, शोध, डायरिया, फाइलेरिया, घेंघा और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। अगर, इस तरह की दिक्कत परेशानी होती है और आरओ नहीं लगा है तो पानी उबालकर ठंडा करने के बाद पीना चाहिए। दूषित पानी की वजह से जिला अस्पताल में इस तरह की बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है।

शहर में शुद्ध पेयजल घर-घर पहुंचाने के लिए वर्ष 2018 में अमृत योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए शासन ने 36 करोड़ का बजट दिया था। जिसमें नगर पालिका, मीना बाजार, वाटर वर्क्स में ओवरहेड टैंक के अलावा 63 किमी पाइप लाइन बिछानी है। जल निगम की ओर से बनाए गए यह ओवरहैड टैंक और पाइप लाइन मानक के अनुरूप है या नहीं तत्कालीन एडीएम राम सिंह ने अपनी जांच में इसे मानक के अनुरूप नहीं बनाना पाया था। इधर, शहर में वाटर वर्क्स में दशकों से कूड़ा उठाने वाले वाहन खड़े होते हैं। जहां अब पानी की सप्लाई देने के लिए दो टैंक बनाए गए हैं। यहां से शहर के मोहल्ला बेनी चौधरी, डालचंद, मोहम्मद फारुख, पंजाबियान, फीलखाना, बाग गुलशेर खां, तखान समेत करीब दर्जनभर से अधिक मोहल्लों में पानी की सप्लाई होती है।



पानी की टंकी के पास लगा कूड़े का ढेर।

> ओवरहेड टैंक के पास अगर गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। तो यह गलत है। इस मामले में नगरपालिका के जिम्मेदारों को तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए गए हैं। खुद भी मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाएगा। पानी सप्लाई को लेकर जनहित से जुड़ी हुई है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
> **-ऋतु पुनिया, एडीएम राजस्व एवं वित्त**

जबकि नियम है जहां पानी से संबंधित संसाधन लगे होंगे। वहां पर सुरक्षा के साथ ही साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। बावजूद गंदगी के ढेर खुद पालिका के जिम्मेदारों ने लगा रखे हैं। जिस वजह से मेडिकल कॉलेज से लेकर निजी अस्पताल की ओपीडी में

# आबादी में पहुंचा गंदा पानी महिलाओं ने किया प्रदर्शन



नाला निर्माण न होने पर प्रदर्शन करती महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

- हबीबगंज गौटिया में कई महीने से गंदा पानी भरा होने की वजह से बढ़ा बीमारियां फैलाने का खतरा
- अधिकारियों से शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं होने से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी

**अमृत विचारः** नाला बंद होने से गंदा पानी प्लॉट में भरने से तालाब में तब्दील हो गया। आबादी के पास भरे गंदे पानी से संक्रमित बीमारियों के फैलाने की आशंका बनी हुई है। कई बार शिकायत के बाद भी नाला नहीं बनवाया गया। भाजपा नेत्री के साथ कई महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जताई।

शेरपुर रोड पर पूरनपुर देहात ग्राम पंचायत की हबीबगंज गौटिया में आधा अधूरा नाला बना हुआ है। पुलिया के आगे नाला बंद है। उसे बनवाने की जहमत नहीं उठाई गई। अधूरे नाले में पीछे से एक बड़ी आबादी के घरों का पानी आता है। नाला बना न होने से पानी आगे न जाकर पास के प्लॉट में कई महीनों से भर रहा है। जिससे लंबा चौड़ा प्लॉट तालाब में तब्दील हो गया। उसके पास रहने वाली आबादी प्लॉट में भर रहे दूषित गंदे पानी से परेशान हैं। इसको लेकर कई बार ग्राम प्रधान, बीडीओ एसडीएम आदि से शिकायत की गई लेकिन नाला नहीं बनाया गया। बरसात होने पर प्लॉट में भरा पानी आबादी में घुसने लगा। गंदे पानी से संक्रमित बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष प्रियंका मिश्रा के नेतृत्व में महिलाओं ने समस्या का समाधान न होने पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रियंका मिश्रा ने बताया कि घरों के पास दूषित पानी के भरा होने से संक्रमित बीमारियां फैल रहीं हैं। इसके बावजूद नाला नहीं बनाया जा रहा। इस दौरान महिलाओं ने ग्राम प्रधान के खिलाफ नारेबाजी भी की। प्रदर्शन के दौरान नगर महामंत्री दीपा गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष निर्मल गुप्ता, सुमन देवी, गुड्डी देवी, शिवांगी, सोनी, मधु देवी, माया देवी, कामिनी, मनोज मिश्रा, रिंकू शर्मा, अमित गुप्ता नत्थू लाल मनोज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# लेखपाल की शह पर दबंग कर रहे जमीन कब्जाने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



इसी जमीन को लेकर चल रहा है विवाद।

- चोरी से खेत पर लगे 59 पेड़ काटने का आरोप, विरोध किया तो परिवार पर बोला हमला
- पुलिस अधीक्षक और वन विभाग के अधिकारियों से ग्रामीण ने की शिकायत, न्याय मांगा

**अमृत विचारः** अभी कुछ दिन पहले ही सदर तहसील के एक लेखपाल को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते रंगेहाथ धरा था। ये मामला अभी शांत नहीं हो सका था कि एक अन्य महिला लेखपाल और कानूनगो पर ग्रामीण का खेत कब्जा कराने की कोशिश करने का आरोप लगा है। आरोप है कि कानूनगो और लेखपाल की शह पर कुछ कथित भूमाफिया किस्म के लोग उसके परिवार पर जमीन छोड़ने का दबाव बनाते हुए हमला कर रहे हैं और उसकी कहीं सुनवाई नहीं हो सकी है। अधिकारियों से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम संतोषपुरा के रहने वाले सीताराम ने वनाधिकारी और एसपी से की गई शिकायत में बताया कि वह अनसूचित जाति के हैं। गांव के ही एक व्यक्ति व उसके दो पुत्र 26 जनू को दोपहर तीन बजे कानूनगो और लेखपाल के साथ उसके खेत पर पहुंचे। खेत पर जबरन कब्जा कराने की कोशिश की गई। दोनों जिम्मेदारों की शह पर आरोपी धमकाने लगाने। मकान पर बुल्डोजर चलवाने और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। जमीन छोड़ने का दबाव बनाते रहे। 26 जून की रात करीब आठ बजे आरोपी ने दस अज्ञात साथियों की मदद से पीड़ित के खेत पर लगे यूकेलिप्टिस के 55 और सागौन के चार हरे भरे पेड़ भी काट लिए। इसकी जानकारी लगने पर जब खेत पर गए और विरोध किया तो आरोप है कि उक्त ग्रामीण ने तमंचा, कुल्हाड़ी और बांका से हमला कर दिया। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया गया। मारपीट में पीड़ित के अलावा परिवार की सरोज कुमारी, माया देवी को भी चोट आई। आरोपी लगातार मासरने की धमकी दे रहे हैं। जमीन पर कब्जा करनाचाहते हैं।

**सुनगढ़ी पुलिस ने नहीं की सुनवाई**

पीड़ित ने सुनगढ़ी पुलिस पर भी आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि घटना की सूचना सबसे पहले 112 नंबर पर कॉल करके दी गई थी। इसके बाद थाना सुनगर्इ.पहुंचकर तहरीर दी गई। मगर आज तक प्रार्थना पत्र पर सुनवाई नहीं हो सकी है। उधर, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन पांडेय का कहना है कि इस पक्ष का तूदाबंदी का आदेश हुआ था, पालन करा दिया गया था। मारपीट और पेड़ काटने से जुड़ा मामला मेरे संज्ञान में नहीं है।

## दहेज मांग पूरी नहीं होने पर पत्नी को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला शेर मोहम्मद की रहने वाली हुस्ना बी की ओर से दर्ज की गई रिपोर्ट में बताया कि आठ साल पूर्व उसकी शादी उत्तराखंड के खटीमा थाना क्षेत्र के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी मोहम्मद रिहान से हुई थी।

परिजनों ने हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया, लेकिन उससे पति खुश नहीं था। आरोप है कि शुरुआत से ही दहेज में बुलेट, सोन की चैन और दो लाख रुपये की मांग की जा रही थी। कुछ समय बाद पुत्री का जन्म हुआ, लेकिन फिर भी पति प्रताड़ित करता रहा। पिता को बताने पर उन्होंने गरीबी का हवाला देकर बीस हजार रुपये का इंतजाम कर पति को दिए। आरोप है कि इसके बाद भी 12 फरवरी 2024 को पति ने मारपीट की और मायके छोड़ गया। इसके बादमायके आकर भी मारपीट की। पुलिस ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# गोमांस तस्कर की 1.24 करोड़ की संपत्ति कुर्क

संवाददाता, बीसलपुर



कुर्क किया गया मकान।



कुर्की कार्रवाई के दौरान डुगडुगी पिटवाती पुलिस। ● अमृत विचार

- बीसलपुर पुलिस ने की कार्रवाई, एसडीएम को बनाया प्रशासक

**अमृत विचारः** शातिर गोमांस तस्कर पर पुलिस ने आखिरकार शिकंजा कस दिया है। जिला मजिस्ट्रेट के निर्देश पर उसकी एक करोड़ 24 लाख रुपये की संपत्ति दुकान और मकान को कुर्क किया गया। इस संपत्ति का प्रशासक एसडीएम बीसलपुर को नियुक्त किया गया है। पुलिस की कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा।

ग्राम मीरपुर वाहनपुर का रहने वाला शाहिद उर्फ मल्लू पुत्र छोटे कुरैशी पुलिस रिकार्ड में शातिर गोमांस तस्कर है। उसपर गोकशी के कई मुकदमे दर्ज हैं। उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। वह गिरोह बनाकर गोकशी करके संपत्ति अर्जित करता है।

उसके खिलाफ शिकंजा कसा गया। सोमवार को पुलिस ने जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर उसके मकान और दुकान को कुर्क कर लिया। इसकी कीमत 1.24 करोड़ बताई गई है। डुगडुगी पिटवाकर इसकी जानकारी आसपास के ग्रामीणों को दी गई। जिसे लेकर भीड़ जमा रही। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि मकान दुकान के अलावा ट्रैक्टर, बोलेरो, तीन बाइक आदि कुर्क की गई है। आरोपी शातिर गोमांस तस्कर है। उस पर कुर्की कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई के दौरान एसडीएम महिपाल सिंह, सीओ प्रतीक दहिया मौजूद रहे।

**गैंगस्टर की संपत्ति की जांच करने पहुंची पंजाब पुलिस**

**पूरनपुर।** पंजाब में आरोपी पर की गई गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के बाद उसकी संपत्ति की जांच करने के लिए पंजाब पुलिस पूरनपुर पहुंची। गैंगस्टर के आरोपी ने दूसरे व्यक्ति के नाम से जमीन खरीदी है जांच पड़ताल करने के बाद टीम वापस लौट गई। पंजाब के अमृतसर जिले के रहने वाले आरोपी पर पुलिस ने हाल ही में गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस गैंगस्टर के आरोपी की संपत्ति की जांच कर रही है। पंजाब पुलिस को जानकारी लगी कि आरोपी ने पूरनपुर क्षेत्र के गांव नदाह में दूसरे व्यक्ति के नाम से कुछ जमीन खरीदी है। इस पर सोमवार को अमृतसर पुलिस पूरनपुर पहुंची। पूरनपुर कोतवाली पुलिस से आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई। उसके बाद मौके पर जाकर हकीकत जानी। जांच पड़ताल के बाद पुलिस पंजाब लौट गई। कस्बा इंचार्ज प्रद्युमन कुमार ने बताया कि गैंगस्टर के आरोपी की संपत्ति की जांच के लिए पंजाब पुलिस पहुंची थी।

## बिलसंडा व गजरौला में नए कानून के तहत दर्ज हुई एफआईआर

**पीलीभीत/बीसलपुर, अमृत विचारः** युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में सोमवार को पहले दिन गजरौला थाने में नए कानून के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में क्षेत्र के एक ग्रामीण ने बताया कि गांव का एक युवक उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए गजरौला पुलिस ने नए कानून के तहत धारा 87 में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। दूसरा मामला बीसलुपर का है। यहां भी बीसलपुर पुलिस ने नए कानून के तहत एफआईआर दर्ज की है। यह मामला एक महिला के खेत से जबरन ट्रैक्टर निकालकर फसल खराब करने और विरोध पर मारपीट से जुड़ा था। आरोप पुलिस में शिकायत करने पर काफी समय से पीड़िता को धमकी दे रहे थे।

ग्राम खुठराया की मनोज कुमारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके खेत में धान की फसल लगी है। जिसमें से गांव के लालाराम ने ट्रैक्टर निकाल दिया। इससे उसकी काफी फसल नष्ट हो गई। जानकारी लगने पर वह जब शिकायत लेकर गई तो आरोपी ने उनसे अभद्रता करते हुए अपने साथी सुनील कुमार और राजीव को बुला लिया और फिर उनके साथ मिलकर मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने पत्थर भी मारे। आसपास के लोग जमा होने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ नए कानून के तहत धाराएं लगाकर रिपोर्ट दर्ज की है।

# अनूप अग्रवाल को फिर मिली व्यापार मंडल की कमान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- लखनऊ में रविवार को हुआ था चुनाव, सर्वसहमति से मुहर लगने के बाद संगठन ने दी बधाई

**अमृत विचार :** जिले में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की कमान संभाले रहे अनूप अग्रवाल पर संगठन ने एक बार फिर भरोसा जताया है। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने उन्हें दोबारा से जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिस पर संगठन के लोगों ने उनका फूल माला पहनाकर उनका स्वागत और अभिवादन किया।

रविवार को लखनऊ में प्रांतीय चुनाव चारबाग स्थित कार्यालय में हुआ। जिसमें बतौर मुख्यअतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शामिल हुए। जहां व्यापारियों को एकजुट करने के लिए चर्चा की गई। इसके बाद चुनाव कराया गया।

जहां संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने जिले में अनूप अग्रवाल को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। शैली अग्रवाल ने भी जिला महामंत्री पद पर कब्जा बरकरार रखा। बता दें कि पहले भी जिले में संगठन की कमान यहीं दोनों संभाल रहे थे। इनके अलावा संजय गुप्ता को नगर अध्यक्ष, अलाउददीन अंसारी को नगर महामंत्री मनोनयन किया। राकेश वर्मा युवा विंग के नगर अध्यक्ष, निमित्त अग्रवाल नगर महामंत्री बनाए गए। वहीं उपाध्यक्ष फराज शाह खान, नगर वरिष्ठ मंत्री सईद अहमद अल्वी, नगर मंत्री ताहिर अली, नगर मंत्री मोइन खान, कानूनी सलाहकार देवेंद्र कश्यप को बनाय गया है। सभी का फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।




प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछला के साथ लखनऊ में मौजूद जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल और संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# रिश्वतखोरी के लगे आरोप तो बिलसंडा से हटाकर न्यूरिया भेज दिया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


फार्मासिस्ट से एमओआईसी ने की अभद्रता ऑडियो वायरल, सीएमओ ने दोनों को हटाया

मुख्यालय से दवाइयां लेकर सीएचसी लौटे फार्मासिस्ट के वाहन का किराया मांगने पर हुई नोकझोंक

अमृत विचार में प्रकाशित खबर की पीडीएफ।


दो लाख नहीं दिए इसलिए सील कर दिया अस्पताल

बरखेड़ा के सिद्धि विनायक अस्पताल के मालिक ने एमओआईसी पर खुला आरोप लगाकर डीएम से की शिकायत

अमृत विचार में प्रकाशित खबर की पीडीएफ।

- फार्मासिस्ट से अभद्रता करने वाले एमओआईसी पर भी मेहरबानी बिलसंडा सीएचसी में दी तैनाती

**अमृत विचार :** शासन की ओर से चली तबादला एक्सप्रेस से पहले ही जिले में सीएमओ ने भी अपनी तबादला एक्सप्रेस चला दी है। जिसमें सभी सीएचसी प्रभारियों को इधर से उधर कर दिया। जिससे स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई है। इधर से उधर करने में आलम यह रहा कि बिलसंडा में सीज हुए एक अस्पताल के संचालक की ओर से लगाए गए रिश्वतखोरी के आरोपों के बाद बिलसंडा के सीएचसी अधीक्षक डॉ.मनीष राज शर्मा को वहां से हटा दिया गया है। हालांकि उन्हें इसी पद पर न्यूरिया सीएचसी में जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि अमरिया में फॉर्मासिस्ट से अभद्रता करने में घिर चुके डॉ.आलमगीर को सीएचसी अधीक्षक बिलसंडा बनाया गया है।

बीते दिनों शासन से सीएमओ को छह नए डॉक्टर मिले हैं। इसके बाद शनिवार देर रात सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने जिले की आठ सीएचसी के प्रभारियों को इधर से उधर कर दिया है। जिनमें सबसे पहले बिलसंडा सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनीष राज शर्मा को बिलसंडा से हटाकर न्यूरिया सीएचसी अधीक्षक बनाया गया है। बताया जा रहा है कि बीते दिनों बिलसंडा में सिद्धि विनायक अस्पताल के संचालक डॉ. अरविंद कुमार ने दो लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। जिसकी जांच भी चल रही है। चर्चा है कि इसके चलते ही उन्हें बिलसंडा से स्थानांतरण किया गया है। उनके स्थान पर अमरिया सीएचसी अधीक्षक डॉ. आलमगीर को भेजा गया है।

वैसे तो अमरिया में तैनाती के दौरान डॉ.आलमगीर पर 23 मई को फार्मासिस्ट राजीव कुमार से अभद्रता करने का आरोप लगा था। वाहन किराया देने को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस दौरान उनका एक ऑडियो वायरल हुआ था। जिसमें सीएचसी अधीक्षक डॉ. आलमगीर ने फार्मासिस्ट राजीव के दिमाग ठिकाने लगाने की धमकी दे डाली थी। इस मामले में भी सीएमओ की ओर से जांच की गई। मगर कार्रवाई शून्य रही। हालांकि अभी दोनों ही ज्वाइन नहीं किया है। इधर, न्यूरिया सीएचसी में डॉ. मनीष को प्रभारी बनाने के बाद वहां तैनात सीएचसी अधीक्षक डा. सहिसपाल को पूरनपुर भेजा गया है।

जबकि अमरिया सीएचसी में डॉ. अनिकेत सिंह को अधीक्षक की जिम्मेदारी मिली है। पूरनपुर में तैनाती के दौरान डॉ.अनिकेत पर भी कई आरोप लग रहे थे। बरखेड़ा सीएचसी से डॉ . लोकेश गंगवार को बीसलपुर सीएचसी भेजा गया है। बीसलपुर से डॉ. लेखराज को बरखेड़ा सीएचसी का अधीक्षक बनाया है। अब अन्य पदों पर तबादलों के भी कयास लगाए जा रहे हैं। जिस पर अटकलें बनी हुई हैं। इनके अलावा शासन स्तर से प्रयोगशाला लैब सहायक ललित कुमार मिश्र को तबादला सीतापुर और नर्स में स्वाति शर्मा को बरेली जिला अस्पताल में स्थानांतरण किया गया है।

> लंबे समय से तैनात एमओआईसी को जिला स्तर पर इधर से उधर किया गया है। ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार आ सके। सभी को अपने स्थानांतरण वाली जगह पर ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए हैं। **- डॉ . आलोक कुमार** सीएमओ

**दोनों आरोपों में चल रही हैं जांच**

फॉर्मासिस्ट राजीव से अभद्रता करने वाले और बिलसंडा में अस्पताल सीज होने के बाद दो लाख रुपये की रिश्वतखोरी के आरोप में घिरे दोनों चिकित्सकों का स्थानांतरण कर दिया गया है। मगर अभी उन पर लगे आरोपों को लेकर दोनों ही मामलों में जांच चल रही है। जिसका परिणाम अभी तक सामने नहीं आ सका है। इतना ही नहीं दो लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाने वाले डा. अरविंद कुमार को मौके पर बुलाकर उनके बयान तक दर्ज नहीं किए गए हैं। वहीं जिस मामले में ऑडियो वायरल हुआ था। उस तक में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिस पर संशय बना हुआ है।

## आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने वाले डाक कर्मी सम्मानित



सम्मानित किए गए डाककर्मी व अन्य। ● अमृत विचार

**बीसलपुर, अमृत विचारः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय डाक कर्मचारी दिवस डाक कार्यालय में मनाया। इस दौरान डाक कर्मचारी, पोस्टमैन सम्मानित किए गए।

सह विभाग कार्यवाह बरेली भद्रपाल गंगवार ने कहा कि डाक कर्मचारी सतत बिना किसी अवरोध, विषम परिस्थितियों में गर्मी, धूप, सर्दी, बारिश लू सभी ऋतुओं में समाज की अंतिम कड़ी तक अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। समाज के रिश्तों को जोड़ने, उन्हें जीवित रखने में एक महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। डाक कर्मचारियों द्वारा समाज के बड़े छोटे सभी स्तर तक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। डाक विभाग आज समय के साथ आगे चलते हुए अन्य बैंकों की तरह डिजिटल रूप से भी अग्रसर हुआ है।

वैसे ही सुविधाएं प्रदान करने की और अग्रसर है। कार्यक्रम में पोस्टमास्टर रविराज पाठक ,हरिओम गंगवार, चंदन ,मुस्तकीम चिश्ती, सज्जाद, वेदपाल गंगवार, प्रवीण कुमार, प्रदीप कुमार, अनुज आदि को अंगोछा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सह विभाग कार्यवाह अंकुर गुप्ता, जिला व्यवस्था प्रमुख मुकेश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
गंगवार हॉस्पिटल
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
इमरजेंसी 24 घण्टे
प्रतिदिन ओपीडी
प्रातः 10 बजे से 02 बजे
सायं 8 बजे से 9 बजे तक
अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
OMPC सोसाइटी चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रुप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
आँवला IFFCO HOSPITAL
मंगलवार
समय 4.30 से 6.30 बजे तक

नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्टलेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
- 24 घंटे के अन्दर
- 14 दिन के बाद भी
- हथेली व तलुवे का भी पीला होना
- Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)



कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज
मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग ) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।
ADMISSION OPEN
AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified
PHARMACY
B. Pharma
बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma
डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
NURSING
B.Sc. Nursing
बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में
सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)
कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com



KOPAL HOSPITAL BAREILLY
NABH PRE ACCREDITED
कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL
डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm
डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm
डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm
डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm
डॉ. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405


# कानून अब सख्त है...दायरे में रहकर करें काम

## पुलिस लाइन में एसपी, कोतवाली और सुनगढ़ी में एडीएम, एएसपी ने पढ़ाया नए कानून का पाठ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


थाना सुनगढ़ी में नए कानून पर विचार रखती चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल।


कोतवाली परिसर में नए कानून की जानकारी देते सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर।

अमृत विचार : केंद्र सरकार ने 51 साल पुरानी भारतीय दंड संहिता की जगह भारतीय न्याय संहिता को एक जुलाई से लागू कर दिया गया है। लोगों को इसके प्रति जागरुक करने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से पुलिस लाइन समेत समस्त थानों में पाठशाला का आयोजन किया गया। संभ्रात नागरिकों को इन धाराओं से एलईडी पर प्रसारण दिखाया गया।

पुलिस लाइन में एसपी अविनाश पांडे ने कहा कि नए कानून के तहत पुलिस और न्याय की प्रक्रिया में तेजी आएगी। लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। रिपोर्ट दर्ज होने से लेकर चार्जशीट और न्यायालय प्रक्रिया में काफी बदलाव आएगा। इसके लिए नए कानून में 45 धाराओं को जोड़ा गया है। पीड़ित को बेवजह चक्कर न काटने पड़े, इसके लिए भी न्याय प्रणाली में प्रौद्योगिकी का बेहतर समावेश किया गया है। जिसमें ई एफआईआर से लेकर समन, नोटिस के अलावा न्यायालय में

- **सिटी मजिस्ट्रेट समेत कई अफसर रहे मौजूद, एलईडी स्क्रीन पर किया प्रसारण**

ई बयान, इलेक्ट्रानिक माध्यमों से गवाहों, अभियुक्तों, विशेषज्ञों व पीड़ितों की उपस्थिति हो सकेगी। कार्यक्रम के बाद पुलिस लाइन परिसर में एसपी अविनाश पांडेय ने शहर निवासी दिव्यांग कमलशर्मा से पौधरोपण कराया। इधर, कोतवाली और सुनगढ़ी में भी पाठशाला का आयोजन किया गया।

एडीएम ऋतु पुनिया, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एएसपी विक्रम दहिया, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल, जीजीआईसी प्रधानाचार्य बबिता सिंह, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडे, इंस्पेक्टर नरेश त्यागी मौजूद रहे। जहां नए कानून के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी गई।

जिसमें व्यापारी और तमाम लोगों ने हिस्सा लिया। बरखेड़ा में नए कानून को लेकर जागरुक करने के प्रति कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां सीओ प्रतीक दहिया ने वहां आए लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि एक जुलाई से नया कानून लागू होगा। अब तक पुराने कानून थे। नए कानून में नई धाराए जुड़ी हैं।

नए कानून को लेकर लोगों में भ्रांतियां हैं कि क्या अंतर आया है। नए कानून में दंड संहिता से फोकस हटाकर न्याय संहिता पर फोकस किया गया है। अब कोई भी व्यक्ति किसी भी थाने पर एफआईआर करा सकता है। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह, चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार गंगवार, राजेंद्र पाठक उर्फ राजू, दिगंबर दयाल गंगवार, मोहम्मद इमरान, गुलशेर अहमद, सलीम अंसारी, कैलाश चंद्र मौर्य, प्रवेश कुमार जोशी, रूपलाल, हरिनंदन गंगवार, अमित गुप्ता आदि सहित काफी लोगों ने भाग लिया।

## जेल में शिविर लगाकर बंदियों को किया जागरूक



**पीलीभीत :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला जेल में जागरूकता शिविर लगाकर बंदियों को नए कानून की जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार ने नए कानून के बारे में विस्तार से चर्चा बताया। जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बंदियों को जरूरत पड़ने पर निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस मौके पर विवेक पांडे, विवेक अवस्थी, कुलविंदर सिंह सहोता, मोहन गिरी, सियाराम वर्मा, सुमन गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किए।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582


## नए कानून से होंगे नए बदलाव, अपराधों पर लगेगा अंकुश



**बीसलपुर :** नए कानून को लेकर बीसलपुर थाने में हुई पाठशाला में एसडीएम महिपाल सिंह, सीओ प्रतीक दहिया और इंस्पेक्टर अशोक पाल ने लोगों को नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जागरुक किया। एसडीएम महिपाल सिंह ने कहा कि नए अपराधिक कानून दंड के बजाय न्याय पर केंद्रित हैं। इन सभी आपराधिक कानून में सबके साथ समान व्यवहार प्रमुख है। सीओ प्रतीक दहिया ने कहा नए कानून में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध जो पूर्ववर्ती भारतीय दंड संहिता 1860 में अलग-अलग अध्याय में हुए थे। अब उन्हें एक साथ लाया गया है। कोतवाल अशोक पाल ने बताया महिला को निर्वस्त्र करने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग करने को धारा 76 और 77 के तहत लिंग तटस्थ बनाया गया है तथा इसमें सभी लिंग को सम्मिलित कर लिया गया है दंडनीय अपराध बनाया गया है। सभासद सत्येंद्र गंगवार, अलाउद्दीन, प्रधान संघ के अध्यक्ष हरिपाल गंगवार, बबीता सक्सेना, बसंती गुप्ता के शिक्षक हरेंद्र शर्मा मौजूद रहे।


चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
जांचों पर विशेष छूट
1499/- ONLY 799/-
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली


## बाइक और साइकिल की टक्कर में दो घायल

**बिठौकरालां, अमृत विचार :** असम हाईवे पर बिठौरा चौराहे के पास बाइक और साइकिल की जोरदार टक्कर में दो लोग घायल हो गए। हादसा सोमवार सुबह हुआ। सीमेंट की बोरी लेकर जा रहे साइकिल सवार बिठौराकलां निवासी छोटेलाल और बाइक सवार ग्राम अजीतपुर पटपरा के देवेंद्र कुमार आमने-सामने टक्कर लगने के बाद घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने घायल को आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां उसका उपचार चल रहा है। दोनों की हालत खतरे से बाहर है। इधर, हादसे के चलते मौके पर भीड़ लगी रही।

## अरविंद राजभर का जन्मदिन मनाया

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव पूर्व मंत्री अरविंद राजभर का जन्मदिन कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। जिला अध्यक्ष कैफ रजा की अगुवाई में कार्यकर्ता जमा हुए थे। इस मौके पर राजू वर्मा, असद खान, नासिर शाह खान, दीपक कश्यप, हरिशंकर मौर्य, जियाउल हसन आदि मौजूद रहे।

## धर्म परिवर्तन कराते तीन को पकड़ा

शाहजहांपुर। हिंदू रक्षा दल ने तीन लोगों को धर्म परिवर्तन कराते पकड़ा और थाने ले आए। तीनों आरोपियों के खिलाफ संगठन ने केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हिंदू रक्षा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष हिंदू ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि रामखेड़ा में कुछ बाहरी महिला व पुरुष अपने धर्म का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और हिंदू समाज के लोगों का धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। वह अपनी टीम के साथ जब गांव पहुंचे तो कुछ लोग धार्मिक किताब लेकर गांव में धर्म परिवर्तन कर रहा था। जानकारी करने के पर आरोपियों के नाम रामकृपाल, रमा देवी पत्नी राम कृपाल निवासी थाना सबाजपुर जिला हरदोई, नोरंग लाल थाना पचदेवरा जिला हरदोई प्रकाश में आए। उन्होंने तीनों को अपने साथियों की मदद से पकड़ लिया और थाने ले आए। कांट प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले में तीनों आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस जांच कर रही है।

## सार-संक्षेप

### डॉक्टर्स डे पर बच्चों ने सौंपे कार्ड और बुके



**पीलीभीत, अमृत विचार :** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में डॉक्टर्स डे पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों द्वारा सुन्दर कार्ड, बुके तैयार किए गए। बच्चों ने डॉ. पीडी सिंह, डॉ. रोहित सिंह, डॉ. केएन तिवारी, डॉ. एसके मित्रा, डॉ. भारत सेठी, डॉ. तरुण सेठी, डॉ. रश्मि शेट्टी, डॉ. ओजस्वी, डॉ. अनुराग, डॉ. केजी शर्मा, डॉ. अरविंद गोयल, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल को कार्ड, बुके देकर सम्मानित किया। उन्हें डॉक्टर्स डे की बधाई दी। डॉक्टर्स ने भी बच्चों से वार्तालाप की और बताया कि डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप होते हैं। भगवान के बाद डॉक्टर ही है, जो इंसानों को दूसरा जीवनदान देते हैं। बच्चों को भविष्य में डॉक्टर बनने के लिए मार्गदर्शित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य पूजा छावड़ा, प्रबंधक देवेंद्र सिंह छावड़ा मौजूद रहे।

### समाजसेवी ने चिकित्सकों को किया सम्मानित



**पूरनपुर, अमृत विचार :** श्री नारायण सेवा ट्रस्ट के संस्थापक संदीप खंडेलवाल हर वर्ष चिकित्सक दिवस पर डॉक्टरों को सम्मानित करते चले आ रहे है। इसी क्रम में उन्होंने सोमवार को डॉक्टर्स डे पर डा. गोविंद राम गुप्ता, डा. प्रवीण गुप्ता और डा. मुश्ताक अली को माला पहनाकर व दोशाला ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी चिकित्सकों को डॉक्टर डे की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की। गायत्री परिजन संदीप खंडेलवाल ने कहा कि समाज को उत्तम स्वास्थ्य की ओर ले जाने में डॉक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए उन्हें धरती का भगवान कहा जाता है।

### चिकित्सक और सीए किए गए पुरस्कृत




**पीलीभीत, अमृत विचार :** डॉक्टर्स डे व चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस पर रोटरी मातृशक्ति क्लब की ओर से चिकित्सक और सीए सम्मानित किए गए। क्लब की चार्टर्ड प्रेसिडेंट मोनिका बंसल, सेक्रेटरी मुनिता अग्रवाल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार, डॉ. एसके अग्रवाल, डॉ. महेश चंद्र, डॉ. प्रवीण गुप्ता, डॉ. प्रमोद अग्रवाल, सीए अनमोल, सीए वैभव अग्रवाल को उपहार देकर सम्मानित किया।

## एक नजर

### जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट

**पुवायां।** मुड़िया कुर्मियां गांव की गुड्डी देवी ने पने जेठ दुर्गेश कुमार पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। गुड्डी देवी ने बताया कि सोमवार सुबह 10 बजे देवर आदेश कुमार व जेठ दुर्वेश कुमार के बीच विवाद हो गया। मना करने पर जेठ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

### सवारियां बैठाने को लेकर चालकों में मारपीट

**शाहजहांपुर :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला रेती का गोकुल ईको का चालक है। सोमवार सुबह आठ बजे बरेली मोड़ पर सवारियां भर रहा था। इसी बीच चौक कोतवाली का इस्लाम ईको लेकर पहुंचा। दोनों में सवारियां बैठाने को लेकर विवाद हो गया। मारपीट में गोकुल का सिर फट गया। अजीजगंज चौकी प्रभारी रोहित कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और मारपीट करने वाले इस्लाम व इरशाद को पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया न गोकुल की तहरीर पर दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### किशोरी के अपहरण का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** जैतीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया 30 जून की रात किसी समय गांव का अमित अपने तीन साथियों के साथ घर आया और उसकी 15 वर्षीया पुत्री डरा धमकाकर अपने साथ कार में ले गया। घर से कुछ दूरी पर बेटी किसी तरह वह उनके चंगुल से छूटकर पड़ोस में एक झोपड़ी में घुस गई। शोर मचाया तो आरोपी कार से भाग गए। पुलिस ने अमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# दो महीने से ठप सड़क का निर्माण...हजारों लोग परेशान

## घुंघचिहाई दियोरिया कलां मार्ग के लिए शासन दे चुका है 3.76 करोड़ का बजट फिर भी दो माह से बंद है काम

संवाददाता, घुंघचिहाई (पीलीभीत)

**अमृत विचारः** मानसून को देखते हुए जर्जर सड़कों की मरम्मत कराई जा रही है। वहीं, घुंघचिहाई से दियोरिया कलां जाने वाले मार्ग बजट मिलने के बाद भी अधूरा पड़ा है। बताया जाता है कि शासन से बजट मिलने पर ठेकेदान ने काम शुरू कराया था। पुरानी सड़क उखाड़कर बजरी भी बिछा दी, इस दौरान ठेकेदार पर हुई कार्रवाई के बाद से काम बंद है। ऐसे में व्यस्ततम मार्ग की दुर्दशा राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है।

घुंघचिहाई से दियोरिया जाने वाला 18 किमी मार्ग लंबे समय से जर्जर था। ग्रामीणों ने अधिकारियों और जनप्रतिधियों से अपना दुखड़ा सुनाकर मार्ग का सुधार कराने की गुहार लगाई। कई सालो तक तो आश्वासन मिलते रहे और मुसीबत राहगीरों को झेलनी पड़ी। इसका नवीनीकरण और चौड़ीकरण कराने की मांग पर जनप्रतिनिधियों की मेहनत रंग लाई और शासन स्तर से मार्ग को पुनर्निर्माण कराने के लिए अप्रैल 2023 में 3.76 करोड़ बजट पास किया गया था। हालांकि टेंडर ना होने की हीलाहवाली के चलते फर्म की ओर से सड़क उखाड़ने का कार्य मार्च 2024 में शुरू किया गया। एक माह तक ठेकेदार ने पुरानी जर्जर एवं खस्ताहाल सड़क को उखाड़ा। पुनर्निर्माण के लिए सड़क पर पत्थर भी बिछाया गया लेकिन अचानक मौके कार्य कर रही फर्म पर कार्रवाई हो गई। इसके बाद से काम बंद पड़ा है। सड़क पर बिछाया गया पत्थर ही अब लोगों की मुसीबत का सबब बन चुका है। कई राहगीर गिरकर चोटिल हो चुके हैं। घुंघचिहाई से दियोरिया, बीसलपुर होते हुए राहगीर इस रास्ते से बरेली तक का सफर तय किया जाता है। इन दिनों बारिश भी शुरू हो गई है। ऐसे में अब और दिक्कत बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी संज्ञान लेकर मार्ग बनवाकर समाधान कराएं तो काफी राहत मिल सकेगी।



घुंघचिहाई – दियोरिया मार्ग पर बिछाए गए पत्थर। ● अमृत विचार

### समय और खर्च पर भी पड़ रहा असर

बताते हैं कि इस मार्ग से होकर दियारियाकलां, बीसलपुर होते हुए बरेली तक का सफर लोग तय किया करते हैं। यहां बीसलपुर की दूरी 25 किमी के आसपास रहती थी। मगर, मार्ग सुगम होने के कारण पूर्व से ही राहगीरों की आवाजाही इस रोड पर अधिक रही है। हालांकि पूरनपुर से दियोरिया के मध्य पांच किमी घना जंगल भी पड़ता है। जिसमें हिंसक वन्य जीव भी निवास करते हैं। यह मार्ग से सफर राहगीरों के लिए खतरों से भरा है। कार्य बंद होने से दिक्कत और बढ़ गई है।

- **सड़क निर्माण कराने वाले ठेकेदार पर कार्रवाई के बाद से बंद काम ने बढ़ाई मानसून में मुसीबत**

### 40 हजार से अधिक आबादी हो रही प्रभावित

इस मार्ग के न बनने से करीब 40 हजार से अधिक की आबादी प्रभावित बताई जा रही है। घुंघचिहाई के अलावा सिमरिया, कालाबोझ, नवदिया बंकी, दिलावरपुर, फत्तेपुर, ज्ञापनपुर महोलिया समेत कई गांव के लोगों की आवाजाही दियोरिया –बीसलपुर के लिए होती है। इसके अलावा बीसलपुर तहसील क्षेत्र के लोग भी इसी से आवाजाही करते हैं। इसके लआवा अन्य राहगीरों की संख्या अलग है। मार्ग से अब कम ही लोग सफर करते हैं।

### आए दिन हो रहे हादसें, कई के टूटे हाथ और पैर

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि मार्ग की जर्जर स्थिति मुसीबत बनी हुई है। आए दिन बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। उकमाह पूर्व निकट बाइक गिरने से युवक का हाथ टूट गया था तो गड्ढों में गिरने से युवक का पैर टूट गया था। हादसों का सिलसिला लगातार जारी है। लेकिन, जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे।



सड़क के पुनर्निर्माण के लिए बजट भी पास हो गया था और कार्य भी शुरू हो गया था लेकिन पूरा नहीं हासे सका। सड़क पर पड़े पत्थरों से आवागमन में दिक्कत हो रही है। – **अंकित शुक्ला**, ग्रामीण



बीसलपुर से घुंघचिहाई इसी रास्ते से आना जाना होता है। सड़क उखाड़कर पत्थर बिछाए गए और फिर काम रूक गया। इससे तो और दिक्कत बढ़ गई है। काम को पूरा कराने पर जिम्मेदार सुध लें। – **नेकपाल**, व्यापारी



दियोरिया बिलसंडा, बीसलपुर, बरेली, जाने वाले अधिकतर राहगीर इसी रास्ते से सफर करते हैं। कुछ समय से इस सड़क का हाल तो और बदतर हो चुका है। जिम्मेदारों को समाधान कराना चाहिए। – **राधेश्याम श्रीवास्तव**, ग्रामीण



घुंघचिहाई के एक प्राथमिक विद्यालय में तैनात हूं। अक्सर इसी रास्ते से आना-जाना होता है। सड़क बनना शुरू हुई तो राहत की उम्मीद थी लेकिलन अब तो काम ही बदं है। बहुत दिक्कत हो रही है। – **योगेश कुमार**, शिक्षक

# नये कानूनों के खिलाफ भाकपा माले ने किया प्रदर्शन




ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** राज्यव्यापी आवाहन के तहत भाकपा माले ने सोमवार को प्रतिवाद दिवस मनाया गया। नये आपराधिक कानूनों के जरिए सरकार पर देश को पुलिस राज के हवाले किया करने का आरोप लगाया गया। डीएम कार्यालय में अपनी मांगों से जुड़ा ज्ञापन सौंपा।

योगी सरकार के बुलडोजर राज और नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ राज्यव्यापी आवाहन के तहत भाकपा माले कार्यकर्ता जुलूस के रुप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिलाधिकारी कार्यालय के सामने एक सभा की। जिसमें राज्य स्थायी समिति के सदस्य अफ़रोज़ आलम ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों के जरिए मोदी सरकार ने देश को पुलिस राज के हवाले कर दिया है। देश के जाने माने कानून विशेषज्ञों और लोकतांत्रिक मूल्यों पर आस्था रखने वाले नागरिक समाज के लोगों ने इन कानूनों पर गहरी चिंता जताई हैं। इस कानूनों के जरिए पुलिस को जनता पर दमन करने और उन्हें कंट्रोल करने की असीमित शक्ति प्रदान कर दी गई है। कहा कि इसका सीधा असर बोलने की स्वतंत्रता, इकट्ठा होकर विरोध करने के अधिकार और नागरिक अधिकार पर पड़ेगा। आरोप लगाया कि इन कानूनों को संसद में 146 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर बिना किसी चर्चा के पास किया गया है। जिला सचिव देवाशीष राय ने कहा कि लखनऊ के अकबरनगर में योगी सरकार ने कुकरैल नदी किनारे पीढ़ियों से बसे हजारों परिवारों के घर बुलडोजर से उजाड़ दिए। राष्ट्रपति और राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में देकर विरोध दर्ज कराया। जिला कमेटी सदस्य गोपाल मिश्रा, धर्मेंद्र पांडेय, सर्वेश, विकास, किशन लाल, सईद, अयूब, उमर, मोहनलाल, मनोहर लाल, शबनम, नासिर आदि मौजूद रहे।

- **बोले- देश को पुलिस राज के हवाले कर दिया सरकार ने**

# खिड़की की ग्रिल तोड़कर घुसे चोरों ने शिक्षा के मंदिर को भी नहीं बख्शा

संवाददाता, बिठौराकलां (पीलीभीत)

**अमृत विचारः** शिक्षा के मंदिर को भी चोरों ने नहीं बख्शा। खिड़की की ग्रिल तोड़कर भीतर घुसे चोरों ने एक-एक कर 19 ताले चटकाए और हजारों का सामान समेट ले गए। स्कूल पहुंचने पर जिम्मेदारों को घटना का पता चला तो होश उड़ गए। खास बात थी कि विद्यालय का कोई कक्ष ऐसा नहीं रहा, जिसके ताले तोड़कर चोरों ने खंगाला नहीं। गजरौला पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना गजरौला थाना क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिठौराकलां में रविवार रात चोर विद्यालय की खिड़की और गेट की ग्रिल तोड़कर प्रवेश कर गए। इसके बाद प्रधानाध्यापक कक्ष, रसोई समेत सभी कक्षों के कुल 19 ताले तोड़े और सामान खंगाला। यहां से चोर बड़ी दरी, अध्यन सामग्री,, बर्तन, अग्निशमन सिलेंडर, 20 किलो चावल, चीनी, दालें, तेल, मसाले और परिसर में रखा लोहा व अन्य कबाड़ भी समेट ले गए। सोमवार सुबह शिक्षकों के स्कूल पहुंचने पर घटना का पता चला। चोरी का शोर मचते ही भीड़ जमा हो गई। जिसके बाद प्रधानाध्यापिका विनीता माहेश्वरी की ने तहरीर दी । जिसमें एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने के साथ ही विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की गई। इसकी जानकारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी दी गई है।

**25 जून को भी हुआ था चोरी का प्रयासः** जिस विद्यालय में चोरों ने घटना की है।उसमें अभी 25 जून को भी चोरों ने धावा बोला था। उस वक्त चोर परिसर में दाखिल हुए थे। कुछ कमरों के ताले तोड़कर सामान खंगाला था। मगर यहां से कोई सामान चोरी करने में कामयाब नहीं हुए थे। उस वक्त भी बताते हैं कि पुलिस को तहरीर दी गई थी। मगर जांच के नाम पर टाल दिया गया था।



चोरों ने तोड़ी खिड़की की ग्रिल।

- **पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिठौकरालां में रविवार रात को अंजाम दी गई वारदात**
- **मिड डे मील का राशन, पुराना लोहे का कबाड़ और अध्ययन सामग्री भी समेटी**

"विद्यालय में खिड़की की ग्रिल तोड़कर घुसे चोर मिड डे मील का राशन, बर्तन, सिलेंडर के साथ ही अध्ययन सामग्री भी समेट ले गए हैं। छह दिन में दूसरी बार घटना हुई है। तहरीर पुलिस को दी गई है। वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है। – **विनीता माहेश्वरी**, प्रधानाध्यापिका, पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिठौराकलां

# संचारी रोग से बचाव, जागरूकता की डीएम ने दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** डीएम संजय कुमार सिंह ने सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान वं डायरिया रोको अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को संचारी रोगों के प्रति शपथ दिलाई और जन जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। शासन के निर्देश पर जनपद में एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान, 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान और एक जुलाई से 31 अगस्त तक डायरिया रोको अभियान चलाया जाएगा। सोमवार को सीएमओ कार्यालय परिसर में डीएम संजय कुमार सिंह ने तीनों अभियानों का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संचारी रोगों के प्रति शपथ दिलाई और जन जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में सीएमओ कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आशा एवं एएनएम शामिल हुई। इस मौके पर सीएमओ डॉ. आलोक कुमार समेत सभी एसीएमओ आदि मौजूद रहे। इसके साथ ही जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर भी अभियान का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों ने किया। इस दौरान स्कूली बच्चों को शामिल करते हुए गांवों में जनजागरूकता रैली भी निकाली गई।



सीएमओ कार्यालय परिसर में जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम।

- **जिले में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए सोमवार से शुरू हुआ संचारी रोग नियंत्रण अभियान**
- **जन जागरुकता रैली को दिखाई झंडी, 11 जुलाई से घर-घर चलेगा दस्तक अभियान**

### जनपद भर में यह होगी गतिविधियां

अभियान के अंतर्गत पंचायती राज विभाग गांवों में नालियों की सफाई, जलभराव समाप्त करने समेत झाड़ियों की कटाई आदि कार्य कराएगा। शिक्षा विभाग प्रत्येक विद्यालय में नोडल अध्यापक नामित कर प्रतिदिन प्रार्थना सभा में बच्चों को संचारी रोगों व उनसे बचाव की जानकारी देगा। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता, वाद विवाद, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि का आयोजन होगा। कृषि विभाग गांवों में गोष्ठियां कर चूहा एवं छंछूदर आदि के नियंत्रण, पशुपालन विभागसूकर पालकों गोष्ठियों के साथ उन्हें सूकर वाडों को साफ सुथरा रखने, नियमित रूप से कीटनाशकों के छिड़काव आदि के प्रति प्रेरि– भाकियू भानू की पंचायत में उठा मुद्दा, 11 सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा।

### 11 से घर-घर दस्तक देगी आशा वर्कर

जनपद में 11 जुलाई से शुरू होने वाले दस्तक अभियान में आशा वर्करों द्वारा प्रत्येक घर पर जाकर घर वालों को संचारी रोग के बारे में बताने के साथ घर के अंदर जाकर यह निरीक्षण किया जाएगा कि घर में कहीं भी टूटे फूटे सामानों या अन्य अनुपयोगी पात्रों में जल भराव तो नहीं है। यदि ऐसा मिलता है तो तत्काल उसे खाली कराया जाएगा।

अभियान के दौरान ही आशा वर्कर घर–घर जाकर बुखार, खासी, जुकाम, टीबी, फाइलेरिया आदि से ग्रस्त रोगियों की सूची तैयार कर सीएचसी को भेजेगी। ऐसे रोगियों की सीएचसी पर जांच कर उन्हें इलाज की सुविधा मुहैय्या कराई जाएगी। वहीं डायरिया रोको अभियान के दौरान आशा वर्कर एवं आंगनबाडी घर–घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों की सूची तैयार करेगी। डायरिया से ग्रस्त बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया जाएगा। अभियान के दौरान आशा वर्कर ओआरएस तथा जिंक टैबलेट् भी बांटेगीं।

# पंचायत में सिस्टम पर वार...राजस्व प्रशासन और भू-माफिया के गठजोड़ में पिस रहा किसान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन भानू की मासिक पंचायत मंडी समिति के कृषक विश्रामगृह में सोमवार को हुई। जिसमें किसानों की जमीन संबंधी समस्याओं के निस्तारण न होने पर इसके पीछे भूमाफिया और राजस्व प्रशासन के गठजोड़ को वजह बताया। जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी की अध्यक्षता में हुई इस पंचायत में किसानों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री को संबोधित 11 सूत्रीय मांगपत्र नायब तहसीलदार प्रखर सिंह को सौंपा गया। कार्यकर्ताओं ने मांगे पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

कृषक विश्राम गृह में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे कार्यकर्ता जमा हुए और मासिक पंचायत शुरू की गई। जिला अध्यक्ष ने कहा कि संगठन के बहुत सारे कार्यकर्ता जमीन संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन तहसील व जिला प्रशासन समस्याओं का उचित समाधान करने में हीला हवाली कर रहा है। मजबूरन समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री से निवेदन करना पड़ रहा है। समस्याओं के समाधान न होने पर शीघ्र ही मुख्यमंत्री महोदय से मिलकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष बाबूराम वर्मा ने कहा कि धारा 24 के अंतर्गत पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है।

इसका बड़े पैमाने पर राजस्व प्रशासन अपने लाभ के लिए दुरुपयोग करने में जुटा है। जमीन संबंधी विवादों को गुणवत्तापूर्ण तत्काल समाधान के लिए राजस्व संहिता में बड़े बदलाव की जरूरत है, जब तक कानूनी प्रक्रिया में सुधार नहीं किया किया जाता। तब तक वर्तमान में चल रहे बेईमानी के दौर में भू-माफिया और राजस्व प्रशासन के गठजोड़ में किसानों का उत्पीड़न होता रहेगा। जिला सचिव बालमुकुंद ने कहा कि छुट्टा पशुओं की समस्या का समाधान भी अभी तक नहीं हो सका है। इस मौके पर नंद किशोर राठौर, रामगोपाल प्रजापति, रिंकी देवी, नन्ही देवी,सुखलाल गंगवार, मनोहर लाल,ओमप्रकाश राजपूत, दौलत सिंह आदि मौजूद रहे।

- **भाकियू भानू की पंचायत में उठा मुद्दा, 11 सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा**



पंचायत को संबोधित करते जिलाध्यक्ष भजन लाल क्रोधी। ● अमृत विचार



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते भाकियू भानू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### ज्ञापन में ये रखी गई मांगे

- गांव स्तर पर भू–माफिया और दबंगों पर कार्रवाई हो।
- आबादी में चकबदी के नियम और बंटवारे के अनुसार खाता बंटवारा लागू किया जाए।
- भू–अभिलेख में अंश निर्धारण प्रक्रिया में छोड़ी गई खामियां दूर की जाए।
- खतौनी में धन वसूली के लिए दर्ज की गई जानकारी को सुधारा जाए।
- छह यूनिट के बजाए एक से चार यूनिट तक आयुष्मान का लाभ मिले।
- मेड़ और चकरोड़ से दो मीटर दूर पेड़ लगाने का प्रावधान किया जाए।
- पूर्व बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई हो।
- पीटीआर से सटे ग्रामीणों को सुरक्षा मुहैया कराने को तार फेंसिंग कराई जाए।
- गन्ने का मूल्य 450 रुपये क्विंटल किया जाए।
- मीरपुर गांव में श्मशान जाने के लिए रास्ते की सुविधा मुहैया कराई जाए।

### चार्टर्ड अकाउटेंट दिवस पर नई कार्यकारिणी गठित



**पीलीभीत, अमृत विचार :** चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस पर सीए एसोसिएशन द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया गया ।शहर की वसुंधरा कॉलोनी में सोमवार को हुए ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान सीए एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सीए वैभव अग्रवाल अध्यक्ष, सीए केतन अग्रवाल उपाध्यक्ष, सीए संचित अग्रवाल सचिव और सीए नेहा अरोरा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में सीए संजय अग्रवाल, ऋतु महाजन, शुभम गुप्ता, वरुण मित्तल, वैभव अग्रवाल, अमन गुप्ता, पुलकित अग्रवाल, शिवम अग्रवाल आदि सीए मौजूद रहे।

### तालाब का नाम चौधरी चरण सिंह रखने की मांग



**बीसलपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार करम सिंह को सौंपा। जिसमें मोहल्ला ग्यासपुर में स्थित तालाब का नाम पूर्व प्रधनमंत्री एवं किस राजनेता चौधरी चरण सिंह के नाम पर रखे जाने की मांग की। कहा कि जनपद में पूर्व प्रधानमंत्री के नाम से कोई भी स्मारक, तालाब या पार्क नहीं है। ज्ञापन देने वालों में विधानसभा अध्यक्ष शाहिद अली, ओवैस, रॉबिन, पंचम, करन, बबलू, शानू थे।






अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic
पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मदीना-कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 07 जुलाई 2024, रविवार
21 जुलाई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
7837069463
7599211076

# सांड़ के हमले में किसान की मौत, रात भर खेत में पड़ा रहा शव

## सिंधौली के गांव मिश्रीपुर बुजुर्ग की घटना, सुबह भाई खेत पर पहुंचा तब परिवार वालों को हुई जानकारी

संवाददाता, सिंधौली/ शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रात में खेत पर फसल की सिंचाई करने गए किसान पर सांड़ ने हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह भाई खेत पर पहुंचा तो लहूलुहान भाई का शव देख उसके होश उड़ गए। सूचना के बाद रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर बुजुर्ग निवासी संजय कुमार(40) रविवार रात आठ बजे खाना खाने के बाद गन्ने की फसल की सिंचाई करने के लिए खेत पर चला गया। वहीं खेतों के आसपास एक छुट्टा सांड़ घूम रहा था। वह खेत में सिंचाई के लिए प्लास्टिक का पाइप बिछा रहा था, तभी संजय को देखकर सांड़ ने उस पर हमला बोल दिया। संजय ने मौके से भागने की कोशिश की लेकिन सांड़ ने उसे दौड़ा लिया। सींग के हमले से और पैरों से कुचल कर उन्हें बुरी तरह से चोटिल कर दिया। रात के समय में वह खेत पर अकेले थे, इसलिए उन्हें कोई बचाने भी नहीं पहुंच पाया। वह पूरी रात लहूलुहान अवस्था में खेत पर पड़े रहे और देर रात उनकी सांसे थम गईं। सुबह भाई जयपाल जब खेत पर पहुंचा तो लहूलुहान मृत अवस्था में संजय को देखकर उसके होश उड़ गए। उसने घर वालों को सूचना दी तो परिजन भी रोते-बिलखते खेत पर पहुंच गए गांव के तमाम लोगों की भारी भीड़ लग गई।

### सयानी हो रही बिटिया के कैसे पीले होंगे हाथ

सांड़ के हमले में मौत का शिकार हुए संजय सिंह की सबसे बड़ी बेटी काजल की उम्र 18 वर्ष है, बेटा आलोक 14 वर्ष और साहिल 16 वर्ष व सुनैना सात वर्ष की है। सयानी हो रही बिटिया को देखकर संजय की पत्नी राजबेटी यही कह रही थी कि अब बिटिया के हाथ कैसे पीले होंगे। बिटिया की शादी के लिए कौन रिश्ता तय करने जाएगा। पति की मौत पर बिलख रही राजबेटी को लोग समझाने की कोशिश कर रहे थे लेकिन उसके आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। यही हाल बच्चों का भी था। गांव में भी मातमी सन्नाटा छाया हुआ था।

### छुट्टा पशुओं की वजह से इनकी भी जा चुकी है जान

- सदर क्षेत्र के नई बस्ती शहबाजनगर गांव निवासी अमरजीत उर्फ मुरली की बेसहारा पशु से टकराकर मृत्यु।
- बंडा क्षेत्र के किशनपुर गांव निवासी मैकूलाल की बेसहारा पशु से टकराकर मृत्यु।
- पीलीभीत के बिलसंडा थाना क्षेत्र के नाथे मुहल्ला निवासी रंजीत कुमार की बंडा में पशु से टकराकर मृत्यु।
- जलालाबाद के रैपुरा गांव निवासी अक्षय कुमार की सांड़ के हमले से मौत।
- निगोही के भटियूरा पृथ्वीपुर गांव निवासी शिवकुमार की बेसहारा भगाते समय मौत हो गई थी।
- जीएफ कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शिवप्रताप सिंह की बेसहारा पशु से टकराकर मौत हो गई थी।
- सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव वीरेंद्र सिंह की बेसहारा पशु से टकराने से मौत।
- अल्हागंज के चिलौआ गांव निवासी महरम सिंह को सांड़ ने पटककर मार डाला था।
- गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के राईखेड़ा गांव निवासी राजेंद्र की सांड़ से टक्कर लगने से मौत हुई थी।
- पुवायां क्षेत्र के रहदेवा गांव निवासी रामकुमार की बेसहारा पशु से टकराकर मृत्यु।

### सांड़ों की लड़ाई में ई-रिक्शा चालक जख्मी



**कलान।** शनिवार करीब शाम सात बजे बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर सब्जी मंडी के पास दो सांड आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते हाईवे पर जाम लग गया और भगदड़ मच गई। वहीं किसी तरफ से एक तीसरा सांड़ भी आ गया और उसने कमजोर सांड़ का सहयोग कर तगडे.सांड़ को मिलकर स्टेट हाईवे पर बने नाले में गिरा लिया। सांड़ों की लड़ाई की चपेट में आकर एक ई रिक्शा चालक जख्मी हो गया।

### ...आखिर कब मिलेगा इन छुट्टा पशुओं से छुटकारा

सांड़ के हमले से संजय की मौत के बाद गांव के लोग भी दहशत में हैं, उन्हें डर सता रहा है कि यह बिगड़ैल सांड़ कभी भी किसी पर हमला बोल सकता है। यदि समय रहते सांड़ का पकड़कर नंदीशाल नहीं भिजवाया गया तो क्या बच्चे और क्या बड़े कोई भी सांड़ के हमले का शिकार हो सकता है। ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें तो खेत पर रात दिन कभी किसी समय जाना पड़ सकता है, तो सांड़ से कभी भी सामना हो सकता है।

## लूट का दूसरा आरोपी पकड़ा गया

**शाहजहांपुर।** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत रामचंद्र मिशन पुलिस ने लूट में फरार चल रहे है एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से लूट का छह हजार रुपये बरामद किए है। हरदोई के रहने वाले सत्यपाल से 12 जून की रात बदमाशों ने सहारा ग्राउंड में ले जाकर पचास हजार रुपये लूट लिए थे।अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट की रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई। पलिस पहले एक बदमाश जुनैद निवासी नई बस्ती थाना रामचंद्र मिशन को गिरफ्तार करके चालान कर चुकी है। सोमवार की सुबह नौ बजे सूचना मिली कि दूसरा बदमाश हरदोई बाईपास चौराहे पर खड़ा है। पुलिस बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया बदमाश वारिश उर्फ भूरा निवासी फतेहपुर रेती थाना रामचंद्र मिशन है। पुलिस ने लूट के छह हजार रुपये बरामद किए है। अभियुक्त पर पहले से दो मुकदमें है। पुलिस अभियुक्त का चालान कर दिया।

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें



स्पीच थेरैपी हकलाना/तुतलाना आटिज्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
● एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# अखिलेश के जन्मदिन पर भंडारा, बांटी साड़ियां

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



केजीएन कॉलोनी में महिलाओं को साड़ियां बांटते सपा जिलाध्यक्ष व अन्य।



केक काट जश्न मनाते सपा नेता।

- वृक्षारोपण कर दिया गया हरियाली का संदेश, जनपद भर में सपाइयों ने किए कार्यक्रम

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 51वां जन्मदिन पर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक सपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम किए। जरूरतमंद महिलाओं को साड़ी वितरित की गई। केक काटने के साथ ही भंडारा भी किया गया। इसके अलावा पौधरोपण कर हरियाली का संदेश दिया। नकटादाना चौराहा के पास स्थित केजीएन कॉलोनी में कार्यक्रम हुआ।

जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि समाजवादी विचारधारा को पार्टी आगे बढ़ा रही। लोकसभा प्रत्याशी रहे पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने कहा कि जन्मदिन से पहले ही राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्रदेश की जनता ने तीसरी बड़ी पार्टी बनाकर जो तोहफा दिया है वह यादगार है। दिव्या गंगवार, अमित पाठक, असलम जावेद अंसारी, नरेंद्र मिश्रा कट्टर, बालक राम सागर, आरती महेंद्र, विनोद वर्मा, महेश पटेल,रमेश राजा, प्रशांत अवस्थी, चांद अंसारी आदि मौजूद रहे।

**पूरनपुर:** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने नगर के एक बरात घर में आयोजित कार्यक्रम में 51 महिलाओं को साड़ी- सूट बांटे। धार्मिक स्थलों पर विशाल भंडारा कराया। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लर ने कहा 2012 का यूपी चुनाव जिसने भी देखा उसे याद होगा कि कैसे अचानक एक नौजवान साइकिल से चलकर पूरा यूपी नाप डालता है। पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशकर यादव, पूर्व विधायक अरशद खां, पूर्व चेयरमैन मुन्ने मियां अंजाना, ओम शर्मा, तौफीक अहमद, महेश आजाद, अजय भारती, जैगम खां, मो. मियां खां, कल्याण सिंह, मीरा सिंह, बसंत भारती आदि मौजूद रहे।

### मरीजों को बांटे फल, फिर लगाए पौधे

बीसलपुर में सपा कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर केक काटा। इसके बाद सीएचसी में मरीजों को फल वितरित किए। पूर्व जिपं सदस्य रामप्रताप गंगवार, हरिपाल लोधी, रामप्रताप गंगवार, रूपलाल महातिया, डॉ .दुष्यंत गंगवार, अभिषेक गंगवार, वीरेंद्र सिंह यादव, हारुन खान, लाजपत गंगवार, यासीन अंसारी झंकार सिंह वर्मा, ओम प्रकाश मिश्रा, वेद प्रकाश वर्मा, राजेश आदि मौजूद रहे। इधर, अमरिया में वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ। सपा नेता युसूफ कादरी ने कहा कि पार्टी के समस्त कार्यकर्ता मिलकर हर गांव में पीडीए वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत पेड़ लगाएंगे। ऊषा वर्मा, शिबू मलिक, इरशाद मियां, कासिम, उमर आदि मौजूद रहे।

# नगदी और जेवर लेकर रोडवेज कर्मी की पत्नी चंपत

कार्यालय, शाहजहांपुर

- आरोप कई लोगों से निकाह कर ठग चुकी है, एसपी से मिला पीड़ित
- एसपी ने सदर थाना प्रभारी निरीक्षक को सौंपी मामले की जांच

**अमृत विचार :** रोडवेज कर्मचारी की पत्नी नगदी, जेवर लेकर चंपत हो गई। आरोप है वह कई लोगों से निकाह करके उन्हें ठग चुकी है। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसपी से कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं एसपी ने मामले की जांच थाना सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक को सौंपी है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला हाथीथान निवासी मोहम्मद आबिद ने बताया कि वह रोडवेज का कर्मचारी है। उसकी शादी दो साल पहले हसीन बानो उर्फ चंदा निवासी वर्कजई थाना जलालाबाद के साथ हुई थी। उसकी पत्नी के मायके वालों ने शादी से पहले बताया था कि उसका पहले निकाह माजिद निवासी सिकंदरपुर थाना जलालाबाद के साथ हुआ था। मगर किसी कारणवश तलाक हो गया था। उसने हसीन बानो से निकाह कर लिया था। निकाह के बाद कुछ समय तक सही चलता रहा। उसे पता चला कि हसीन बानो का चौथा निकाह है। उसका आरोप है कि वह जहां निकाह करती है, चार माह रहती है और कोर्ट से तलाक ले लेती है। उसने एक प्रकार से धंधा बना रखा है। लोगों का पैसा, जेवर समेत कर भाग जाती है।

पीड़ित ने बताया कि उसके साथ भी यही हुआ है। उसने बताया कि 9 जून की शाम को वह रोडवेज में डयूटी पर गया था। वह वापस घर आया तो हसीन बानो 72 हजार रुपये तथा दो लाख का जेवर लेकर फरार हो चुकी थी। वह अपनी ससुराल जलालाबाद गया। उसने पूछा तो उन लोगों ने कहा कि उसने तुमसे निकाह नहीं किया था। उसकी ससुराल वाले मारने पर अमादा हो गए। पीड़ित ने एसपी से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाए। एसपी अशोक कुमार मीणा ने सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह को जांच सौंपी है।

## सार-संक्षेप

### मांडवी प्रथम, रिमित दूसरे स्थान पर रहे



**बीसलपुर।** जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान के तहत वन महोत्सव पौधारोपण कार्यक्रम शुरु हुआ। वन क्षेत्राधिकारी रोहित जोशी ने विभिन्न प्रकार की प्रजातियों के जैसे सहजन,गुलमोहर, अनार , अमरूद के पौधे रोपित कर छात्र-छात्राओं को पौधरोपण का महत्व बताया। वनों का जीवन में महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 12 की मांडवी प्रथम, रमित द्वितीय और कक्षा 11 के शरद तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार सक्सेना ने एक पेड़ मां के नाम मुहिम का आवाहन कर छात्र-छात्राओ को पौधरोपण की शपथ दिलाई। इस मौके पर उपवन क्षेत्राधिकारी सुरेश पाल वर्मा, वन दरोगा सुरेश चंद, तनुज जोशी, विक्रम सिंह, इकबाल वसीम, जोगा सिंह, बाबूराम , तेजप्रकाश आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोपित किए पौधे



**पीलीभीत।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर सोमवार को जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण किया। कहा कि भीषण गर्मी और लू के चलते कई नागरिकों की मौत हुई। जिसका कारण लगातार देश- प्रदेश में कम हो रहे वन हैं। 19 जून को राजीव गांधी के जन्मदिवस पर राजीव गांधी वृक्षारोपण कार्यक्रम अभियान के तहत संकल्प लिया गया था कि प्रदेश के सभी 162000 बूथों पर कांग्रेस के नेता पहली बारिश के बाद वृक्षारोपण करेंगे। अगले तीन वर्षों तक लगाए गए वृक्ष की सुरक्षा प्रदान करेंगे। यह राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम ब्लाक, न्याय पंचायत, बूथ स्तर तक चलाया जाएगा। अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर अनीस, मुनेंद्र पाल, संदीप गंगवार, वासुदेव ठाकुर, हरप्रीत सिंह पन्नू आदि मौजूद रहे।

# खाई में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से छात्र की मौत, चार घायल

कार्यालय, शाहजहांपुर/ तिलहर

- ट्रैक्टर का अगला पहिया टूटकर निकलने से हुआ हादसा, 4 घायल

**अमृत विचार :** गौटिया मोड़ पर ट्रैक्टर का अगला पहिया टूटकर निकल जाने से ट्रॉली समेत सड़क के किनारे खाई में जाकर पलट गया। ट्रैक्टर पर सवार छात्र घायल हो गया। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चार लोगों के मामूली चोट आई है।



मृतक रजित।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव हरनरायनपुर चित्ती हइया निवासी रमेश पाल ने बताया कि उसका पुत्र रजित(17) शहर में एक कालेज में पढ़ता था और कक्षा दस की परीक्षा पास की थी। उसके बेटे को कक्षा 11 में नाम लिखाना था। गांव का विशाल अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर सोमवार की सुबह आठ बजे बरखेड़ा सामान लेने के लिए जा रहा था और ट्रॉली पर चार मजदूर भी बैठे थे। उसका बेटा रजित ट्रैक्टर पर बैठा हुआ था।

उसके बेटे ने सोचा था कि बरखेड़ा के पास उतरकर टैंपो पर बैठकर शहर आ जाएगा। गौटिया मोड़ पर ट्रैक्टर का अगला पहिया टूटकर निकल गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत सड़क के किनारे खाई में जाकर पलट गया। रमेश का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार वाले घायल उसे मेडिकल कॉलेज लेकर आए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि चार लोगों के मामूली चोट आई थी। पुलिस ने छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी मां का नाम मंचला देवी है और मृतक दो भाइयों में छोटा था। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत, शिनाख्त नहीं

**शाहजहांपुर।** सोमवार की सुबह छह बजे रेल कर्मचारियों ने कहेलिया रेलवे स्टेशन के निकट अप लाइन पर एक अज्ञात युवक का शव खून से पड़ा हुआ था। उसके सिर, हाथ व पैर में चोट के निशान थे। स्टेशन मास्टर ने जीआरपी को सूचना दी। जीआरपी के थाना प्रभारी रेहान खां सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव रेल पटरी के किनारे किया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो जेब से लखनऊ से बरेली का टिकट निकला है। मोबाइल तथा आधार कार्ड नहीं मिला है। अज्ञात युवक की उम्र 35 साल है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अनुसूचित जाति आयोग की वार्षिक रिपोर्ट तैयार करने के आदेश

**बरेली, अमृत विचार :** अपर आयुक्त प्रशासन अरुण कुमार ने मंडल के सभी जिलों को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की दो साल की वार्षिक रिपोर्ट तैयार करने के आदेश दिए गए हैं। कमिश्नर की ओर से अपर आयुक्त ने बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर के जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि शासन ने 26 जून को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 और 2023-24 मांगी है। इसके लिए 26 जून को शासन का आदेश आया है, जिसके मुताबिक रिपोर्ट को तैयार कर कर परिषद को उपलब्ध कराया जा सके। शासन के आदेश के बाद रिपोर्ट को तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### प्रधानमंत्री की जनसभा के लिए हैलीपैड बनवाने में पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन ने जानबूझकर की देरी, प्रशासन के निर्देश भी नजरंदाज

# प्रधानमंत्री की सुरक्षा का मामला था, फिर भी अफसर ने डीएम तक की नहीं सुनी

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** कहीं एक-एक कर पुलों के ढहने की खबरें आ रही हैं तो कहीं देश की वो सड़कें भी धंस जा रही हैं जिनकी चर्चा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। बेअंदाज होते सिस्टम की ओर इशारा करने वाली प्रधानमंत्री की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने की ऐसी ही एक घटना बरेली में भी हुई थी जिसके लिए पीडब्ल्यूडी के एक्सएईन राजीव अग्रवाल को जिम्मेदार माना गया है।

डीएम ने राजीव अग्रवाल के खिलाफ कार्रवाई के लिए पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव को भेजे पत्र में साफ लिखा है कि बार-बार निर्देश के बावजूद उन्होंने प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जुड़ी बातों को भी अनदेखा कर दिया। मामला

### ऐसी कार्रवाई करें कि भविष्य में कोई और अधिकारी ऐसा न करे : डीएम

डीएम ने प्रमुख सचिव को लिखे पत्र में एक्सईएन को बेहद लापरवाह और जिम्मेदारी के प्रति उदासीन अधिकारी बताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री के सुरक्षा संबंधी निर्देशों को उन्होंने जानबूझकर अनसुना किया। उनकी लापरवाही से प्रधानमंत्री की सुरक्षा प्रभावित हो सकती थी। प्रधानमंत्री के सुरक्षा संबंधी मामले में लापरवाही को देखते हुए एक्सईएन राजीव अग्रवाल के खिलाफ ऐसी कार्रवाई की जाए ताकि कोई और अधिकारी भविष्य में इतने गंभीर काम में लापरवाही करने की न सोच सके।

### एसपीजी के नाराजगी जताने के बाद बीडीए उपाध्यक्ष ने भी डीएम को लिखा था पत्र

बीडीए उपाध्यक्ष ए मनिकंडन ने भी एक्सईएन के खिलाफ डीएम को पत्र लिखकर कड़ी कार्रवाई कराने को कहा था। इस पत्र में बीडीए उपाध्यक्ष ने डीएम को अवगत कराया था कि समय से हैलीपैड का निर्माण न होने पर प्रधानमंत्री की सुरक्षा संबंधी तैयारियों में देरी हुई। इस पर एसपीजी ने नाराजगी व्यक्त की थी। इससे पहले कार्यक्रम की सूचना मिलते ही वह काम पूरा कराने के लिए 21, 22 और 23 अप्रैल तक लगे रहे। 23 अप्रैल की शाम सात बजे लेबर के साथ एक्सईएन खुद भी मौके से चले गए। इस कारण हैलीपैड नहीं बन पाया। इस लापरवाही पर एक्सईएन के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए।

### हैलीपैड में लगी ईंटें उठवाने में दिखाई थी ज्यादा दिलचस्पी

बरेली, अमृत विचार : प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जुड़ा मामला होने के बावजूद एक्सईएन ने हैलीपैड समय से बनवाने से ज्यादा दिलचस्पी जनसभा के बाद उसमें लगी ईंटों को उठवाने में दिखाई। दरअसल, यह हैलीपैड जनसभा स्थल के बराबर सुनीता शर्मा के खेत में बनवाया गया था। इसके लिए उनके खेत में लगे तमाम पौधों के साथ फेंसिंग को भी उजाड़ दिया गया था। जनसभा के बाद सुनीता शर्मा के नुकसान की तो कोई भरपाई नहीं की गई लेकिन जब कई दिन बाद उन्होंने ईंटें उठवानी शुरू कर दीं तो थाने में शिकायत कर दी गई। सुनीता शर्मा का आरोप था कि एक्सईएन से बात करने के बाद भी समस्या का कोई हल नहीं निकला।

- **आलमपुर जाफराबाद में बनना था हैलीपैड, काम पूरा होने से पहले ही मौके से चले गए**

आलमपुर जाफराबाद में प्रधानमंत्री के लिए हैलीपैड बनाने का है। प्रधानमंत्री को आंवला संसदीय क्षेत्र के 25 अप्रैल को पार्टी प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के लिए चुनावी जनसभा करने आना था। हैलीपैड बनाने की जिम्मेदारी पीडब्लयूडी निर्माण खंड प्रथम के एक्सईएन राजीव अग्रवाल को दी गई थी। राजीव अग्रवाल ने इसमें किस स्तर की लापरवाही दिखाई, यह डीएम रविंद्र कुमार के प्रमुख सचिव को लिखे पत्र से पता लग रहा है। डीएम ने इस पत्र में कहा है कि आलमपुर जाफराबाद में प्रधानमंत्री की जनसभा की सूचना भारत सरकार से उन्हें 21 अप्रैल को मिली थी। प्रधानमंत्री से जुड़ा मामला होने के कारण उन्होंने उसी दिन एसएसपी के साथ मौका मुआयना कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन राजीव अग्रवाल को हैलीपैड बनाने का निर्देश दिया। स्पष्ट रूप से यह भी बता दिया कि इसका खर्च सरकार वहन करेगी।

डीएम ने पत्र में लिखा है कि एक्सईएन को प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिहाज से मानकों के अनुरूप हैलीपैड बनाने का काम हर हाल में 22 अप्रैल की शाम तक पूरा करने को कहा गया था क्योंकि एसपीजी के निर्देश के मुताबिक 23 अप्रैल को उस पर हैलीकॉप्टर की ट्रायल लैंडिंग की जानी थी। लेकिन इसके बावजूद प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जुड़े मामले को गंभीरता से लेने के बजाय काम देरी से शुरू किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी बनाए गए बीडीए उपाध्यक्ष और कानून व्यवस्था की दृष्टि से नामित नोडल अधिकारी एडीएम न्यायिक के बार-बार कहने के बावजूद एक्सईएन अनसुनी करते रहे। इस वजह से हैलीपैड का निर्माण और उसकी सुरक्षा संबंधी बैरिकेडिंग का काम समय से पूरा नहीं हो सका।

# स्नातक में 25 तक मेरिट से प्रवेश, 10 तक होंगे पंजीकरण

### रुहेलखंड विवि ने प्रवेश पंजीकरण की तिथि एक बार फिर बढ़ाई

बरेली कार्यालय

- **महाविद्यालयों को प्रवेश संबंधी निर्देश जारी, एक साथ दो पाठ्यक्रम पढ़ सकेंगे विद्यार्थी**

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक में प्रवेश के लिए पंजीकरण की तिथि एक बार फिर 10 जुलाई तक बढ़ा दी है। महाविद्यालयों को 11 से 25 जुलाई तक मेरिट जारी कर विद्यार्थियों के प्रवेश लेने होंगे। नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थी एक साथ दो पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकेंगे, जिसमें एक पाठ्यक्रम संस्थागत और एक व्यक्तिगत या ऑनलाइन या दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कर सकेंगे।

कुलसचिव संजीव कुमार ने विश्वविद्यालय परिसर के सभी संकायाध्यक्षों व विभागाध्यक्षों और महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि सत्र 2024-25 में प्रवेश ऑनलाइन प्रक्रिया से होंगे। विद्यार्थी आवेदन के दौरान 10 महाविद्यालयों का चयन कर सकते हैं लेकिन वह एक ही महाविद्यालय में प्रवेश ले सकेंगे। वह अपनी इच्छा और सीटों की संख्या के आधार पर महाविद्यालय का चयन कर सकेंगे। सभी प्रवेश महाविद्यालयों को स्वयं करने होंगे और उल्लंघन करने पर प्रवेश मान्य नहीं किया जाएगा। प्रवेश पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के बाद महाविद्यालयों को आवेदनों की जांच कर मेरिट जारी करनी होगी। मेरिट जारी करने के बाद महाविद्यालयों को छात्रों के सभी प्रमाणपत्रों की जांच कर ही प्रवेश लेना होगा। विवि ने 3 अप्रैल को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 18 बिंदुओं पर प्रवेश संबंधी निर्देश जारी किए थे। इसमें एल-4 एडॉप्शन गाइडलाइन्स ऑन करिकुलर एंड क्रेडिट फ्रेमवर्क फॉर फोर इयर अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम भी लागू होगा। इसके तहत विद्यार्थी चार वर्षीय स्नातक करने पर परास्नातक में सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश ले सकेगा।

### शारीरिक शिक्षा में पीएचडी होगी शुरू, शोध पर्यवेक्षक के लिए मांगे आवेदन

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षा विषय में पीएचडी शुरू करेगा। इसके लिए शिक्षकों से पर्यवेक्षक बनने के लिए आवेदन मांगे हैं। शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार के मुताबिक कुलपति प्रो. केपी सिंह के अनुमोदन के अनुपालन में शारीरिक शिक्षा में पीएचडी शुरू होगी।

# लंबी दूरी की ट्रेनों में आईसीएफ कोच, आ रही एसी में दिक्कत

बरेली कार्यालय

- **महाकाल और दादर एक्सप्रेस में आती हैं सबसे ज्यादा शिकायतें**
- **दोनों ट्रेनों में एलएचबी रेक लगाने का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में**

**अमृत विचार :** जंक्शन से चलने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में लगे आईसीएफ (इंटीग्रल कोच फैक्ट्री) कोच यात्रियों के लिए मुसीबत का सबब बन गए हैं। इनमें आए दिन एसी काम नहीं करने की शिकायतें आ रही हैं। इंदौर जाने वाली महाकाल एक्सप्रेस और मुंबई जाने वाली (लोकमान्य तिलक टर्मिनस) दादर एक्सप्रेस में यह समस्या आम है। यात्रियों की इस दिक्कत को देखते हुए दोनों ट्रेनों में एलएचबी रेक लगाने का प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन यह प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया।

बरेली जंक्शन से ओरिजनेट होने वाली महज एक ट्रेन आला हजरत को एलएचबी रेक के साथ चलाया जाता है। दादर और महाकाल एक्सप्रेस साप्ताहिक होने के कारण एक ही रेक से चलाई जाती हैं। स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह के अनुसार प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय को



भेजा जा चुका है। रेक प्राप्त होने के बाद ही इसकी संरचना में बदलाव किया जा सकता है। एसी आदि का कार्य ट्रेन एंड लाइटिंग विभाग देखता है।

**बरेली से आगरा के बीच सबसे ज्यादा शिकायतें :** महाकाल, दादर एक्सप्रेस दोनों अलीगढ़ और आगरा होते हुए गुजारी जाती हैं। बरेली से आगरा फोर्ट तक 267 किलोमीटर का सफर तय करने में इस ट्रेन को करीब आठ घंटे लग जाते हैं। सिंगल लाइन के चलते ट्रेन औसत रफ्तार 33 किमी प्रतिघंटा होती है। यही वजह है कि सबसे ज्यादा शिकायतें बरेली से आगरा के बीच आती हैं। पुराने आईसीएफ में सेल्फ जेनरेशन तकनीक के जरिए विद्युत आपूर्ति होती है। ऐसे में जितनी रफ्तार कम होगी, उतनी ज्यादा एसी की दिक्कत होती है।

### इसलिए एचलबी रेक है आईसीएफ से बेहतर

एलएचबी रेक लगने से एसी की समस्या इसलिए खत्म हो जाएगी, क्योंकि इसमें पॉवर कार लग होती है। साथ ही हेड ऑन जेनरेशन के जरिए विद्युत आपूर्ति होती है, जिसका रफ्तार का कोई लेना देना नहीं होता। लिहाजा, अगर एलएचबी रेक लग जाए तो कम रफ्तार के कारण होने वाली एसी कूलिंग की समस्या पूरी तरह खत्म हो जाएगी। फिलहाल, एलएचबी रेक प्राप्त होने के कोई आसार दिखाई नहीं दे रहे।

## पांच मिनट में पानी भरने का दावा मगर 45 मिनट खड़ी रही गरीबरथ

बरेली कार्यालय

- **क्विक वाटरिंग सिस्टम में प्रेशर नहीं आने से हुई दिक्कत**

**अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर सोमवार को सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस पानी भरने के लिए 45 मिनट खड़ी रही। क्विक वाटरिंग सिस्टम में प्रेशर नहीं आने से पानी भरने में देरी हुई, जबकि रेलवे का दावा है कि ट्रेन में पानी खत्म होने पर पांच से सात मिनट में भर दिया जाएगा। पहले ही देरी से चल रही ट्रेन को जंक्शन से 3 घंटे 44 मिनट की देरी से रवाना किया गया। यात्रियों ने एक्स पर रेलवे अधिकारियों से मामले की शिकायत की।

कैरिज एंड वैगन विभाग को कंट्रोल रूम से मेसेज मिला कि 12203 सहरसा-अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस के अंदर पानी खत्म हो गया है। कैरिज एंड वैगन विभाग का स्टाफ प्लेटफार्म नंबर दो पर लगे क्विवक वाटरिंग सिस्टम पर पहुंचा। जंक्शन पर ट्रेन दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर पहुंची तो पाइप लगाकर पानी भरना शुरू किया लेकिन प्रेशर नहीं आने से पानी नहीं भर सका। इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों को फोन करने के बाद भी पानी का प्रेशर ठीक नहीं हुआ। करीब पौने घंटे बाद पानी भरने के बाद ट्रेन को 1 बजकर 15 मिनट पर जंक्शन से रवाना किया गया। इस मामले में इंजीनियरिंग के अधिकारियों का कहना था कि क्विक वाटरिंग सिस्टम में कोई दिक्कत नहीं थी। स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि क्विक वाटरिंग सिस्टम की देखरेख इंजीनियरिंग विभाग की निगरानी में होती है और पानी भरने का कंट्रोल रूम से मेसेज सीधे कैरिज एंड वैगन विभाग के कर्मचारियों पास आता है।

## बारिश में कासगंज-बरेली रेलवे ट्रैक किनारे की मिट्टी बही

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **बड़ा हादसा बचा, लोगों के सूचना देने पर रेलवे अफसरों में मची खलबली, टीम को भेजकर ठीक कराए गए गड्ढे**

**अमृत विचार:** रेलवे में निगरानी के लिए कर्मचारियों की लंबी फौज है। मगर लापरवाही के चलते कई बाद यात्रियों की जान जोखिम में पड़ जाती है। कासगंज- बरेली ट्रैक पर कासगंज में आवास विकास कॉलोनी के समीप झमाझम बारिश में रेलवे ट्रैक किनारे की मिट्टी बह गई। मिट्टी के साथ पत्थर भी बहने लगे। इस दौरान इधर सेलगभग आधा दर्जन ट्रेनें एवं मालगाड़ियां गुजर गईं। कॉलोनी वासियों ने इसकी सूचना दी तो रेलवे अफसरों ने टीम भेजकर ट्रैक ठीक कराया गया।

रविवार को जिले में झमाझम बारिश हुई थी। सोमवार को बूंदाबांदी के बाद रिमझिम बारिश कुछ स्थानों पर हुई। कासगंज से बरेली के बीच बना रेलवे ट्रैक कमजोर होने लगा। कासगंज में आवास विकास कॉलोनी के समीप रेल ट्रैक को मजबूत बनाने के लिए डाली गई मिट्टी बारिश में बह गई। मिट्टी के साथ ट्रैक के पत्थर भी बहने लगे। कासगंज-बरेली ट्रैक पर सुपरफास्ट, एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें दौड़ती हैं। बारिश में मिट्टी बहने के साथ इधर से ट्रेनें गुजरती रहीं। कई मालगाड़ियां भी गुजर गईं, लेकिन किसी का ध्यान नहीं ट्रैक पर नहीं गया। आवास विकास कॉलोनी के लोगों ने रेलवे ट्रैक की मिट्टी बहती देख इसकी जानकारी केबिन मैन को दी। केबिन मैन ने तत्काल रेलवे कंट्रोल को बताया। इसके बाद अधिकारियों ने टीम को मौके पर भेजा। टीम ने जेसीबी से ट्रैक किनारे मिट्टी डलवाकर मजबूत परत तैयार कराई गई, जिससे ट्रैक दुरुस्त हो गया।

### ट्रैक किनारे भरा पानी

कासगंज-बरेली रेलवे ट्रैक के किनारे आवास विकास कॉलोनी के समीप लंबे क्षेत्र में पानी भरा है, जो मिट्टी की परत को कमजोर कर रहा है। मिट्टी की कमजोर परत पानी में गिर रही है। उसके साथ ही रेलवे ट्रैक पर डाले गए पत्थर भी मिट्टी के साथ पानी में गिर रहे हैं, लेकिन अब रेलवे के कर्मचारियों ने निगरानी तेज कर दी है।



बारिश में कासगंज-बरेली रेलवे किनारे की मिट्टी बह जाने पर हुआ गड्ढा।



मिट्टी डालकर रेलवे ट्रैक किनारे गड्ढे ठीक करते मजदूर। ● अमृत विचार

> बरसात में अक्सर इस तरह की समस्या हो जाती है। रेलवे ट्रैक की मिट्टी धंस जाती है, लेकिन कड़ी निगरानी रेलवे की टीमें करती हैं। सभी ट्रैकों पर कड़ी निगरानी चल रही है। जहां मिट्टी धसने की जानकारी मिलती है तत्काल टीम मौके पर पहुंचकर वहां कार्य करती है।
>
> **-राजेंद्र सिंह,** पीआरओ रेलवे इज्जतनगर रेल मंडल

# डॉग शो में प्रतिबंधित नस्लें भी ले सकेंगी हिस्सा

बरेली कार्यालय

- **रोहिलखंड कैनन क्लब की वार्षिक सभा में पदाधिकारियों ने दी प्रतिबंध को शिथिल करने की जानकारी**

**अमृत विचार :** रोहिलखंड कैनन क्लब ने साफ किया है कि उसकी ओर से आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय स्तर के डॉग शो में उन 21 नस्लों के डॉगी भी हिस्सा ले सकेंगे जिन्हें केंद्र सरकार की ओर से प्रतिबंधित घोषित किया गया था। क्लब की ओर से इस डॉग शो को अक्टूबर-नवंबर में संभावित बताते हुए कहा है कि इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

सिविल लाइंस के एक होटल में सोमवार को क्लब की वार्षिक सभा में अध्यक्ष दिलीप टंडन ने बताया कि कुत्तों के हमलों की घटनाएं बढ़ने के बाद केंद्र सरकार ने मार्च में खतरनाक मानी जाने वाली 21 नस्लों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था। इससे डॉग शो में हिस्सा लेने वाले लोग सर्वाधिक प्रभावित हुए। तमाम कारणों को ध्यान में रखकर अब सरकार ने इस प्रतिबंध को शिथिल किया है। इन नस्लों के आयात, कारोबार और प्रजनन पर रोक लागू रखते हुए डॉग शो में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है। बैठक में सरकार के इस फैसले को स्वागत करते हुए सभी पदाधिकारियों ने अक्टूबर या नवंबर में बरेली में डॉग शो आयोजित करने पर सहमति जताई गई। पदाधिकारियों ने बताया कि रोहिलखंड कैनन क्लब कैनन क्लब ऑफ इंडिया चेन्नई से संबद्ध है। डॉग शो राष्ट्रीय स्तर का होगा। क्लब ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। क्लब की 27 वीं वार्षिक सभा में कार्यकारिणी भी गठित की गई। इसमें दिलीप टंडन को अध्यक्ष, कर्नल गुरदीप सिंह को सचिव, अमित यादव व डॉ अभिजीत पावड़े को उपाध्यक्ष चुना गया।

### शानदार प्रदर्शन करते हैं प्रतिबंधित कुत्ते

क्लब के पदाधिकारियों के अनुसार अपनी शारीरिक संरचना के कारण पिटबुल, रॉट बिलर, कैन-कॉर्सो, बुलडॉग, अमेरिकन बुली नस्ल के डॉगी शो में शानदार प्रदर्शन करते हैं। इसीलिए लोग इन्हें महंगे दामों पर विदेश से मंगाते हैं। अधिकांश श्रेणियों में यही डॉगी विजेता बनते हैं। जर्मन शेफर्ड, गोल्डन रिट्रीवर, लेब्राडोर भी अच्छा प्रदर्शन करते है। बताया गया कि क्लब के डॉग शो में केसीआई से पंजीकृत डॉगी को ही प्रवेश मिलेगा। डॉगी के शरीर में मौजूद चिप को स्कैन कर पंजीकरण नंबर और उसके मालिक की आईडी को चेक किया जाएगा।

# मंडल में 57 लाख मजदूर ई-श्रम योजना में हुए पंजीकृत

बरेली कार्यालय

- **उपश्रमायुक्त बोले- 60 साल की उम्र के बाद महीने में मिलेगी तीन हजार रुपये पेंशन**
- **शाहजहांपुर में 13 लाख 19 हजार 980, पीलीभीत में 10 लाख 5 हजार 285 और बदायूं में 14 लाख 2 हजार 54 श्रमिक पंजीकृत**

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन (ई-श्रम) योजना के तहत मंडल में 57 लाख मजदूर पंजीकृत हुए हैं। योजना में रेहड़ी और फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले और रिक्शा चालक भी पंजीकृत हैं। इन सभी को 60 साल की उम्र पूरी होने पर तीन हजार रुपये महीना पेंशन मिलेगी। इसके लिए श्रमिक को कुछ प्रीमियम चुकाना होगा।

उप श्रमायुक्त डॉ. दिव्य प्रताप सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को तीन हजार रुपये पेंशन देने की व्यवस्था सरकार ने की है। इसमें 18 से 40 साल आयु वर्ग के असंगठित वर्ग जैसे ठेला चलाने वाले, फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले, रेहड़ी लगाने वाले और रिक्शा चालक आदि लोग आते हैं। असंगठित क्षेत्र के ऐसे श्रमिक जिनका पीएफ या ईएसआई कटता है या वह आयकरदाता हैं तो वह योजना में आच्छादित नहीं होंगे। श्रमिक जितनी कम उम्र में योजना में शामिल होगा उसे उतना कम प्रीमियम देय होगा। प्रीमियम की राशि 50 से 200 रुपये तक है।

उन्होंने बताया कि मंडल में 57 लाख 46 हजार 721 श्रमिक योजना में पंजीकृत हो चुके हैं और प्रीमियम अदा कर रहे हैं। योजना में बरेली में सबसे ज्यादा 19 लाख 39 हजार 402 श्रमिक, शाहजहांपुर में 13 लाख 19 हजार 980, पीलीभीत में 10 लाख 5 हजार 285 और बदायूं में 14 लाख 2 हजार 54 श्रमिक पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि बाल श्रम उन्मूलन का अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को भी भोजीपुरा और नवाबगंज में कार्रवाई की गई। साप्ताहिक दुकान बंदी का भी सख्ती से पालन किया जा रहा है।

### किसान के ऊपर गिरी दीवार, अस्पताल में मौत

**कुंवर गांव।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किसान के ऊपर दीवार भरभरा कर गिर गयी जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। हल्का लेखपाल बृजेश यादव ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। थाना क्षेत्र के गांव दुगरइया निवासी किसान हुलसेन कश्यप पुत्र बुधपाल कश्यप अपने घर में अकेले रहते थे। उनके पत्नी व बच्चे दिल्ली में रहते हैं। सोमवार सुबह नौ बजे हुलसेन कश्यप सीढ़ी पर चढ़कर दीवार पर कुछ काम कर रहे थे इसी बीच अचानक दीवार भरभरा कर गिर गई। जिससे हुलसेन कश्यप दीवार के मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

## सार-संक्षेप

### शादी से इन्कार करने पर तेजाब डालने की दी धमकी

**बरेली।** शादी से इन्कार करने पर युवक ने युवती के फोटो एडिट कर वायरल कर दिए। इससे युवती का दूसरी जगह रिश्ता टूट गया। आरोपी के भाई ने युवती के चेहरे पर तेजाब डालने की भी धमकी दी है। एसएसपी के आदेश पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी युवक, उसकी मां समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इज्जतनगर क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बताया कि उसके गांव का सुरेंद्र काफी समय से उनका रास्ता घेरकर अश्लील हरकतें करता है। सुरेंद्र ने उनके फोटो मोबाइल से खींच लिए और एडिट कर वायरल कर दिए। उनका एक गांव में रिश्ता तय हो गया था लेकिन सुरेंद्र और उसकी मां कलावती ने लड़के और उसके पिता को गांव में बुलाकर एडिट फोटो दिखाकर अभद्रता की, जिससे उनका रिश्ता टूट गया। 25 जून को सुरेंद्र का भाई महेंद्र और परमानंद शराब पीकर उनके घर के सामने आए और गालीगलौज की। 26 जून को परमानंद ने शादी करने का दबाव बनाया और इन्कार करने पर अपहरण और तेजाब डालने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि वह आरोपियों के डर से घर से नहीं निकल पा रही है।

### नए क्षेत्रीय लेखा कार्यालय से 160 सैन्य यूनिट्स को मिलेगा लाभ

**बरेली।** वरिष्ठ रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक रोजी अग्रवाल ने सोमवार को रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना) के अधीन बीआई बाजार स्थित नए क्षेत्रीय लेखा कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने शिलापट का अनावरण कर कहा कि इस कार्यालय से करीब 160 सैन्य यूनिट्स को लाभ मिलेगा। यहां सैन्य यूनिट्स को उनके ऑडिट प्रकरण, उनमें पदस्थ सैन्य व असैन्य कर्मचारियों के मामलों का निस्तारण होगा। अब इसके लिए मेरठ स्थित रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना) कार्यालय का रूख नहीं करना पड़ेगा। कार्यालय से बरेली, शाहजहांपुर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, धारचूना, रानीखेत, उधम सिंह नगर, हल्द्वानी, बनबसा आदि क्षेत्र में स्थित सैन्य इकाइयों के कार्मिकों को लाभ मिलेगा। कार्यालय प्रभारी सहायक नियंत्रक कमल सिंह, मेजर जनरल (चिकित्सा सेवाएं) योगेंद्र सिंह, रक्षा लेखा नियंत्रक मेरठ तरुण कुमार जाजोरिया, सहायक नियंत्रक मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### शाहजहांपुर-बरेली-मुरादाबाद के बीच मेमू ट्रेन चलाने का प्रस्ताव

**बरेली।** मुरादाबाद रेल मंडल ने मुरादाबाद से बरेली होते हुए शाहजहांपुर के बीच एक मेमू ट्रेन के संचालन का निर्णय लिया है। इसका प्रस्ताव तैयार कर जोनल मुख्यालय भेजा गया है। मुख्यालय से मंजूरी के बाद ट्रेन चलेगी। बरेली जंक्शन से अभी बरेली रोजा पैसेंजर ट्रेन को मेमू रैक में चलाया जा रहा है लेकिन शाहजहांपुर के लिए कोई और मेमू ट्रेन नहीं है। अब रेलवे ने शाहजहांपुर के लिए मेमू ट्रेन का संचालन करने की जानकारी दी है। राकेश यादव ने मुरादाबाद रेल मंडल के अधिकारियों से एक्स पर सवाल किया था कि क्या शाहजहांपुर से मुरादाबाद के बीच कोई मेमू ट्रेन चलाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। इसके जवाब में मंडल रेल प्रबंधक की ओर से बताया गया कि मुख्यालय को इस रूट पर ट्रेन चलाने का प्रस्ताव भेजा गया है और मुख्यालय के आदेश का इंतजार है।

### शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए पैसे मांगने की जांच शुरू

**बरेली कार्यालय, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में शिक्षकों के एकल स्थानांतरण के लिए प्राचार्य और सचिव के नाम से पैसे मांगने के मामले में समिति ने जांच शुरू कर दी है। समिति ने सोमवार को बैठक की, जिसमें निर्णय लिया गया कि प्राचार्य कक्ष से आवेदन करने वाले शिक्षकों की पूरी जानकारी मांगी जाएगी और फिर शिक्षकों को नोटिस जारी कर उनका स्पष्टीकरण लिया जाएगा। शिक्षक संघ ने प्राचार्य प्रो. ओपी राय से शिकायत की थी कि प्राचार्य और सचिव के नाम से एकल स्थानांतरण के लिए आवेदन करने वाले शिक्षकों से पैसे लेने की बात सामने आई है। इस पर प्राचार्य ने डॉ. खुर्शीद को संयोजक बनाते हुए प्रो. आलोक खरे, प्रो. वंदना शर्मा, डॉ. अनूप कुमार, डॉ. दयाराम, डॉ. सुंदर सिंह और पंकज अग्रवाल की एक समिति बनाई है। सोमवार को समिति की बैठक हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि प्राचार्य कार्यालय से जानकारी मांगी जाए कि कितने शिक्षकों ने स्थानांतरण के लिए आवेदन किए हैं। उनके नाम, पते, मोबाइल नंबर समेत अन्य जानकारी मांगी जाएगी। इसके बाद शिक्षकों को नोटिस जारी किए जाएंगे और उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा कि क्या उनसे किसी ने पैसे मांगे, क्या उन्होंने किसी को पैसे दिए और किसी को पैसे दिए तो कितने। यदि पैसे मांगने की बात सही हुई तो जांच के आधार पर पैसे मांगने वाले पर कार्रवाई की जाएगी। समिति के संयोजक डॉ. खुर्शीद अली ने बताया कि समिति ने बैठक की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## एक नजर

### अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में गवाह से हुई जिरह

**रामपुर।** अब्दुल्ला आजम खां के दो पैन कार्ड मामले में सोमवार को बरेली से गवाह ऋषिपाल कोर्ट पहुंचे। अब्दुल्ला आजम खां के अधिवक्ता ने जिरह की, जो पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में नौ जुलाई की तारीख लगाई गई है। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस थाने में 2019 में पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पैन कार्ड रखने का मामला दर्ज कराया था। इसमें सपा नेता आजम खां को भी आरोपी बनाया गया है। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। सोमवार को गवाह ऋषिपाल कोर्ट पहुंचे। अब्दुल्ला आजम के वकील ने उनसे जिरह की, जो पूरी नहीं हो सकी। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि दो पैन कार्ड मामले में अब सात जुलाई को सुनवाई होनी है।

### जयाप्रदा के आचार संहिता उल्लंघन मामले में बहस पूरी

**रामपुर।** पूर्व सांसद जयाप्रदा के केमरी के आचार संहिता उल्लंघन मामले में सोमवार को बहस पूरी हो गई। इस मामले में 11 जुलाई को फैसला आ सकता है। मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही है। पूर्व सांसद के खिलाफ 2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान पिपलिया मिश्र गांव में हुई जनसभा में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा था। इस मामले में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में विवेचना के बाद पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। सोमवार को दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि निर्णय की तारीख 11 जुलाई लगाई गई है।

### आगरा में कपड़े के शोरूम में लगी आग

**आगरा।** फतेहाबाद कस्बे में इन्वर्टर की बैटरी फटने से कपड़े के शोरूम में आग लग गई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस और फायर बिग्रेड मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कस्बा फतेहाबाद के जमुना गली में शिवम गारमेंट्स की दुकान में भीषण आग लगी। सोमवार सुबह हुए इस हादसे की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों की भीड़ लग गई। दुकान स्वामी भी मौके पर पहुंच गए। जांच में पता लगा कि शोरूम में रखी इन्वर्टर की बैटरी फट गई थी। जिसके बाद तेज धमाका हुआ और आग तेजी से फैल गई। आग में लाखों रुपये का माल जल गया।

# घाघरा में कूदी युवती की लाश शारदा से बरामद करा दी

## अब महिला के घरवालों ने कपड़ों से की शिनाख्त तो पुलिस पशोपेश में

संवाददाता, निघासन (खीरी)

**अमृत विचार:** ढखेरवा पुलिस का कारनामा तो देखिए 19 जून को प्रेमी के साथ घाघरा नदी में कूदी युवती की लाश दसवें दिन शारदा नदी से बरामद करा दी। हकीकत में शारदा नहर में मिली लाश चौकी ढखेरवा क्षेत्र से ही लापता महिला की थी। अब महिला के परिजनों ने उसके कपड़ों से शिनाख्त की तो ढखेरवा चौकी इंचार्ज रविंद्र सोनकर को जवाब देते नहीं सूझ रहा है। मामला क्षेत्र में चर्चा का केन्द्र बना है। वहीं, सीओ निघासन प्रवीण कुमार ने पूरे मामल की जांच कराने की बात कही है।

ढखेरवा गांव की 18 वर्षीय युवती अपने घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने गांव के ही किशोर के साथ प्रेम प्रसंग होने और उसी के साथ भाग जाने की सूचना पुलिस को दी थी। अगले दिन 20 जून को किशोर का शव बहराइच के सुजौली थाना क्षेत्र में घाघरा नदी के पास बने बांध के पानी से बरामद हुआ था। युवती का दुपट्टा किशोर के शव के साथ निकला था।

आशंका जताई जा रही थी कि दोनों ही घाघरा नदी में एक साथ कूद गए होंगे। दूसरी तरफ 16 वर्षीय किशोर के पिता ने प्रेम-प्रसंग जैसी किसी बात से इंकार करते हुए युवती के परिवार वालों पर बेटे को अगवा करके मार देने का आरोप लगाया था, लेकिन चौकी पुलिस ने मामला सुजौली थाने का बताकर पल्ला झाड़ लिया था। उधर, थाना सुजौली में युवती के पिता और भाई के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इधर, 28 जून को मल्लबेहड़ पुल के पास शारदा नदी से एक महिला का शव मिला तो पुलिस ने न तो उसके हाथों की चूड़ियां देखीं और न ही साड़ी, लापता युवती की लाश बताकर के परिजनों को दिखाई। उधर, युवती के परिवार वालों ने शव की शिनाख्त कर ली।

**25 जून से लापता हुई महिला की थी लाश**

थाना पढ़ुआ के गांव गजियापुर गांव निवासी प्यारेलाल के साथ मीरा की शादी हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे मारते-पीटते थे। 25 जून को पति का फोन आया कि मीरा लापता हो गई है। इस पर फूलमती ने पढ़ुआ थाने पर तहरीर दी तो उसे बदलवाकर गुमशुदगी दर्ज की गई। रविवार को बेटे सोनेलाल के साथ थाने पहुंची फूलमती ने 28 जून को शारदा नहर से बरामद शव उसके कपड़ों से अपनी बेटी मीरा की शिनाख्त की। फूलमती को जब पता लगा कि शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है तो उसने पुलिस और परिजनों पर कार्रवाई के साथ ही अस्थियां दिलाने की मांग की है।

- **सलवार-कुर्ती के बजाय साड़ी में लिपटी महिला और चूड़ियों की भी कर दी अनदेखी**
- **अब अस्थियां दिलाने की महिला के परिवार वाले कर रहे गुहार**

# ट्रक व कंटेनर की भिड़ंत में चालक की मौत

**संसारपुर, अमृत विचार:** थाना मैलानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम लाल्हापुर में नेशनल हाइवे 730 पर स्थित गुरुद्वारे के पास सोमवार सुबह चार बजे ट्रक संख्या यूके 06 सीए/8237 मुरादाबाद से मधुमक्खी का शहद लेकर चांदीपुर पश्चिम बंगाल जा रहा था। ट्रक गुरुद्वारे के पास पहुंचा ही था की सामने से आ रहे कंटेनर संख्या यूपी 21 सीएन/6614 से जोरदार टक्कर हो गई। इस दौरान गुरुद्वारे में सो रहे सेवादार सरदार जोगा सिंह और सतनाम सिंह मौके पर पहुंचे और ट्रक में बुरी तरह से फंसे चालकों के साथ हेल्परों को निकालने का प्रयास शुरू कर घटना की सूचना मैलानी पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची संसारपुर चौकी पुलिस ने सेवादारों तथा ग्रामीणों के सहयोग से ट्रकों के केविन में फंसे चालकों को बाहर निकाला। ट्रक चालक करन सिंह (35) तथा हेल्पर धर्मेन्द्र कुमार निवासी ग्राम भौनी थाना अमरिया जिला पीलीभीत के साथ कंटेनर चालक वाजिद अली (30) हेल्पर जय कुमार (26) पुत्र श्रीप्रकाश निवासी उत्तमपुर भेलपुर गंभीर घायल हो गए।

# मस्जिद पर कब्जे को लेकर दो गुटों में टकराव के हालात

संवाददाता, गुन्नौर (संभल)

- **एसडीएम, सीओ पुलिस बल के साथ पहुंचे, आक्रोशित लोगों को समझा कर किया शांत**

**अमृत विचार :** गुन्नौर में मस्जिद पर कब्जे को लेकर बवाल होते-होते बच गया। एक ही समुदाय के दो पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए तो टकराव तक नौबत पहुंच गई।

सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन के अधिकारी भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को किसी तरह समझा बुझाकर मामला शांत कराया। मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। चर्चा है कि कुछ लोग विवादित मस्जिद पर कब्जा करने के लिए आए थे। जिससे प्रकरण गर्मा गया।

कस्बे के मुहल्ला मासूम अली स्थित दालान वाली मस्जिद को लेकर मोहम्मद फैजयाब और मशकूर के गुटों में लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। मामला वक्फ ट्रिब्यूनल में विचाराधीन है। इन दिनों मस्जिद पर फैजयाब गुट का कब्जा बताया गया है। आरोप है कि सोमवार को मशकूर गुट ने अल्पसंख्यक आयोग के आदेश का हवाला देते हुए मस्जिद पर कब्जे की कोशिश की तो फैजयाब गुट के लोगों ने विरोध किया। मौके पर दोनों गुटों के तमाम लोग आ गए। जिससे दोनों पक्षों के लोगों के बीच टकराव के हालात बन गए। सूचना मिलने पर एसडीएम रमेश बाबू और सीओ डॉ. गणेश गुप्ता कोतवाली से पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंच गए।

अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझाबुझा कर स्थिति संभाली। दालान वाली मस्जिद पर कब्जा को लेकर कस्बे में गुटीय टकराव की आशंका के मद्देनजर पुलिस चौकसी बढ़ा दी गई है। हालांकि प्रशासन की ओर से किसी भी पक्ष के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है। निरीक्षक अपराध विनीत कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों में सुलह समझौते की बात चल रही है। एसडीएम रमेश बाबू ने मीटिंग में होना बताकर बाद में जानकारी देने की बात कही।

# विपक्षियों को फंसाने के लिए चलवाई थी गोली

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना खीरी क्षेत्र के गांव इलायचीपुरवा में शनिवार की शाम को हुआ गोलीकांड फर्जी निकला। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि विरोधियों को फंसाने के लिए आरोपियों ने फर्जी गोलीकांड कर झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान भेजा है। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि गांव इलाइचीपुरवा में प्रधानी के चुनाव को लेकर दो पक्षों में रंजिश चली आ रही। इसी रंजिश में 29 जून की शाम ग्राम प्रधान पक्ष के युवराज वर्मा व उनके पुत्र मोहित व दूसरे पक्ष के मुनीश, अभिषेक, महेश व अंकित की कोतवाली सदर के मीरपुर शराब भट्टी के पास आपस में कहासुनी हो गई थी। इसके बाद दोनों में जमकर मारपीट भी हुई थी। सदर कोतवाली पुलिस ने युवराज वर्मा की तहरीर पर मुनीश, अभिषेक, अंकित व महेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मुनीष ने 315 बोर के तमंचा में भरुआ कारतूस लगाकर अंकित उर्फ बुद्धा की पीठ पर गोली मारकर चोट पहुंचाई। पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो घटना का खुलासा हो गया।

# गोलीकांड : पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज होगा राणा का गिरोह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सभी आरोपियों के आपराधिक इतिहास तैयार कराने के बाद लगेगा एनएसए, काम में जुटीं पुलिस टीमें**

**अमृत विचार :** प्लॉट पर कब्जे के लिए पीलीभीत बाईपास पर 22 जून को दिनदहाड़े भीषण गोलीबारी कराने के मुख्य आरोपी राजीव राणा के गिरोह को गैंगस्टर एक्ट के तहत पंजीकृत किया जाएगा। घटना के सभी आरोपियों को इस गिरोह के सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा। राणा समेत सभी आरोपियों पर एनएसए की कार्रवाई के लिए पुलिस की टीमों ने उनके आपराधिक इतिहास के बारे में छानबीन शुरू कर दी है।

पीलीभीत बाईपास पर बजरंग ढाबे के पास एक प्लॉट पर कब्जे के लिए राजीव राणा ने 22 जून को गोलीबारी कराई थी। पुलिस इस घटना के बाद दूसरे पक्ष के आदित्य उपाध्याय और उसके बेटे अभिराज के साथ राणा, उसके बेटों और भाइयों समेत दो दर्जन से ज्यादा लोगों को जेल भेज चुकी है। अब पुलिस राजीव राणा को अपने रिकॉर्ड में पंजीकृत करने की तैयारी कर रही है ताकि इसके बाद सभी आरोपियों पर एनएसए की कार्रवाई की जा सके। हालांकि अभी राणा का भाई संजय राणा और बदमाशों को होटल में शरण देने वाला सीके वैली होटल का मालिक चांद मियां पुलिस की गिरफ्त से दूर है। पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

> गोलीकांड के दोनों पक्षों को गिरोह के रूप में पंजीकृत कर उन पर गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी। घटना में शामिल सभी आरोपियों को गिरोह के सदस्य के रूप में दर्ज किया जाएगा। इस केस की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराई जाएगी।
>
> – अनुराग आर्य, एसएसपी

# मानसिक मंदित महिला का शव निर्वस्त्र हालात में मिला, हत्या की आशंका

**आगरा, अमृत विचार :** आगरा कैंट रेलवे स्टेशन के पास रेलवे पुल के नीचे एक महिला का निर्वस्त्र हालात में शव मिलने से सनसनी फैल गई। महिला के सिर पर पत्थर से प्रहार किए जाने के निशान है। जानकारी होते ही जीआरपी मौके पर पहुंच गई और शव की पहचान कराने का प्रयास किया। पुलिस को अब तक की जांच में यह पता चला कि महिला मानसिक मंदित थी। वह स्टेशन परिसर में घूमती रहती थी। क्षेत्रीय लोगों ने दुष्कर्म की भी आशंका जताई है। क्षेत्र के रहने वाले शिवम ने पुलिस को महिला के शव पड़े होने की सूचना दी। शिवम ने बताया कि वह लड़कों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। तभी उनकी गेंद वहां पहुंच गई थी। वह बॉल उठाने के लिए गया तो वहां शव पड़ा देखा। जीआरपी आगरा कैंट प्रभारी निरीक्षक समरबहादुर सिंह ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाई है।

# बरेली में सबसे अधिक बारिश, लखनऊ में मौसम सुहाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मानसून का असर बढ़ रहा है। प्रदेश में सबसे अधिक वर्षा बरेली में 32.2 मिमी रिकार्ड की गई। लखनऊ और आसपास हल्की बारिश से मौसम सुहाना रहा। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगले 48 घण्टों में हवा की रफ्तार तेज हो जाएगी। कुछ स्थानों पर भारी बारिश भी हो सकती है।

मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, 24 घण्टे में प्रदेश में सबसे अधिक वर्षा बरेली में हुई, जो 32.2 मिमी रिकार्ड की गई। दूसरे स्थान पर कानपुर रहा। यहां 17.6 मिमी बारिश हुई। वहीं प्रयागराज प्रदेश में चौथे स्थान पर रहा, यहां वर्षा 3.9 मिमी रिकार्ड की गई। बताया कि अगले 48 घण्टों में लखनऊ और आसपास इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की संभावना बन रही है।

**प्रशांत और हिंद महासागर में समुद्र सतह तापमान की स्थितियां :** मौसम विभाग के मुताबिक, वर्तमान में भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में ईएनएसओ तटस्थ स्थितियां देखी जा रही हैं। भूमध्यरेखीय पश्चिमी और मध्य प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान (एसएसटी) औसत से अधिक है, और पूर्वी भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में औसत से नीचे है। नवीनतम एमएमसीएफएस पूर्वानुमान से संकेत मिलता है कि मानसून ऋतु के दूसरे भाग के दौरान ला नीना की स्थिति विकसित होने की संभावना है। वर्तमान में, हिंद महासागर पर तटस्थ हिंद महासागर द्विध्रुव स्थितियां प्रचलित हैं। नवीनतम जलवायु मॉडल पूर्वानुमानों से संकेत मिलता है कि मानसून ऋतु के दौरान तटस्थ आईओडी स्थितियां जारी रहने की संभावना है।

**इन इलाकों में भारी बारिश की संभावना**

देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत और आसपास के इलाकों के लिए ऑरेंज अलर्ट है। जबकि आजमगढ़, मऊ, बस्ती, गोंडा, सीतापुर फर्रुखाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, शामली, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, औरैया, अमरोहा, शाहजहांपुर व आसपास के इलाकों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

## सार-संक्षेप

### आवास विकास में संपत्ति प्रबंधकों की तैनाती

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र आवास एवं विकास परिषद ने प्रदेश में संपत्ति प्रबंधकों के कार्यों में फेरबदल किया है। इसमें लखनऊ में आमृपाली व राजाजीपुरम योजना संपत्ति प्रबंधक मुकेश पाल देखेंगे। आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने प्रदेश में संपत्ति प्रबंधकों की तैनाती की है। इनमें मुख्यालय के कुछ प्रशासनिक अधिकारी शामिल हैं। सोमवार को जारी आदेश में प्रशासनिक अधिकारी मुकेश पाल संपत्ति प्रबंध कार्यालय आम्रपाली व राजाजीपुरम लखनऊ की योजना देखेंगे। जो पट्टा, विलेख, किराया, विक्रय आदि कराएंगे। अब तक आम्रपाली व राजाजीपुरम् योजना देख रहे रामचंद्र संपत्ति प्रबंध कार्यालय अयोध्या, सुल्तानपुर, गोंडा, बाराबंकी की योजनाएं देखेंगे। लखनऊ मुख्यालय के सुनील कुमार शर्मा को संपत्ति प्रबंध कार्यालय मेरठ, हापुड़, हरिद्वार व रुड़की की जिम्मेदारी मिली है। नृपेंद्र बहादुर सिंह संपत्ति प्रबंधक कार्यालय गाजियाबाद व बड़ौत के साथ संपत्ति प्रबंध कार्यालय मंडोला बागपत देखेंगे। वहीं, नरेंद्र सिंह संपत्ति प्रबंध कार्यालय वाराणसी, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया व अमित कुमार संपत्ति प्रबंध कार्यालय मथुरा, कासगंज, हाथरस, अलीगढ़ योजनाओं के कार्य देखेंगे।

### नेशनल हाईवे पर कंटेनर की टक्कर से मां-बेटे की मौत

**फर्रुखाबाद, अमृत विचार :** शाहजहांपुर के थाना अल्लाहगंज के ग्राम सपाह धरमपुर पिडरियां निवासी ओमवीर सोमवंशी सोमवार को पत्नी प्रतिमा सोमवंशी (30) व 11 माह के पुत्र केशव के साथ पांचाल घाट आए थे। गंगा पूजन के बाद वह बाइक से वापस जा रहे थे। तभी थाना राजेपुर क्षेत्र के इटावा बरेली नेशनल हाईवे पर ग्राम जैनापुर के पास पीछे से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दी। ओमवीर तो चोटिल हुए, लेकिन पत्नी प्रतिमा की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर थाना राजेपुर पुलिस भी आ गई। मौके से गुजर रहे थाना जलालाबाद क्षेत्र निवासी विमल और रवी घायल बच्चे केशव की सांसें चलते देख पिता ओमवीर के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। ईएमओ डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी ने चेकअप के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। कुछ ही देर में प्रतिमा का शव भी जिला अस्पताल लोहिया आ गया।

### मां-बेटी की मौत के एक दिन बाद बेटे ने भी दम तोड़ा

**भदोही, एजेंसी :** जिले के कोइरौना इलाके में एक महिला और उसकी बेटी की जहरीला पदार्थ खाने से हुई मौत के एक दिन बाद सोमवार को उसके बेटे की भी मौत हो गयी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) तेजवीर सिंह ने बताया कि कोइरौना थाना इलाके के अरई गांव में सुनील तिवारी की पत्नी सुमन तिवारी (42), बेटी कोमल तिवारी (22) और बेटा गोलू तिवारी (18) ने रविवार को जहरीला पदार्थ निगल लिया था। हालत खराब होने पर उन्हें प्रयागराज के भीटी स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। एएसपी ने बताया कि मां-बेटी की रविवार को मौत हो गई थी जबकि उसके बेटे गोलू को यहां से प्रयागराज जिले के स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां आज उसकी भी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस मामले में मृतका सुमन तिवारी के भाई अशोक कुमार की शिकायत पर तिवारी की सास महाराजी देवी व जेठानी सरोजा देवी के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### दर्शन को आए दो श्रद्धालुओं की हुई मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामलला का दर्शन करने जा रहे दो बुजुर्ग श्रद्धालु सोमवार को अचानक बेहोश हो गए। परिवार की ओर से श्रीराम अस्पताल पहुंचाए जाने पर ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसा अलग-अलग समय हुआ। डॉक्टरों ने शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए मेमो थाना राम जन्मभूमि पुलिस को भेजवाया है। कर्नाटक प्रान्त के उत्तर कर्नाटका जनपद के थाना करवार स्थित करवार चेंडिया निवासी बुजुर्ग राघवदास साहूकार (71) पुत्र स्व. दामोदर साहूकार दर्शन-पूजन के लिए अपनी पत्नी के साथ अयोध्या आए थे।


**गुमशुदा**



**अमन**
उम्र 14 वर्ष

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र **अमन** जिसका दिमागी सन्तुलन ठीक नहीं है। दिनांक 27.06.2024 को सुबह 8:00 बजे घर से बिना बताये चला गया है। अभी तक लौटकर वापस नहीं आया है। अमन लाल टी शर्ट और मेंहदी रंग का लोअर पहने हुये है। जिस किसी को भी इसकी सूचना मिले। कृपया निम्न पते पर अवश्य सूचित करे। उसे उचित ईनाम दिया जायेगा।

पता : माया देवी, पत्नी स्व. कुंवरसेन
पस्तौर, थाना सी.बी. गंज, जिला बरेली
फोन : 9528208684

**प्रा.वि. अमसाह वि.खं. भदपुरा, बरेली**

**नीलामी सूचना**

अपर मुख्य सचिव उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या-885/68-5/2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 दिनांक 03.09.2020 तथा अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंता विभाग प्रखंड-बरेली के पत्रांक 2504/ग्रा.अ.वि./कैंप/जीर्ण भवन तथा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्रांक एस.एस.ए./निर्माण- 3395/3405/2023-24 दिनांक 25.10.2023 के अनुपालन में प्राथमिक विद्यालय के जर्जर कक्ष की नीलामी 05.07.24 दिन शुक्रवार को प्रातः 11 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। बोलीदाता को बोली से पूर्व धरोहर धनराशि 10000 रू. जमा करनी होगी। नीलामी की शेष शर्ते विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है। बोलीदाता का पंजीकरण नीलामी दिनांक को ही 10 बजे प्रातः को 10:30 तक होगा। बोलीदाता अपना आधार कार्ड अनिवार्य रूप से साथ लेकर आयें।

**ममता देवी-(अध्यक्ष)** **रवीन्द्र कुमार-(सचिव)**
**विद्यालय प्रबंध समिति प्राथमिक विद्यालय अमसाह वि.खं. भदपुरा, बरेली**

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति-बरेली**

पत्रांक : कृ.उ.म.स./2024-421 दिनांक 29.06/2024

**कुटेशन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डी समिति बरेली में मण्डी सचल दल/विभागीय कार्य हेतु "01 नग" बोलैरो वाहन मासिक किराये पर लिये जाने की आवश्यकता है। वह अपने कुटेशन दिनांक 06.07.2024 को दोपहर 02:00 बजे तक समिति कार्यालय बरेली में प्रेषित करे, तथा दिनांक 06.07.2024 की सांय काल 05:00 बजे सभापति महोदय द्वारा कुटेशन खोले जायेंगे। विभाग द्वारा मात्र डीजल दिया जायेगा, शेष मरम्मत खर्चे यथा चालक, मोबिल ऑयल आदि वाहन स्वामी को वहन करने होंगे। कुटेशन के साथ वाहन की आर.सी. व इन्श्योरेन्स सम्बन्धी अभिलेख एवं आयकर पैन नम्बर संलग्न करना अनिवार्य है। वाहन एवं वाहन चालक 24 घंटे समिति में उपलब्ध रहेगें, शेष नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में समिति कार्यालय में देखी जा सकती है।

**सचिव** — **कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बरेली**
**सभापति** — **कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बरेली**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सराय, वि.खं. शेरगढ़, बरेली**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सराय में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री विवरण निम्न है। ईंट, बजरफुट, सीमेन्ट, बजरी, महीन रेता, ईंट रोड़ी व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है। उक्त सामग्री सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 01.07.2024 से दिनांक 03.07.2024 को दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित है, जो उसी दिन दिनांक 03.07.2024 को अपरान्ह 1 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। विवरण निम्न है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु० लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | अनवार के घर से मेन रोड तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 90×3.3 मी. | 2,50,000/- |
| 2. | पिपरा में तुलाराम के खेत से रामपुर वार्डर तक मिट्टी व खड़ंजा निर्माण कार्य | 150×4 मी. | 2,50,000/- |

**प्रधान-सन्तोष कुमारी** **सचिव-नन्हें खां**

**कार्यालय मॉडल प्राथमिक विद्यालय ब्योंधा, शेरगढ़ (बरेली)**

पत्रांक : मा.प्रा.वि./583/2024-25 दिनांक 01.07.2024

**विज्ञप्ति**

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02 जुलाई 2024 को मा. प्रा. वि. ब्योंधा के नाम दर्ज कृषि भूमि की कृषि कार्य हेतु नीलामी विद्यालय के प्रांगण में शासन के नियमों के अधीन की जानी है। जिसमें इच्छुक व्यक्ति निर्धारित शर्तों के अधीन बोली लगा सकते हैं। नीलामी का समय दोपहर 12 बजे निर्धारित किया गया है।

**लईक अहमद**
**प्रधानाध्यापक**
**मा.प्रा.वि. ब्योंधा, शेरगढ़, बरेली**

**ग्राम पंचायत साबर खेड़ा, विकास खण्ड बिथरी चैनपुर (बरेली)**

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत साबर खेड़ा में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न विवरण अनुसार उच्च कोटि की निर्माण सामग्री सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रोड़ा महीन रेता प्रथम ईट आदि की सीलबन्द निविदायें दिनांक 08.07.2024 को दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदायें उसी निविदादाता व उसके प्रतिनिधि के समक्ष उसी को सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत सचिव/प्रधान की अध्यक्षता में शाम 3:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | लम्बाई | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | सादिक के घर से फुन्दन के घर तक सी सी व नाली निर्माण | 160 मी. | 399253/- |

**ग्राम प्रधान** — **श्रीमती गुलशन**
**सचिव** — **श्री अजय वंश**

**कार्यालय ग्राम पंचायत गैली वि.खं. खुदागंज, शाहजहाँपुर**

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वर्ष 2024-25 की कार्य योजनानुसार पन्द्रहवाँ वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, एसएलडब्लूएम योजना तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण/नाली मरम्मत, सिल्ट, कचर, सोकपिट, वर्मी कम्पोस्ट, खडण्जा नवनिर्माण/खडण्जा मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाइटें स्थापना/अनुरक्षण, हैंण्डपंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवॉल व पंचायत घर निर्माण, पंचायत घर का निर्माण/मरम्मत, प्राथमिक विद्यालय जूनियर विद्यालय का कायाकल्प, इण्टरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण निर्माण कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवॉल, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। आरसीएम सेंटर, कूड़ा वाहन/ईरिक्शा, ओडीएफ प्लस के अन्य कार्य अनुरक्षण उक्त वर्णित कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, ईट प्रथम श्रेणी, इण्टरलॉकिंग ईट, सीमेन्ट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, कम्प्यूटर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, बायोमैट्रिक, दरी, अलमारी, सोलर पैनल, इन्वर्टर, कुर्सी मेज, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी भराव, सैनेटाइजिंग, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन/सफाई किट, मास्क क्रय एवं पीपीई किट एवं अन्य सामग्री/ वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें दिनांक 08.07.24 को ग्राम पंचायत पर अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उक्त दिनांक को 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**मो. महबूब हुसैन** — **ग्राम प्रधान**
**अशोक गंगवार** — **ग्राम पंचायत अधिकारी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुरगांव वि.खं. खुदागंज, शाहजहाँपुर**

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वर्ष 2024-25 की कार्य योजनानुसार पन्द्रहवाँ वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, एसएलडब्लूएम योजना तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण/नाली मरम्मत, सिल्ट, कचर, सोकपिट, वर्मी कम्पोस्ट, खडण्जा नवनिर्माण/खडण्जा मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाइटें स्थापना/अनुरक्षण, हैंण्डपंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवॉल व पंचायत घर निर्माण, पंचायत घर का निर्माण/मरम्मत, प्राथमिक विद्यालय जूनियर विद्यालय का कायाकल्प, इण्टरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण निर्माण कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवॉल, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। आरसीएम सेंटर, कूड़ा वाहन/ईरिक्शा, ओडीएफ प्लस के अन्य कार्य अनुरक्षण उक्त वर्णित कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, ईट प्रथम श्रेणी, इण्टरलॉकिंग ईट, सीमेन्ट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, कम्प्यूटर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, बायोमैट्रिक, दरी, अलमारी, सोलर पैनल, इन्वर्टर, कुर्सी मेज, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी भराव, सैनेटाइजिंग, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन/सफाई किट, मास्क क्रय एवं पीपीई किट एवं अन्य सामग्री/ वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें दिनांक 08.07.24 को ग्राम पंचायत पर अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उक्त दिनांक को 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**श्री तेजराम** — **ग्राम प्रधान**
**अशोक गंगवार** — **ग्राम पंचायत अधिकारी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सुथा वि.खं. खुदागंज, शाहजहाँपुर**

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वर्ष 2024-25 की कार्य योजनानुसार पन्द्रहवाँ वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, एसएलडब्लूएम योजना तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण/नाली मरम्मत, सिल्ट, कचर, सोकपिट, वर्मी कम्पोस्ट, खडण्जा नवनिर्माण/खडण्जा मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाइटें स्थापना/अनुरक्षण, हैंण्डपंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवॉल व पंचायत घर निर्माण, पंचायत घर का निर्माण/मरम्मत, प्राथमिक विद्यालय जूनियर विद्यालय का कायाकल्प, इण्टरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण निर्माण कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवॉल, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। आरसीएम सेंटर, कूड़ा वाहन/ईरिक्शा, ओडीएफ प्लस के अन्य कार्य अनुरक्षण उक्त वर्णित कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, ईट प्रथम श्रेणी, इण्टरलॉकिंग ईट, सीमेन्ट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, कम्प्यूटर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, बायोमैट्रिक, दरी, अलमारी, सोलर पैनल, इन्वर्टर, कुर्सी मेज, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी भराव, सैनेटाइजिंग, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन/सफाई किट, मास्क क्रय एवं पीपीई किट एवं अन्य सामग्री/ वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें दिनांक 08.07.24 को ग्राम पंचायत पर अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उक्त दिनांक को 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**श्रीमती बेबी देवी** — **ग्राम प्रधान**
**अशोक गंगवार** — **ग्राम पंचायत अधिकारी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मझिला वि.खं. खुदागंज, शाहजहाँपुर**

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो के आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वर्ष 2024-25 की कार्य योजनानुसार पन्द्रहवाँ वित्त व केन्द्रीय वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, एसएलडब्लूएम योजना तथा मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सीसी रोड व नाली निर्माण/नाली मरम्मत, सिल्ट, कचर, सोकपिट, वर्मी कम्पोस्ट, खडण्जा नवनिर्माण/खडण्जा मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी, स्ट्रीट लाइटें स्थापना/अनुरक्षण, हैंण्डपंप रिबोर/अनुरक्षण हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिंग, दिव्यांग शौचालय, स्कूल भवन निर्माण/मरम्मत, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं शौचालय निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउण्ड्रीवॉल व पंचायत घर निर्माण, पंचायत घर का निर्माण/मरम्मत, प्राथमिक विद्यालय जूनियर विद्यालय का कायाकल्प, इण्टरलॉकिंग कार्य, सोलर लाइट, पशु शेड निर्माण निर्माण कम्पोस्ट, सामुदायिक शौचालय निर्माण/मरम्मत, अन्त्येष्टि स्थल, वृक्षारोपण, स्कूल कायाकल्प, वाटर हार्वेस्टिंग, पानी टंकी का निर्माण, पंचायत घर की बाउण्ड्रीवॉल, खाद के पक्के गड्डों का निर्माण अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराये जाने है। आरसीएम सेंटर, कूड़ा वाहन/ईरिक्शा, ओडीएफ प्लस के अन्य कार्य अनुरक्षण उक्त वर्णित कार्यो के लिये सामग्री क्रय हेतु जिसमें ईट, रोड़ा, ईट प्रथम श्रेणी, इण्टरलॉकिंग ईट, सीमेन्ट, मौरंग, रेत, लोहा, बजरी, टाइल्स, पाइप, टोंटी, स्टेशनरी, कम्प्यूटर प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा, बायोमैट्रिक, दरी, अलमारी, सोलर पैनल, इन्वर्टर, कुर्सी मेज, वाईफाई, प्रचार प्रसार बोर्ड व पटान हेतु मिट्टी भराव, सैनेटाइजिंग, फागिंग कार्य, सफाई कार्य हेतु ठेली क्रय/मरम्मत, स्प्रे मशीन/सफाई किट, मास्क क्रय एवं पीपीई किट एवं अन्य सामग्री/ वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदायें दिनांक 08.07.24 को ग्राम पंचायत पर अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उक्त दिनांक को 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**श्री रोहित सिंह** — **ग्राम प्रधान**
**अशोक गंगवार** — **ग्राम पंचायत अधिकारी**

कमान संभालने के बाद पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद पर बोले थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

# भारतीय सेना सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच सोमवार को कहा कि भारतीय सेना देश के समक्ष सभी मौजूदा और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है।

देश के 13 लाख सैनिकों वाले मजबूत बल की कमान संभालने के एक दिन बाद उन्होंने कहा कि थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच तालमेल सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में से एक होगा। रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक में सलामी गारद का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत में नव नियुक्त सेना प्रमुख ने कहा कि सेना अनूठी अभियानगत चुनौतियों का सामना कर रही है और ऐसे खतरों के लिए तैयार रहने के वास्ते यह महत्वपूर्ण है कि सैनिकों को आधुनिक हथियार मुहैया कराए जाएं। उन्होंने कहा-मुझे सौंपी गयी जिम्मेदारियों के प्रति, मैं पूरी तरह सजग हूं और मैं देश तथा सभी नागरिकों को आश्वस्त करता हूं कि भारतीय सेना सभी मौजूदा व भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने यह भी कहा कि वह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे।



जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में 30वें सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। • एजेंसी

### सेना में सभी कर्मियों के हितों की रक्षा के प्रतिबद्ध

जनरल द्विवेदी ने कहा कि वह सेना में सभी कर्मियों के हितों की रक्षा तथा पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों को हरसंभव सहायता मुहैया करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा-यह सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता होगी कि भारतीय सेना के सभी कर्मियों तथा सैन्य नागरिकों के हितों की रक्षा हो। उन्होंने कहा-भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों के प्रति मेरी जिम्मेदारी एक पवित्र प्रतिबद्धता है और मैं इस विस्तारित परिवार को अपना पूर्ण सहयोग देता हूं। जनरल द्विवेदी ने साउथ ब्लॉक में अपने रस्मी स्वागत के मद्देनजर धार्मिक नेताओं के समूह से संक्षिप्त बातचीत की। मध्य प्रदेश के रीवा स्थित सैनिक स्कूल के छात्र रहे जनरल द्विवेदी 1984 में भारतीय सेना की जम्मू कश्मीर राइफल्स में शामिल हुए थे। जनरल द्विवेदी 19 फरवरी से सेना के उप-प्रमुख का कार्यभार संभाल रहे थे। वह उप प्रमुख का कार्यभार संभालने से पहले 2022-2024 तक उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रहे थे।

## तेलंगाना हाईकोर्ट ने की केसीआर की याचिका खारिज

**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने सोमवार को बिजली क्षेत्र में कथित अनियमितताओं में जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित न्यायिक आयोग की वैधता पर सवाल उठाने वाली बीआरएस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने पिछली सरकार के फैसलों की जांच की जरूरत को सही ठहराने वाले सरकार के तर्क से सहमत होकर केसीआर द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना सरकार ने यदाद्री और भद्राद्री ताप विद्युत स्टेशनों के निर्माण में अनियमितताओं के आरोपों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के साथ बिजली खरीद समझौतों की जांच के लिए इस साल 14 मार्च को न्यायमूर्ति एल नरसिम्हा रेड्डी की अध्यक्षता में एक आयोग नियुक्त किया था।

# कोर्ट ने बीआरएस नेता कविता की जमानत याचिकाएं कीं खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

भ्रष्टाचार, धनशोधन मामला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के दो मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कविता की याचिकाओं को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति शर्मा ने 28 मई को कविता की दो जमानत याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है।

कविता ने निचली अदालत के छह मई के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के भ्रष्टाचार मामले के साथ-साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के धनशोधन मामले में उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी गई थीं। बीआरएस नेता के वकील ने दलील दी की कि मामले में आरोपी बनाए गए 50 लोगों में कविता एकमात्र महिला हैं और अदालत से उनके महिला होने के नाते जमानत देने की गुहार लगाई। सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील ने दलील दी कि कविता प्रभावशाली महिला है और गवाहों को प्रभावित कर सकती है।

कविता दोनों मामलों में न्यायिक हिरासत में है। यह घोटाला दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति के निर्माण और क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से संबंधित है, जिसे बाद में रद्द कर दिया गया था।

## एक नजर

### एक ही परिवार के पांच लोगों ने कर ली आत्महत्या

**अलीराजपुर/भोपाल।** मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में सोमवार को एक दंपति और उनके तीन बच्चों के शव घर में लटके मिले। पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। पुलिस अधिकारी ने कहा-सोंडवा तहसील के रावड़ी गांव में पांच लोगों की मौत की सूचना सोमवार सुबह सात बजे मिली। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के लिए अलीराजपुर के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) की अगुवाई में एक टीम गठित की गई है। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान राकेश डोडवा (27), उनकी पत्नी ललिता डोडवा (25) और उनके बच्चों लक्ष्मी (9), प्रकाश (7) और अक्षय (5) के रूप में हुई है।

### बारामूला में आतंकवादियों का सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर इलाके में आतंकवादियों के एक संदिग्ध सहयोगी को पकड़ा है। पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के जवानों ने रविवार देर रात सोपोर में एक संयुक्त चौकी स्थापित की थी। अधिकारियों ने कहा, जांच में एक वाहन को रोका गया। तो चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया।

### सुकमा जिले में नौ नक्सली गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने नौ नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में अलग-अलग कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने नौ नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को 23 जून को जगरगुंडा थाना क्षेत्र में बारूदी सुरंग में विस्फोट कर पुलिस वाहन को उड़ाने की घटना में शामिल नक्सलियों के गतिविधि की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर रविवार को सुरक्षाबलों के संयुक्त दल को टेकलगुड़ेम और आस-पास के क्षेत्र की ओर रवाना किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान तीमापुरम और टेकलगुड़ेम के मध्य जंगल में सुरक्षाबलों ने चार संदिग्ध नक्सलियों को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि यह नक्सली इस वर्ष 23 जून को बारूदी सुरंग विस्फोट में पुलिस वाहन को उड़ाने की घटना में शामिल थे। इस घटना में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के दो जवान शहीद हुए थे।

### रिश्वतखोरी के आरोप में अधिकारी गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रिश्वत लेने के आरोप में गुवाहाटी स्थित उत्पाद शुल्क और सेवा कर आयुक्तालय के एक अधिकारी को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी गई। सीबीआई ने कहा-जीएसटी आयुक्तालय में सहायक आयुक्त (सीजीएसटी) एम श्रीनिवास राव को शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता ने सीबीआई को बताया था कि उसे कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे तथा आरोपी ने उसे कई बार सीजीएसटी कार्यालय में बुलाया था। आरोप लगाया कि उसने निर्माण कार्य कराया था और इसके लिए सभी करों का भुगतान भी कर दिया था। उसने आरोप लगाया कि मामले की जानकारी लेने के लिए जब वह सीजीएसटी कार्यालय गया तो सहायक आयुक्त ने दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

# पीएम की पिक्चर कैसी होने वाली इसका लग गया है अंदाजा : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के दौरान पिछले 10 साल के शासन को 'महज ट्रेलर' और 'पिक्चर अभी बाकी है' बताने वाले बयान के लिए सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। उनके तीसरे कार्यकाल में पेपर लीक, जम्मू एवं कश्मीर में आतंकी हमले, ट्रेन दुर्घटना, हवाई अड्डों की छत के कुछ हिस्सों के ढहने और पुल गिरने की विभिन्न घटनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इनसे अंदाजा लग गया है कि उनकी आगे की 'पिक्चर' कैसी होने वाली है।

राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष के नेता खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कई बार कहा है कि 'पिछले 10 साल तो बस ट्रेलर थे, अभी असली तस्वीर बाकी है। खरगे ने चुटकी लेते हुए कहा, अब पीएम की पिक्चर कैसी होने वाली है, पिछले एक महीने में अंदाजा लगा है। हाल की कई घटनाओं का उल्लेख करते हुए खरगे ने बताया कि पिछले एक महीने में



• कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्यसभा में चुटकी लेते हुए कहा

परीक्षा पेपर लीक, कई परीक्षाओं को रद्द करने, ट्रेन दुर्घटनाएं, जम्मू एवं कश्मीर में तीन आतंकी हमले, राम मंदिर में पानी का रिसाव, तीन हवाई अड्डों की छतों के कुछ हिस्सों का गिरना, टोल टैक्स में वृद्धि और रुपये में ऐतिहासिक गिरावट की घटनाएं हुई हैं।

उन्होंने कहा कि हाल ही में पेपर लीक के कारण 30 लाख छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा-अगर ऐसा होता रहा तो छात्र अपनी पढ़ाई बंद कर देंगे। खरगे ने कहा कि पिछले सात वर्षों में, 70 बार पेपर लीक हुए हैं और इनसे दो करोड़ छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उच्च सदन में विपक्ष के नेता ने कहा कि सरकार इस मामले पर कुछ नहीं कर रही है और संसद में इस मुद्दे को उठाने के लिए विपक्षी दलों को दोषी ठहराती है।

# छात्रों ने दो को संसद मार्च का किया आह्वान

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट-यूजी गतिरोध

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), नीट-पीजी (स्नातकोत्तर) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) में अनियमितताओं के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर धरना देने वाले छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को संसद की ओर मार्च करने का आह्वान किया है।

प्रदर्शनकारी छात्रों का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को छठे दिन भी जारी रहा। परीक्षा में कथित धांधली के खिलाफ "इंडिया अगेंस्ट एनटीए" के बैनर तले बड़ी संख्या में छात्र अपना आंदोलन जारी रखने के लिए विरोध स्थल पर एकत्र हुए, जो पिछले सप्ताह बुधवार को शुरू हुआ था। छात्रों ने आज का अपना धरना एक प्रदर्शन करने के बाद समाप्त किया और अपनी मांगों को दोहराया। छात्रों की मांगों में एनटीए पर प्रतिबंध लगाना और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा शामिल है। छात्र नीट-यूजी की सभी के लिए, दोबारा परीक्षा कराने और पुरानी परीक्षा प्रणाली को बहाल करने की भी मांग कर रहे हैं। वामपंथी छात्र संगठन आइसा और डीयू के केवाईएस के सदस्य अन्य छात्र संगठनों में शामिल हैं।

# कोर्ट ने टीएमसी नेता साकेत गोखले पर लगाया 50 लाख का हर्जाना

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को टीएमसी नेता साकेत गोखले को स्विट्जरलैंड में संपत्ति खरीद को लेकर पूर्व राजनयिक लक्ष्मी मुर्देश्वर पुरी के खिलाफ अपमानजनक ट्वीट करने के लिए उनसे माफी मांगने और 50 लाख रुपये का हर्जाना देने का निर्देश दिया। संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव की ओर से दायर मानहानि के मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने टीएमसी सांसद को उनके द्वारा लगाए आरोप के संबंध में किसी भी सोशल मीडिया या इलेक्ट्रॉनिक मंच पर कोई भी सामग्री प्रकाशित करने से रोक दिया। कोर्ट ने आदेश में कहा कि आपत्तिजनक ट्वीट मानहानिकारक हैं और इससे वादी की प्रतिष्ठा को अनावश्यक कानूनी क्षति पहुंची है, जिसके लिए निवारण आवश्यक है।

# मॉब लिंचिंग के वीडियो के बाद भी दोषियों पर नहीं हो रही कार्रवाई

संवाददाता, नई दिल्ली


पत्रकार वार्ता

• मशावरत के राष्ट्रीय अध्यक्ष जफरुल इस्लाम खां बोले

• कहा-नफरती बयानबाजी का सिलसिला होना चाहिए बंद

**अमृत विचार:** देश भर में मॉब लिंचिंग की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, इनके वीडियो भी सामने आ रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी शरारती तत्वों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। राजनीतिक दलों के खिलाफ इस बात पर गुस्सा जाहिर करते हुए ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस मशावरत ने कहा है कि मुसलमानों को वोट बैंक समझने वाली सियासी पार्टियों को भी इस मुद्दे पर घेरा जाएगा। सरकार को समझना चाहिए कि जो लोग देश में सौहार्द को बिगाड़कर भाईचारा बर्बाद करने की कोशिश कर रहे हैं, वे लोग देश के वफादार नहीं हैं। यह बात सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित पत्रकार वार्ता में मशावरत के राष्ट्रीय अध्यक्ष जफरुल इस्लाम खां ने कही।

मशावरत के अध्यक्ष ने कहा कि तमाम सियासी पार्टियों को मुसलमानों का वोट तो चाहिए लेकिन वह उनके लिए कुछ करना नहीं चाहती हैं। मुल्क में मुसलमानों की आबादी 20 करोड़ है, इसके बावजूद सियासी पार्टियां अपने कार्यक्रम, रैलियों में मुसलमान को मुसलमान कहने से कतराती हैं। इन हालात से कैसे निकलना है, इस पर मुसलमानों को विचार करना चाहिए। मशावरत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि मुल्क में इतनी बड़ी आबादी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। हालात ये हैं कि मुसलमानों के खिलाफ कोई कुछ भी बोले, ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं होती है। लेकिन मुसलमान अगर नफरत भरे बयान का जवाब दे तो कुछ ही घंटों में पुलिस उनके घर पर पहुंच जाती है। नफरती बयानबाजी का सिलसिला बीते दो दशक से चल रहा है, जिसे अब बंद होना चाहिए। नफरती बयानबाजी करने वाले लोगों के हौसले बुलंद इसलिए हैं क्योंकि उनकी गिरफ्तारी नहीं हो रही है।



वार्ता करते ऑल इंडिया मुस्लिम मशावरत के राष्ट्रीय अध्यक्ष जफरुल इस्लाम खां एवं प्रो. मोहम्मद सुलेमान।

इस मौके पर मौलाना अताउर्रहमान ने कहा कि मशावरत केवल मुसलमान ही नहीं बल्कि दलित, सिख, ईसाई समेत अत्याचार का शिकार होने वाले सभी लोगों के लिए आवाज उठाने वाली तंजीम है। मासूम मुरादाबादी ने कहा कि आज हमें अपने अस्तित्व को बचाने की लड़ाई लड़नी पड़ रही है। इस दौरान मशावरत के महामंत्री सैयद तहसीन अहमद, मोहम्मद शम्स, अबरार अहमद आदि मौजूद रहे।

# काजीरंगा के करीब 26 प्रतिशत वन शिविर जलमग्न

गोलाघाट(असम), एजेंसी

असम में बाढ़ की स्थिति बदतर होती जा रही है और जलस्तर बढ़ने की वजह से काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व में स्थित 233 वन शिविरों में से 26 प्रतिशत से अधिक जलमग्न हो गए हैं। आधिकारिक रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक काजीरंगा वन्य जीव अभयारण्य का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया है और बड़ी संख्या में जानवर ऊंचे स्थान की तलाश में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-715 पार कर पूर्वी कार्बी आंगलोंग जिले के दक्षिणी हिस्से की ओर जा रहे हैं। हालांकि, बाढ़ या सड़क पार करने के दौरान किसी जानवर की मौत की खबर नहीं है। बाढ़ को लेकर तैयार रिपोर्ट के मुताबिक काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व में स्थापित 61 वन शिविर डूब गए हैं। जलमग्न वन शिविरों में अगोराटोली रेंज के 22, काजीरंगा के 10, बागोरी के आठ, बूढ़ापहाड़ के



नागांव (असम) : भारी बारिश के बाद बाढ़ के पानी को सुरक्षित रूप से पार करने में एक बच्चे की मदद करने के लिए अस्थायी बेड़ा का उपयोग करते लोग। • एजेंसी

असम में बाढ़ का कहर

पांच और बोकाखाट के छह शिविर शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इनके अलावा राष्ट्रीय उद्यान के बिश्वनाथ वन्यजीव प्रखंड में स्थापित 10 वन शिविर भी जलमग्न हो गए हैं। इसबीच, गोलाघाट जिला प्रशासन ने रविवार शाम को भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के निषेधाज्ञा लागू कर दिया है ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 715 को पार करने वाले जानवरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह राजमार्ग काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से होकर गुजरता है। गोलाघाट के जिलाधिकारी विवेक श्याम पंग्योक ने बताया कि राजमार्ग पर यातायात का भारी दबाव होता है। उन्होंने कहा-बाढ़ के दौरान राजमार्ग पर वाहनों से वन्य जीवों को आवंछित जोखिम पैदा हो सकता है।

## पश्चिम बंगाल में भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट पीटकर कर दी हत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में सोमवार को भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। राज्य में भीड़ द्वारा किसी व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किये जाने की यह चौथी घटना है। इससे पहले 28, 29 और 30 जून को कोलकाता, सॉल्ट लेक और झारग्राम में भी ऐसी ही घटनाएं हुई थीं। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान हुगली जिले के तारकेश्वर इलाके के नैता मालपहाड़पुर ग्राम पंचायत के रहने वाले बिस्वजीत मन्ना के रूप में हुई है। हुगली (देहात) थाना पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस अपराध के सिलसिले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि रविवार रात को जब मन्ना अपने घर पर सो रहा था तो परिचित आरोपियों ने उसे बुलाया था।

# उच्च न्यायालय ने बिभव कुमार की याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

स्वाति मालीवाल मामला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की याचिका को विचारणीय माना, जिसमें मुख्यमंत्री आवास पर आम आदमी पार्टी (आप) सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के सिलसिले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है। अदालत ने याचिका पर दिल्ली पुलिस से जवाब भी मांगा है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने मामले में एक नोटिस जारी किया, जिन्होंने 31 मई को कुमार की याचिका की विचारणीयता के विषय पर आदेश सुरक्षित रखा था। आदेश के विस्तृत विवरण का इंतजार है।

फिलहाल न्यायिक हिरासत में बंद कुमार पर 13 मई को केजरीवाल के सरकारी आवास पर मालीवाल से मारपीट करने का आरोप है। कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी करने का इस आधार पर विरोध किया कि यह सुनवाई योग्य नहीं है। कुमार ने याचिका में अपनी गिरफ्तारी को अवैध घोषित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। उन्होंने दावा किया है कि उन्हें ''गुप्त उद्देश्य'' के तहत गिरफ्तार किया गया, जबकि उनकी अग्रिम जमानत अर्जी निचली अदालत में लंबित थी। कुमार ने इसे उनके मौलिक अधिकारों के साथ-साथ कानून का भी उल्लंघन करार दिया है। इस बीच, न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता की एक अन्य पीठ ने कुमार की जमानत अर्जी पर जवाब दाखिल करने के लिए सोमवार को मालीवाल के वकील को समय दिया और मामले की सुनवाई आठ जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दी।

## मराठा आरक्षण के खिलाफ दाखिल याचिकाओं में दी गईं बेतुकी दलीलें

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि उसके अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि मराठा समुदाय को आरक्षण देने के महाराष्ट्र के फैसले को चुनौती देने के लिए दाखिल कुछ याचिकाओं में बेतुकी दलीलें दी गई हैं। मुख्य न्यायधीश डी.के. उपाध्याय, न्यायमूर्ति जी.एस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की पूर्ण पीठ ने कहा कि यह मुद्दा गंभीर है और राज्य की बड़ी आबादी को प्रभावित करने वाला है एवं याचिकाकर्ताओं को अपनी दलीलें पेश करते समय अधिक सावधानी बरतनी चाहिए थी। महाराष्ट्र राज्य सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ा वर्ग आरक्षण अधिनियम-2024 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने के लिए कई याचिकाएं दायर की गई हैं। इस अधिनियम में मराठा समुदाय के लिए सरकारी नौकरियों और शिक्षा में 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

# एनआईए ने दी रशीद को सांसद के तौर पर शपथ लेने की सहमति

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 2019 से तिहाड़ जेल में बंद कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद उर्फ इंजीनियर रशीद को 5 जुलाई को सांसद के तौर पर शपथ लेने के लिए सोमवार को विशेष अदालत के समक्ष अपनी सहमति दे दी।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह इस पर मंगलवार को आदेश पारित करेंगे। एनआईए के वकील ने कहा कि रशीद को कुछ शर्तों के साथ शपथ लेने की मंजूरी दी जानी चाहिए जैसे कि वह मीडिया से बात न करें। रशीद को सभी औपचारिकताएं एक दिन में पूरी करनी होंगी। बारामूला से



• तिहाड़ जेल में बंद है कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद

निर्दलीय सांसद रशीद को जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के वित्त पोषण के मामले में 2017 में गिरफ्तार किया गया था। रशीद ने शपथ लेने के लिए अंतरिम जमानत के लिए कोर्ट का रुख किया था। यहां विशेष अदालत ने 22 जून को मामले पर सुनवाई रद्द कर दी थी और एनआईए से जवाब मांगा था। एजेंसी इस पर संसद तथा जेल प्राधिकारियों से परामर्श ले रही थी। रशीद के वकील ने आप नेता संजय सिंह का हवाला दिया था।

## सीबीआई की गिरफ्तारी को कोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाला मामले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सीबीआई की ओर से की गई गिरफ्तारी और विशेष अदालत के केंद्रीय जांच एजेंसी को उन्हें हिरासत में देने के आदेश के साथ ही गिरफ्तारी को उचित बताने की टिप्पणी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ईडी के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल बंद केजरीवाल को 26 जून को औपचारिक तौर पर सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।



भोजशाला मसले में नया मोड़ | जैन समुदाय के एक व्यक्ति ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में दायर की याचिका

# जैन समुदाय के लिए उपासना का मांगा गया अधिकार

इंदौर, एजेंसी

जैन समुदाय के एक व्यक्ति ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करके धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में अपने समुदाय के लोगों के लिए उपासना का अधिकार मांगा है।

याचिका में दावा किया गया है कि इस विवादित परिसर में कभी जैन गुरुकुल और जैन मंदिर हुआ करता था जहां देवी अम्बिका की मूर्ति स्थापित थी। दिल्ली के सामाजिक कार्यकर्ता सलेकचंद जैन की ओर से दायर इस रिट याचिका पर उच्च न्यायालय में इस हफ्ते सुनवाई हो सकती है। जैन के अधिवक्ता मनोहर सिंह चौहान ने



सोमवार को यह जानकारी दी। यह याचिका ऐसे वक्त में दायर की गई है, जब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर भोजशाला परिसर के सर्वेक्षण की रिपोर्ट अदालत में पेश करने की तैयारी में जुटा है। जैन की याचिका में दावा किया गया है कि भोजशाला परिसर में कभी जैन गुरुकुल और जैन मंदिर हुआ करता था जहां जैन मुनियों और विद्वानों द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा दी जाती थी और इस परिसर में संस्कृत, प्राकृत और अन्य भाषाओं में ग्रंथों के अनुवाद का काम भी होता था, लिहाजा जैन समुदाय के लोगों को इस स्थान पर उपासना का अधिकार प्रदान किया जाना चाहिए।

याचिका में यह दावा भी किया गया है कि भोजशाला परिसर की जिस मूर्ति को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) की प्रतिमा बता रहा है, वह असल में जैन समुदाय की देवी अम्बिका (जैन यक्षिणी) की मूर्ति है जिसे धार के राजा भोज ने इस परिसर में 1034 ईस्वी में स्थापित किया था। याचिका में गुहार लगाई गई है कि लंदन के एक संग्रहालय में रखी इस मूर्ति को भारत वापस लाकर भोजशाला परिसर में फिर से स्थापित किया जाना चाहिए।

हाईकोर्ट में दायर की याचिका में कहा गया है कि भोजशाला परिसर और इसमें मिली मूर्तियों, शिलालेखों, कलाकृतियों आदि की वास्तविक उम्र पता लगाने के लिए केंद्र सरकार को ''रेडियोकार्बन डेटिंग'' पद्धति के इस्तेमाल के निर्देश दिए जाने चाहिए। भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष 11वीं सदी के इस स्मारक को कमाल मौला मस्जिद बताता है। यह परिसर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित है।

लालनाद् बहवो दोषास्ताडनाद् बहवो गुणाः।
तस्मात्पुत्रं च शिष्यं च ताडयेन्न तु लालयेत् ॥

अधिक लाड़ से अनेक दोष तथा अधिक ताड़न से गुण आते हैं। इसलिए पुत्र और शिष्य को लालन की नहीं ताड़न की आवश्यकता होती है।


## संपादकीय

# आत्मनिर्भरता के तहत

आज वैश्विक समीकरण बदल रहे हैं। वर्तमान दौर की लड़ाईंयां नया रूप ले रही हैं। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद भारत की सुरक्षा चुनौतियों में से एक है। आने वाले दिनों में जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पाकिस्तान को साधना भारत की सुरक्षा के लिए एक और चुनौती है। पाकिस्तान ने पहले ही देश के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़ रखा है। इस बीच थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को कहा कि भारतीय सेना देश के समक्ष सभी मौजूदा और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है। भारतीय सेना आत्मनिर्भरता के जरिए अपनी क्षमता विकास और आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। वह रक्षा में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे। वास्तव में देश को न केवल इस दिशा में अग्रसर रहने की ज़रूरत है बल्कि सैनिकों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस कर युद्ध पद्धति और रणनीति को बेहतर करने की जरूरत है। भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भारत को स्वदेशी क्षमताएं विकसित करने की आवश्यकता है। क्योंकि युद्ध अब अंतरिक्ष, साइबर और सूचना प्रणालियों जैसे नए क्षेत्रों में विकसित हो चुका है। ऐसे में युद्ध प्रणालियों में प्रौद्योगिकी के समावेश और तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखने की अनिवार्यता है।

आज भारतीय सेना आधुनिकीकरण के पथ पर अग्रसर है। उस दिशा में आत्मनिर्भरता को हासिल करने के लिए सेना पूरी तरह से तैयार है। क्योंकि महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के लिए आयात पर निर्भर होने से विशिष्ट क्षेत्रों में पीछे रह जाने का जोखिम है। थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा भी है कि वह रक्षा में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे। भारतीय सेना का आत्मनिर्भरता के तहत आधुनिकीकरण करना और तीनों सेनाओं का तालमेल उनकी प्राथमिकता में शामिल है। आत्मनिर्भर होने, स्वदेशी अनुसंधान और विकास के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता हासिल करने में भारतीय सेना के परिवर्तन की राह निहित है। आधुनिक, चुस्त, अनुकूलनीय, प्रौद्योगिकी सक्षम और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए तैयार सेना को आकार देने के प्रयास उसी दिशा में उठाए गए कदमों का हिस्सा है। महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रहित की सुरक्षा से ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा। आज देश चीन और पाकिस्तान द्वारा पेश की गई राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर सकता है।

# आहार और पाकशास्त्र में हमारे सूत्रधारों का उपकार कर्म



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> भारतीय आहारों या पकवानों के पोषण मान और किस्म ऐसी है, जो मनुष्य में मेटाबोलिक डिजीजेज को या तो उभरने नहीं देते या इनके विकास को विलंबित करके रखते हैं। देसी पकवानों की बायो–केमिस्ट्री बिल्कुल अलग तरीके की होती है, जिसके सुरक्षित होने की गारंटी केवल यही है कि ये ताजा बने हों।

> भारत की आहार परंपरा अद्भुत है, लेकिन अफसोस कि अज्ञान या आंशिक जानकारी के चलते हम इसका इस्तेमाल पूरी क्षमता से नहीं कर पा रहे हैं और पोषण जन्य अनेक व्याधियों से खुद के शरीर को प्रताड़ित होने देते हैं या बीमार हो जाते हैं।

भारत की आहार परंपरा अद्भुत है,लेकिन अफसोस कि अज्ञान या आंशिक जानकारी के चलते हम इसका इस्तेमाल पूरी क्षमता से नहीं कर पा रहे हैं और पोषण जन्य अनेक व्याधियों से खुद के शरीर को प्रताड़ित होने देते हैं या बीमार हो जाते हैं। 'लाइफ-स्टाइल डीजीजेज' अर्थात् व्यवहार जन्य रोगों और आहार जन्य विकारों पर क्या हमारे प्राचीन और मध्यकालीन मनीषी चुप रहे? अगर ऐसा होता तो पाकशास्त्र के भारतीय ग्रंथों में आयुर्वेद के संदर्भ न मिलते! विज्ञान के मनुष्य के मेटाबोलिक सिस्टम के हिसाब से देखें तो इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स के मुकाबले में हमारे स्ट्रीट-फूड्स कहीं बेहतर हैं, बशर्ते इन्हें तैयार करने वाले और परोसने वाले स्थान स्वच्छ हैं और शुद्ध खाद्य सामग्री का इनमें इस्तेमाल किया गया है। भारतीय आहारों या पकवानों के पोषण मान और किस्म ऐसी है, जो मनुष्य में मेटाबोलिक डिजीजेज को या तो उभरने नहीं देते या इनके विकास को विलंबित करके रखते हैं। देसी पकवानों की बायो-केमिस्ट्री बिल्कुल अलग तरीके की होती है, जिसके सुरक्षित होने की गारंटी केवल यही है कि ये ताजा बने हों और अल्पाहार समझ कर लिए जाए। उदाहरण के लिए ख्यात जर्नल फार्माकोग्नॉसी रिव्यु के सनन 2017 के अंक में प्रकाशित 'ए कॉम्प्रेहेंसिव रिव्यु ऑनरसम-ए साउथ इंडियन ट्रेडिशनल फंक्शनल फूड' के बारे में बताया गया है कि इसमें प्रोबायोटिक्स, प्रीबायोटिक्स (एक प्रकार से दही से बनी हुई छाछ समान गुणधर्म वाला तरल खाद्य), ओमेगा-3-पॉलीअन्सेच्युरेटेड फैटी एसिड्स, कांजुगेटेड लिनोलीक एसिड, प्लांट एंटीऑक्सीडेंट्स, एकाधिक विटामिन और खनिज,न्यूनाधिक मात्रा में प्रोटीन, पेप्टाइड्सऔर एमिनो-एसिड्स के अलावा फोस्फोलिपिड्स की मौजूदगी होती है। अब भला दुनिया के किस एक ही पकवान में इतनी संख्या में पोषक तत्व मौजूद हो सकते हैं। उत्तर भारत में जिस प्रकार से आयुर्वेद का बोलबाला है इसी प्रकार भारत के दक्षिणी प्रांतों, खासतौर से केरल और तमिलनाडु, में पारंपरिक भारतीय आयुर्वैज्ञानिक प्रणाली का नाम 'सिद्ध' है। ऐसी समृद्ध परंपराओं की मौजूदगी में विदेशी पकवानों के पीछे भागना अनुचित प्रतीत होता है।

खान-पान और इन्हें तैयार करने की विधियों का जो संकलन अनुसंधान और अनुभव आधारित हैं,उसे हमारे मनीषियों ने आयुर्वेद में दिया है। इस प्रयोगात्मक और वैज्ञानिक जानकारी देखकर अनेक बार मुझे ही नहीं, बल्कि आधुनिक विधियों से फूड साइंस में काम करने वाले शोधकर्मियों को भी चकित होना पड़ता है। इसे हमारी दादी-नानी के समृति में स्थानी रूप से रोपित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह एक परंपरा के रूप में अनादिकाल काल तक हमारी दिनचर्या का हिस्सा कैसे बन सकती है? हमारे विद्वज्जनों ने इस परंपरा के रूप में विकसित करने के लिए क्या तौर-तरीके अपनाए होंगें? इनके मूल पाठ संस्कृत और तमिल में हैं, लेकिन विद्वज्जनों ने टीका सहित इसका अनुवाद मुझे समझ में आने वाली हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में भी सुलभ कराया है। पंडित वामचरण भट्टाचार्य द्वारा पुनर्प्रस्तुत पाकदर्पणं के संस्कृत टेक्स्ट पर आधारित हिंदी टीका सन् 2006 में डॉ. इन्द्रदेव त्रिपाठी ने चौखंभा पब्लिकेशंस की मार्फत प्रकाशित करवाई।

आयुर्वेद में खाद्य सामग्री के स्रोत की शुचिता और विविधता, इसे प्रोसेस करने के तरीके और इसके सेवन के अलावा विभिन्न तरह से तैयार किए गए खाद्य पदार्थों के संरक्षण और स्टोरेज के बारे सूक्ष्म स्तर तक विस्तार से जानकारी दी गई है। साथ ही विभिन्न व्यंजनों, औषधीय खाद्यों और इनके थेराप्यूटिक गुणों की जानकारी भी दर्ज की गई है।

उत्कृष्ट और आश्चर्यजनक हैं पकवानों के वे अनेक नाम-शब्द जिनका अन्वेषण आयुर्वेदाचार्यों ने किया, क्योंकि भाषा विज्ञान की दृष्टि से सर्वथा उपयुक्त हैं, अर्थात 'प्रिसायिज' अर्थ प्रेषित करते हैं। इन शब्दों की संरचना को जानकर भाषाविदों के कौशल के प्रति भी हमें नतमस्तक होने की जरूरत है। खाद्य और पोषण विज्ञान (द साइंस ऑफ फूड, फूड टेक्नोलॉजी एंड न्यूट्रीशन) के ख्यात जर्नल्स में पारंपरिक भारतीय भोज्य पदार्थ, घरेलू भोजन एवं अन्य प्रकार के आहार के बारे में अन्योन्य प्रकार से प्रयोगात्मक, प्रबंधात्मक और निबंधात्मक जानकारी का प्रकाशन हुआ है। मेटाबॉलिज्म के पैमाने पर हम अपने पकवानों को श्रेष्ठ कह सकते हैं तो इसमें रत्तीभर संदेह नहीं होना चाहिए? भारतीय प्राचीन पाकशास्त्रों -जैसे कि रसमंजरी, पाकदर्पणम, सूपशास्त्र, भोजन कौतूहलं, क्षेम कौतूहलं के अलावा के.टी. अचाया की दो पुस्तकें 'ए हिस्टोरिकल डिक्शनरी ऑफ इंडियन फूड' और 'इंडियन फूड ए हिस्टोरिकल कम्पैनियन' पर जो दो-तीन शानदार पुस्तकें (ट्रीटाईजेज अर्थात्व प्रबंध ग्रंथ) उपलब्ध हैं उनके अध्ययन से जाहिर होता है कि सामग्री का चुनाव,किस के साथ किसका मेल सर्वथा उचित है और इन्हें बनाने की सहज-सर्वश्रेष्ठ तकनीक के अलावा परोसने के तरीके क्या होने चाहिए, इस बारे में विस्तार से निर्देश दिए गए हैं। हमारे मनीषियों ने भोजन को प्रोसेस करने और पाक-गृह (किचन) में भोजन तैयार करने वाले रसोइए (शेफ) और परोसने वालों (बीयरर या बॉय) के लिए भी कुछेक हिदायतें दी हैं। आयुर्वेद के अलावा यूनानी और तिब्बिया सिस्टम्स में भी खाने-पीने के बारे में अच्छी मालूमात दर्ज हैं। सिर्फ इतना भर नहीं,बल्कि किस लकड़ी की कितना तीव्र आंच, चूल्हे के डिजाइन और धातु-अधातु के बर्तन और मृद्भांड कैसे हो, कितने आमाप के हों आदि पर भी उक्त ग्रंथों में विस्तार से लिखा गया है। उदाहरण के लिए दक्षिण भारत में परंपरा के तौर पर विवाह के एक उपहारों में से जस्ता धातु के आधिक्य मिश्रण वाली हांडी दिए जाने की परंपरा है,जिसमें सांभर पकाया जाता है। यह धातु सांभर पकाते समय सूक्ष्म मात्रा में बर्तन से विलग होकर सांभर में मिल जाती है और टॉक्सिक होने की बजाय पोषण प्रदान करती है। कालोनियल भारत में ब्रिटिश इंडियन आर्मी के अफसरों को यूरोपियन और भारतीय सैनिकों के लिए पोषक आहार चुनने के लिए भारतीय खाद्य पदार्थों में से ही चुनाव करना होता था। उन सबको भारतीय तरीके से बनाया गया भोजन पसंद नहीं था और उन्हें यह भी मालूम था कि भारतीय लोग या तो अतिपोषित रहते हैं या कुपोषित। इन्हें संतुलित आहार के बारे में कुछ नहीं मालूम, क्योंकि पाकशास्त्र के ग्रंथ और आयुर्वेद की रचनाओं में पोषक तत्वों की जानकारी उस तरीके से दर्ज नहीं हुई थी जिस तरीके से मॉडर्न केमिस्ट्री और बायो-केमिस्ट्री के हिसाब से इसे समझा जा सकता था। इसी प्रसंग में भारत में पोषणाहार की कमी से उपजी बेरी-बेरी, मराजमस और प्रोटीन केलरी कुपोषण जैसी शारीरिक विकृतियों की ओर मेजर (डॉ) रॉबर्ट मैक्कैरिसन का ध्यान गया। वे सन्प 1911 में मद्रास आर्टिलरी में रहकर कुनूर (तमिलनाडु) में नियुक्त थे। यहां रहकर डॉ. मैक्कैरिसन ने 'न्यूट्रीशन रिसर्च लेबोरेट्रीज' की स्थापना की और काम शुरू किया। उक्त बीमारियों पर काम करने के साथ-साथ इन्हें भारतीय खाद्य पदार्थों में मौजूद अनेक पोषक तत्वों और इनके पोषक मान का पता लगाने के लिए अपने साथी डॉ.आयक्रायड को कहा तो कुछ ही समय बाद 'न्यूट्रीटिव वैल्यू ऑफ इंडियन फूड्स' नामक किताब का जन्म हुआ। सन 1911 में कुनूर में स्थापित वह छोटी सी रिसर्च लेबोरेट्री अब नेशनल इंस्टीट्यूशन ऑफ न्यूट्रीशन के रूप में हैदराबाद में 60 साल से अधिक समय से काम कर रही है। इस रिसर्च लेबोरेट्री के निदेशक पद पर रहते हुए डॉ. पटवर्द्धन जैसे नामी पोषण विज्ञानियों ने भारतीय पोषण और विज्ञान के इतिहास पर शानदार किताब लिखी। हमारे पाकशास्त्र ग्रंथों पर विदेशियों की शुरू से नजर रही है, खासतौर से ब्रिटिश और अमरीकनों की। इतिहास संकलन के नजरिए से मैं यह देखकर चकित हूं कि अमेरिका की लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस में सन्ल 1907 में पुनर्प्रकाशित 'रसमंजरी' की प्रति मौजूद है। उनके संग्रह में सन्न 1991 में इसका पहुंचना बड़ी बात नहीं है। 'साउथ एशियन रेट्रोस्पेक्टिव मैटीरियल' के खाते में यह उनके रेकॉर्ड में दर्ज की गई है। रसमंजरी का संकलन और लेखन कार्य वैद्यनाथन शालीनाथ ने और 'मिश्र'-कुल अग्रगण्य पंडित नारायण प्रसाद मुकुन्दराम, बांस बरेली (अब बरेली) तथा लखीमपुर निवासी ने इस पर टीका तैयार की।

## प्रसंगवश

# सबसे बड़ा रोना अकल का है

सौ में से नब्बे यही सुनते सुनते बड़े होते हैं कि बेवकूफ हो? अकल नहीं है? अब दिक़्क़त यही है कि यदि नहीं है तो कहां से लाएं? अकल कोई धनिया तो है नहीं कि दौड़े और नुक्कड़ पर लगी दुकान से ख़रीद लाएं। अकल का कोटा ऊपर वाला रिलीज़ करता है। किसी को देता है तो छप्पर फाड़ देता है, किसी को थोड़ी बहुत कंजूसी से दे देता है और किसी को नहीं देता तो छदाम भर भी नहीं देता। इससे ये नतीजा तो फौरन निकाला जा सकता है कि भगवान जो भी है वो कम्युनिस्ट तो हरगिज़ नहीं है।

> अब अकल ज्यादा हो तो अजीर्ण हो जाता है उसका। नगदऊ खनखनाये बिना नहीं मानते। अक्लमंदी अपच जैसी होती है। पेट फूलता है इससे। बंदा चाहता है कि सबको पता चल जाए कि वो अकलमंद है। फौरन पता चले और लोग उसकी अकल का लोहा माने। ऐसे में लोगों से पंगा लेते फिरता है।

पर जैसा ज़माना है आजकल, उसके हिसाब से अकलमंद होना खतरनाक हो चुका। अकल होगी तो आप सोचेंगे विचारेंगे। लोगों से उलझेंगे। अकेले पड़ेंगे और अपनी हंसी उडवा लेंगे। जबकि बेवकूफ होकर पैदा होना फ़ायदे का सौदा है और अकल तलाशना तो हरगिज़ अक्लमंदी का काम नहीं है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

अब अकल ज्यादा हो तो अजीर्ण हो जाता है उसका। नगदऊ खनखनाये बिना नहीं मानते। अक्लमंदी अपच जैसी होती है। पेट फूलता है इससे। बंदा चाहता है कि सबको पता चल जाए कि वो अकलमंद है। फौरन पता चले और लोग उसकी अकल का लोहा माने। ऐसे में लोगों से पंगा लेते फिरता है। पर इसके अपने ख़तरे है। अक्लमंद हमेशा अल्पमत में होता है इसलिए बहुत बार हाथ पांव से मज़बूत बेअकल लोगों से पिट जाता है।

बेअक्ली हमेशा से बहुमत में होती आई है इसलिए वो राज करती है और अकलमंद उसकी चाकरी करते है। बेवकूफी में सबसे बढ़िया बात ये है कि वो खुद को अकलमंद समझता है और सारे अकलमंद उसे बेवकूफ लगते है। अक्लमंदी के उलट बेवक़ूफ़ी जताने में मेहनत भी नहीं करनी पड़ती। अक्लमंदी सरकारी नल की तरह होती है जबकि बेबकूफी पहाड़ी झरने की तरह बहती है। वो खुद अपना परिचय है। और सामने वाले का मन हो या ना हो उसे नहलाये बिना नहीं मानती।

अकलमंद को अपनी बुद्धि मे हमेशा धार लगाते रहना पड़ता है। पढ़ना लिखना पड़ता है। अपने जैसे लोगों की संगत करना पड़ती है जो कि मुश्किल से मिलते हैं। बेवकूफी में ऐसी फालतू की कवायद की कोई झंझट ही नहीं होती। उसे अपने जैसे हज़ार मिल जाते हैं। अकलमंद बहस करता है, हमेशा असहमत, बेचैन और कुड़कुड़ा बना रहता है। अपनी-अपनी चलाना और अपनी ही मनवाना चाहता है। और ऐसी हरकतों से अपने गिने चुने दोस्तों से भी हाथ धो बैठता है। अकेला हो जाता है जबकि बेवकूफ एक दूसरे से बहुत जल्दी सहमत हो जाते है। आशावादी होते हैं वो। हमेशा ख़ुश रहते है। एक दूसरे के गले में हाथ डालते है। ज़बर्दस्त एका होता है उनमें और जब भी कोई अकलमंद उनसे टकरा जाये तो सारे मिलकर उसे कूट देते हैं।

अकल से हासिल भी क्या है? ज़माने भर की बेगारी। किसी अनपढ़ सेठ की मुनीमी, किसी डूबते बैंक की क्लर्की या किसी प्राईवेट स्कूल की मास्टरी। अकल वाले ज़िंदगी भर यही सोच सोच कर कलपते रहते हैं कि उन्हें वो पोज़ीशन हासिल नहीं हुई जिसके वो हक़दार थे।

अकल के साथ सबसे बड़ा रोना यही है कि यदि वो आपके हिस्से में आ गई है तो आप उससे पीछा नहीं छुड़ा सकते। वो आपसे नदी में बहते कंबल की तरह चिपट जाती है और मौक़े बेमौके पर आपको बेइज्जत करवाए बिना मानती नही।

ऐसे में यदि आपको कोई अकलमंद या बुद्धिजीवी कहे तो ज्यादा फूलने की ज़रूरत है नहीं। हो सकता है वो आपका मज़ाक़ उड़ा रहा हो। आपको दया करने लायक़ समझ रहा हो। या आपको कूटने की फ़िराक़ में हो।

# वायु प्रदूषण के कारण पृथ्वी से खत्म हो जाएंगे कीट



सीमा अग्रवाल
मेरठ

> शोधकर्ताओं के अनुसार प्रदूषण कीटों के एंटीना को प्रभावित करता है और मस्तिष्क को भेजे जाने वाले गंध संबंधी विद्युत संकेतों की शक्ति को कम कर देता है।

वायु प्रदूषण केवल इंसान को प्रभावित कर रहा है ऐसा नहीं है। जहरीली गैसों का बुरा असर पूरी जैव विविधिता के खात्मे पर तुला है। इस कड़ी में वो सूक्ष्म कीट भी शामिल हैं जो हमें अक्सर हवा में उड़ते दिखते हैं। ये सूक्ष्म कीट कचरे का विघटन, मानव जीवन, फसलीय चक्रीकरण के लिए बेहद जरूरी हैं। इनकी अहमियत मानव जीवन में प्रत्यक्ष तौर पर नजर नहीं आती। लेकिन अप्रत्क्ष रूप से ये कीट इंसान को हर स्तर पर प्रभावित करते हैं। वायुमंडल में चढ़ती प्रदूषण की मोटी परत से इन कीटों के भोजन तलाशने से लेकर साथी से मिलन, संतति निर्माण और विकास की प्रक्रिया प्रदूषण के कारण नष्ट हो चुकी है। कीटों के सूचना तंत्र को धुएं और गैसों ने डिस्टर्ब कर उन्हें रास्ते से भटका दिया है।

हालिया शोधों के मुताबिक कीटों की घटती आबादी के लिए प्रदूषण के साथ शहरीकरण, कृषि क्षेत्र में बढ़ता कीटनाशकों का उपयोग और जलवायु परिवर्तन जैसी वजह जिम्मेदार हैं। प्रदूषण न केवल शहरों के आस-पास बल्कि दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में भी इनकी आबादी को प्रभावित कर रहा है। शोध से पता चला कि प्रदूषण के चलते आने वाले कुछ दशकों में दुनिया के 40 फीसदी कीट खत्म हो जाएंगे। धुआं, धूल, धुंध, पीएम के कण कीटों के एंटीना और रिसेप्टर्स पर बहुत बुरा असर डाल रहे हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न, बीजिंग वानिकी विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं के अध्ययन में कीटों पर प्रदूषण का असर अनुमान से कहीं ज्यादा निकला है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा तय मानक के अनुसार वार्षिक औसत से ज्यादा हैं।

खेतों, बगीचों में उड़ते कीटों का मुख्य काम परागण होता है। ये फसलों, फूलों को परागित कर नए बीजों का संवर्द्धन करते हैं। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) द्वारा संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए जारी की जाने वाली रेड लिस्ट में कीटों की सिर्फ आठ फीसदी प्रजातियां ही शामिल हैं। एक अन्य अध्ययन के मुताबिक 1990 के बाद से कीटों की आबादी में करीब 25 फीसदी की कमी आई है, अनुमान है कि यह कीट हर दशक में करीब नौ फीसदी की दर से कम हो रहे हैं।

शोधकर्ताओं के अनुसार प्रदूषण कीटों के एंटीना को प्रभावित करता है और मस्तिष्क को भेजे जाने वाले गंध संबंधी विद्युत संकेतों की शक्ति को कम कर देता है। कीटों की एंटीना में गंध को पकड़ने वाले रिसेप्टर्स होते हैं, जो आहार, स्रोत, संभावित साथी और अंडे देने के लिए एक अच्छी जगह खोजने में मदद करते हैं। ऐसे में यदि किसी कीट के एंटीना पार्टिकुलेट मैटर से ढके होते हैं तो उससे एक भौतिक अवरोध उत्पन्न हो जाता है। यह गंध को पकड़ने वाले रिसेप्टर्स और हवा में मौजूद गंध के अणुओं के बीच होने वाले संपर्क को रोकता है। जीवाश्म ईंधन के दहन से निकलने वाले पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) में ज़हरीले भारी धातु और कार्बनिक पदार्थ शामिल हैं। ये सांस के ज़रिए शरीर में जाने वाले कण होते हैं जो इतने छोटे होते हैं कि उन्हें नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता। बीजिंग वानिकी विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया डेविस विश्वविद्यालय की टीम ने बीजिंग के हैडियन जिले से एकत्रित घरेलू मक्खियों का अध्ययन उस समय किया जब वायु गुणवत्ता सूचकांक का उपयोग करके वायु गुणवत्ता को निम्न, मध्यम या उच्च आंका गया था। प्रदूषण के बड़े कण आपकी आंखों और नाक में जलन पैदा कर सकते हैं, जबकि बहुत छोटे कण फेफड़ों में गहराई तक जा सकते हैं। बाद वाले कण हमारे लिए ज्यादा हानिकारक होते हैं और कीड़ों के एंटीना पर जमा हो सकते हैं।

एंटीना पर प्रदूषक तत्वों के जमने के कारण कीटों का सूचना तंत्र काम करना बंद कर देता है। आपस में संदेशों का आदान, प्रदान नहीं कर पाते। भोजन, अपने साथी को खोजना या अपने ठिकानों को तलाश करने की उनकी शक्ति क्षीण हो जाती है। उनके एंटिना काम करना बंद कर देते हैं और कीट एक जिंदा लाश बन जाता है। जो समय से पहले मर जाता है। कीटों की सिग्नलिंग प्रणाली डिस्टर्ब हो जाती है। नाइट्रस ऑक्साइड या ओजोन जैसे गैसीय वायु प्रदूषकों की तुलना में कणीय पदार्थों का संपर्क कीटों और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अधिक खतरनाक हो सकता है। इंसान को यह समझना होगा कि ये नन्हें कीट, तितलियां, फ्लाइज हमारे पारिस्थितिकी तंत्र में कीटों और बीमारियों के नियमन, परागण और पोषक चक्रण के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें से सभी के लिए रासायनिक संकेतों का प्रभावी पता लगाना आवश्यक है।

## सोशल फोरम

# व्यक्ति सापेक्ष कुछ सत्य नहीं

दुनिया में जितने भी तथाकथित भगवान हैं, वे सभी मनुष्य की कल्पना की उपज हैं। इन्हें मनुष्यों ने गढ़ा है। इसीलिए मनुष्य के अलावा दुनिया के किसी अन्य जीव के पास कोई भगवान नहीं है। दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों की प्राकृतिक परिस्थियां एक-जैसी नहीं हैं, उनमें भिन्नता के कारण वहां के निवासियों की सभ्यताएं और संस्कृतियां भी भिन्न हैं। उनके विचार अलग हैं और विचारों के अलग होने के कारण उनके भगवान संबंधी विचार भी भिन्न हैं। भले ही यह भिन्नता बहुत सूक्ष्म हो।



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

सच तो यह है कि एक ही संस्कृति के दो व्यक्तियों के भगवान संबंधी विचार भी एक-जैसे नहीं हो सकते। अपने विचारों में व्यक्ति अभिव्यक्त होता है। प्रत्येक व्यक्ति के भगवान में उसका ख़ुद का व्यक्तित्व झलकता रहता है। विचारों के व्यक्ति सापेक्ष होने के कारण ही दुनिया में एक ही धर्म या मत के मानने वालों में भी असंख्य मत-मतांतर हैं, संप्रदाय और समूह हैं। यह अंतर कई बार इतना प्रगाढ़ होता है कि एक ही धर्म के मानने वाले दो समूह एक-दूसरे के शत्रुता के स्तर तक विरोधी होते हैं।

केवल अपने धर्म को सत्य और निरपेक्ष मानना व्यक्ति की गलत समझ का परिणाम है। व्यक्ति सापेक्ष कोई भी चीज़ सत्य और निरपेक्ष नहीं हो सकती। सभी मनुष्यों के लिए जो एक-जैसी है, वही सत्य और निरपेक्ष है। भगवान संबंधी विचार इसीलिए सत्य और निरपेक्ष नहीं हैं, क्योंकि सभी मनुष्यों के भगवान संबंधी विचार भिन्न-भिन्न हैं।

वास्तव में मानव के विचारों से पूरी तरह स्वतंत्र और अप्रभावित हवा, पानी, सूर्य, आदि तत्व ही निरपेक्ष हैं। निरपेक्ष वही हो सकता है जो हवा, पानी, सूर्य, आदि की तरह समस्त मानवता के लिए एक-जैसा हो।

व्यक्ति के विचार सापेक्ष होते हैं, वे निरपेक्ष नहीं हो सकते। इस सामान्य तथ्य को भूलना ही व्यक्ति को असहिष्णु बनाता है। असहिष्णुता का उत्स मनुष्य की इसी प्रवृत्ति में है। व्यक्ति की असहिष्णुता उसके असभ्य और असामाजिक होने का प्रमाण है।

**-फेसबुक वॉल से**

# सरकार चुनने में जन मनोभावों की भूमिका

सरकारों को चुनने की प्रक्रिया में सामान्य जन मनोभावों या अनुभूति (परसेप्शन) की बड़ी भूमिका है। इन दिनों जैसा माहौल बन रहा है वह निश्चित रुप से वर्तमान सरकार के अनुकूल नहीं है। राज्यों में बड़े निर्माण कार्य चाहे किसी भी दल की सरकारों द्वारा कराए गए हों लेकिन इन दिनों अनेक पुलों के धराशायी होते जाने, कई प्रदेशों के एअरपोर्ट के क्षतिग्रस्त होने की लगातार आ रही खबरें वर्तमान सरकार के विरुद्ध ही जनमत तैयार कर रही है। क्या निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता या कमीशनखोरी हुई है? जनभावना तो ऐसी ही बन रही है और विपक्षी दल इसे हवा दे रहे हैं।

नए-नए बने रामपथ का कई जगहों पर ध्वस्त हो जाना तो सचमुच विचलित करता है। विरोधी पार्टियां मुखर होकर कह रही हैं कि इन सारे कामों का उद्घाटन सामान्य निर्वाचन के पूर्व कराये जाने की जल्दीबाजी थी। इसलिए निर्माण कार्य घटिया स्तर का हुआ और इन आरोपों का आश्वस्तिदायक और प्रभावी खंडन रुलिंग पार्टी द्वारा नहीं हो रहा है। विरोधी दलों द्वारा कुछ ऐसा हौवा खड़ा किया जा रहा है जैसा संविधान को बदलने या आरक्षण को खत्म कर देने की अफवाहों का हुआ था और एक बड़ा मतदाता समूह इन्हें सच मान बैठा था। समाजवादी पार्टी के मुखिया अभी भी आरक्षण वाली ढोल पीटे जा रहे हैं और उन्हें माकूल जवाब नहीं दिया जा पा रहा है जिससे आम जनता का भ्रम निवारण हो सके। न जीत न हार के पश्चात आम जनों के बीच जाकर उनका विश्वास जीतना तो जैसा भाजपा नेताओं के डीएनए में ही नहीं है। फिर सब अंतर्धान हो गए हैं।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हमारे गांव के कुछ वंचित तबके के लोग जो रोजी-रोटी के लिए मुंबई, कोलकाता और बंगलौर आदि शहरों में रह रहे हैं उनको अपने राशन कार्ड की सुविधा जारी रखने के लिए केवाईसी के लिए वापस मूल स्थानों पर लौटने के लिए विवश किया जा रहा है । जबकि किसी भी लाभार्थी को राशन की निर्धारित सुविधा कहीं भी प्राप्त करना अनुमन्य है तो फिर आज की डिजिटल तकनीकों से क्यों नहीं उनकी केवाईसी वहीं हो सकती है, जहां वे मौजूदा रुप से रह रहे हैं? एक यह भी मुद्दा तेजी से उभर रहा है जिसका समय रहते समाधान जरुरी है। अन्यथा भाजपा का एक बड़ा 'लाभार्थी वोटर समूह' भी असंतुष्ट हो जाएगा ।

छुट्टा गोवंश और नीलगायों से निरंतर किसानों की फसलों की बर्बादी का मुद्दा जस का तस है। अब किसान बिचारे भरे मन से इसे अपनी नियति मान लिए हैं। जिस गति से नव निर्मित सड़कें और निर्मित संरचनाएं ध्वस्त हो रही हैं कई 'मिस्टर क्लीन' छवि वाले जनप्रतिनिधि भी शंकाओं के दायरे में आ रहे हैं। मात्र अभियंताओं पर कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। निर्माण के उत्तरदायी तो संबंधित ठेके लेने वाली कंपनियां और विभागों के मंत्रीगण भी तो हैं। कम से कम उन पर भी जांच बैठाकर सरकार की निष्पक्षता दिखाई जा सकती है। और निरंतर बढ़ती जा रही इस अफवाह (या सच्चाई?) कि ज्यादातर ठेके गुजरात की कार्यदाई संस्थाओं को दिए गए हैं का भी सच आम जनता सुनना चाह रही है। कोई बताएगा? संतुष्टिदायक विवरण चाहिए।

अब नए चुनावों का सिलसिला शुरु हो रहा है। उपचुनावों को भी आगामी विधानसभा चुनावों का मापदंड/ संकेतक निश्चित तौर पर माना जाएगा। सत्तारुढ़ दल के समर्थक मतदाता खिन्न हैं कि सरकारें वह तत्परता अभी भी नहीं दिखा रहीं जिनसे अभी संपन्न चुनाव में उन्हें धक्का लगा है। जो सामान्य 'परसेप्शन' बन रहा है वह रुलिंग पार्टी के पक्ष में नहीं है।

# ये बारिश का पानी

कुछ ही दिनों की बात है कि प्रचंड गर्मी से उबरने के लिए देश बारिश की दुआएं मांग रहा था। अभी मानसून की बारिश शुरु ही हुई है कि देश के कई-कई शहरों के डूबने की ख़बरें आने लगी है। आने वाले दिनों में मीडिया ऐसी खबरों से भरी रहने वाली है। कुछ ही दशकों पहले के दिन याद करिए जब बरसात की बारिश शुरू होती थी तो कई-कई दिनों तक रुकने का नाम नहीं लेती थी। सड़क और खेत सब पानी-पानी।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

बारिश या बाढ़ का पानी घरों में घुस गया तब भी बदहवासी नहीं। घुटने भर पानी में छप्पा-छप्पा खेल लिया या कागज़ की कश्ती चला ली। तब प्रकृति का सहज स्वीकार हुआ करता था। बारिश और बाढ़ का पानी अपने में समेट लेने के लिए तब हर गांव-शहर में बड़े-बड़े तालाब और जलाशय भी होते थे और गहरे-गहरे कुएं भी। पानी आया भी तो कुछ ही देर या कुछ ही दिनों में उतर जाता था। प्रकृति-चक्र तेजी से बदला है। वैसी बारिश अब नहीं होती है। शहरों और गांवों में आधे घंटे की बारिश हुई नहीं कि हाहाकार मच जाता है। बारिश अब आनंद का नहीं, आफत का सबब हो चला है। प्रकृति से लड़ते-लड़ते प्रकृति से कितने दूर होते चले गए हैं हम ?

सृष्टि यदि है तो बारिश भी होगी। नदियां हैं तो बाढ़ भी आएंगी। बारिश या बाढ़ अपने साथ पृथ्वी को नए सिरे से गढ़ने का संकल्प लेकर आती हैं। योजनाविहीन शहरों-गांवों के निर्माण, जल-निकासी की कुव्यवस्था, कंक्रीट के जंगल उगाने के लिए असंख्य तालाबों, जलाशयों और कुओं की हत्या और नदियों पर असंख्य डैम और बांध बनाकर हमने प्रकृति के साथ जैसे युद्ध छेड़ा हुआ है। प्रकृति के साथ हमारा ऐसा ही सलूक जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे डूब मरने के लिए बारिश का चुल्लू भर पानी भी पर्याप्त होगा।

# सही बिल उपलब्ध न कराने पर होगी कार्रवाई

## उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने बिलिंग एजेंसियों को दी सख्त चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● गाजियाबाद के मुख्य अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि



**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने बिलिंग एजेंसियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को सही मीटर रीडिंग का बिल उपलब्ध कराएं। लक्ष्य पूरा न होने पर एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अध्यक्ष सोमवार को शक्ति भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बिलिंग एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। अध्यक्ष ने गाजियाबाद में बिलिंग व्यवस्था सही न पाये जाने पर मुख्य अभियंता-प्रथम को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिया।

उन्होंने गाजियाबाद, नोएडा व मुजफ्फरनगर में बिलिंग को शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिये। अध्यक्ष ने कहा कि कई जिलों में उपभोक्ताओं को ऐसे बिल दिये गये हैं, जिसमें बिल का विवरण स्पष्ट नहीं है। ऐसे स्थानों पर तत्काल प्रिंटर बदलकर उपभोक्ताओं को सही रीडिंग का बिल देना सुनिश्चित किया जाय। बैठक में कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार व अन्य अधिकारी शामिल रहे।

### दो निदेशक समेत कई मुख्य अभियंता रिटायर

ऊर्जा निगमों में दो निदेशकों समेत कई मुख्य अभियंता सेवानिवृत्त हो गये। खाली पड़े निदेशकों के पदों पर जल्द चयन प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य अमित श्रीवास्तव व मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक तकनीकी अजय कुमार श्रीवास्तव शामिल हैं। मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारियों में चंद्रवीर सिह गौतम, अमरेंदु, सुनील कपूर, पीयूष गर्ग आदि शामिल हैं।

# उमरा वीजा लेकर सऊदी में कहीं भी जाने की छूट

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

सऊदी सरकार ने पहली बार हज के तीसरे दिन ही उमरा वीजा खोलने के साथ ही कई सहूलियत प्रदान की हैं। अभी तक उमरा वीजा एक माह के लिए वैध होता था लेकिन अब इसकी वैधता तीन माह कर दी गई है। इससे भी बड़ी बात यह है कि उमरा वीजा धारक सऊदी के अंदर सिर्फ एक बार प्रविष्टि कराकर कहीं भी आवागमन कर सकेंगे। पहले उमरा वीजा पर जाने वाले सिर्फ मक्का और मदीना ही जा सकते थे। इसके अलावा कहीं और जाने की इजाजत नहीं थी।

> सऊदी सरकार ने इससे पहले हज समाप्त होने के बाद मोहर्रम में तो उमरा वीजा खोला है, लेकिन ये पहला मौका है जब हज समाप्त होने के तीसरे दिन उमरा वीजा खोल दिया। पहले उमरा वीजा खुलने का लोग तीन तीन माह इंतजार करते थे, लेकिन अब ये समस्या दूर हो गई है। – **हाजी शारिक अलवी, मास्टर ट्रेनर, हज कमेटी उत्तर प्रदेश**

## सार-संक्षेप

### 2500 सोलर मास्ट लाइटिंग से लैस होंगे कई जिले

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश के कई जिले जल्द 2500 सोलर मास्ट लाइटिंग सिस्टम से लैस होंगे। यूपीनेडा ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। 29.78 करोड़ रुपए से कार्यों को पूरा किया जाएगा। यूपीनेडा ने एजेंसी निर्धारण प्रक्रिया के लिए आवेदन मांगे हैं। शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। यूपीनेडा की ओर से लैंड बैंक मैनेजमेंट एप्लिकेशन के विकास के लिए भी कार्य शुरू कर दिया गया है। इस क्रम में यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन को जिम्मेदारी सौंपा गई है। यूपीनेडा की वेबसाइट पर लैंड बैंक पोर्टल के जरिए आउटलाइन एप्लिकेशन मैनेजमेंट, रेगुलर कॉम्पलायंस, डॉक्यूमेंट्स व कॉन्ट्रैक्ट्स एसेसमेंट, टेनेंट व फाइनेंशियल मैनेजमेंट जैसे कई कार्यों को बेहतर तरीके से पूरा कर सकेगा।

### अनपरा सी समेत चार इकाइयां ठप, संकट जारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** ओबरा की एक इकाई को छोड़कर उत्पादन बिजलीघरों में पहले से बंद चल रही सभी इकाइयां चालू हो गईं, पर सोमवार को अनपरा सी समेत चार अन्य इकाइयां ठप हो गईं। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अनपरा सी की 600 मेगावाट, बारा की 660 मेगावाट और हरदुआगंज की 105 मेगावाट व 250 मेगावाट की दो इकाइयां ठप हो गईं जबकि पहले से बंद चल रहीं ओबरा की दो सौ मेगावाट क्षमता की इकाई चालू नहीं हो सकी। इससे राज्य के उत्पादन बिजलीघरों में करीब 1700 मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बिजली आपूर्ति चालू की गई। प्रदेश में सोमवार को बिजली की अधिकतम मांग 25,669 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि न्यूनतम मांग 17,899 मेगावाट रही।

### निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए अभियान पांच से

**लखनऊ, अमृत विचार :** बरेली मंडल में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए पांच जुलाई से अभियान शुरू होगा। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्म पाल सिंह ने अभियान शुरू करने का निर्देश देते हुए कहा कि गो संरक्षण कार्यों की दिशा में बरेली मंडल को आदर्श मंडल बनाया जाय। पशुधन मंत्री सोमवार को विधानभवन में निराश्रित गोवंश के वर्षाकाल के समय संरक्षण, गोशालाओं की सुविधाओं व बरेली मंडल में निराश्रित गोवंश की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 20 जुलाई तक अभियान चलाकर मंडल के तहत बदायूं, पीलीभीत, बरेली व शाहजहांपुर के गोआश्रय स्थलों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि गोआश्रय स्थलों में जलभराव की समस्या के निस्तारण के लिए समय से पूरे इंतजाम किए जाएं और संक्रामक रोगों से बचाव के लिए आवश्यक दवाइयों व वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। बैठक में प्रमुख सचिव रविन्द्र, विशेष सचिव देवेंद्र पाल, पशुपालन विभाग के निदेशक प्रशासन एवं विकास डॉ रघुनाथ सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### हेल्थ वर्कर से लेकर वरिष्ठ चिकित्सकों के तबादले

**लखनऊ, अमृत विचार :** मनमुताबिक तबादला अवधि के आखिरी दिन रविवार को स्वास्थ्य विभाग में भी ग्रेड वन के डॉक्टर से लेकर विशेषज्ञ डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ के भी ट्रांसफर की सूचियां जारी होती रहीं। डॉक्टरों में 185 तो फार्मासिस्टों में 322 के तबादले हुए हैं। वहीं हेल्थ एजुकेशन ऑफिसर (एचईओ) के साथ ही बेसिक हेल्थ वर्कर को भी अनुरोध पर मनचाही तैनाती मिली है। स्वास्थ्य विभाग में 26 वरिष्ठ चिकित्सकों के स्थानान्तरण सूची के साथ ही 10 विशेषज्ञ डॉक्टरों को जरूरत के आधार पर विभिन्न अस्पतालों में तैनात किया गया है, इनमें सर्जन डॉ. राजकुमार को बदायूं जिला अस्पताल में तैनात किया गया है। प्रदेश के राजकीय और नए मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की कमी को पूरी करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्थानान्तरण सत्र में 25 शिक्षकों के तबादले किए हैं। कानपुर मेडिकल कॉलेज में तीन और कानपुर के राजकीय मेडिकल कालेज में एक, प्रयागराज में एक, कन्नौज, अंबेडकर नगर, बदायूं, जालौन, आजमगढ़ और गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में शिक्षकों को भेजा गया।

# मुआवजे को लेकर राहुल ने झूठ बोला : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** संसद में अयोध्या में विस्थापितों को दिये गये मुआवजे को लेकर राहुल गांधी द्वारा की गई टिप्पणी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करारा पलटवार किया है। योगी ने कहा कि राहुल का बयान उप्र. और अयोध्या को बदनाम करने के लिए दिया गया है।

उन्होंने बताया कि अयोध्या में विभिन्न विकास कार्यों के दौरान विस्थापित हुए लोगों को 1733 करोड़ रुपए की धनराशि मुआवजे के तौर पर प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार शाम अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस बीच मुख्यमंत्री ने सूचना परिसर से अयोध्या में बांटे गए मुआवजे की विस्तृत जानकारी साझा की है।

# एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देना प्राथमिकता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● आईआईए का नया सत्र शुरू, 180 पदाधिकारियों ने ली शपथ

**अमृत विचार:** प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश सरकार (माइक्रो, स्माल, मीडियम इंटरप्राइजेज) एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। यह सरकार की उच्च प्राथमिकता में से एक है। वे सोमवार को आईआईए (इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन) की ओर से आयोजित गोमतीनगर विभूतिखंड स्थित संगठन के भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं दिल्ली से 180 नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पद की शपथ ली। इसी के साथ आईआईए के वर्ष 2024-25 के नए सत्र का शुभारंभ 1 जुलाई से हो गया है।




पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए एमएसएमई मंत्री राकेश सचान।

एमएसएमई मंत्री ने कहा कि उद्योगों के विकास में आईआईए की अहम भूमिका है। प्रमुख सचिव आलोक कुमार से मांग पत्र को लेकर वार्ता की जाएगी। राज्य की सभी 90 लाख से ज्यादा एमएसएमई इकाइयों को सरकारी पोर्टल पर पंजीकृत कराया जा रहा है। इसके लिये ठोस प्रयास जारी हैं। उत्तर प्रदेश के एमएसएमई डाटा में सुधार एवं उद्यम रजिस्ट्रेशन को प्रोमोट करने के लिए उद्यमी आगे आएं। जल्द ही जिला उद्योग केन्द्रों के साथ मिलकर एक पखवाड़ा आयोजित किया जायेगा।

# बहोरन लाल मौर्य बने भाजपा प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● विधान परिषद के उप चुनाव का मतदान व मतगणना 12 को



**अमृत विचार :** विधान परिषद की रिक्त एक सीट पर हो रहे उप चुनाव में भाजपा से बहोरन लाल मौर्य को प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने सोमवार को मौर्य के नाम पर अपनी स्वीकृति दे दी। इस सीट के लिए 12 जुलाई को मतदान व मतगणना होगी। इससे पहले दो जुलाई को नामांकन है। परिषद की यह सीट पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे के कारण खाली हुई है।

उप चुनाव में सपा ने अभी तक कोई प्रत्याशी नहीं उतारा है। इस सीट पर विधानसभा सदस्यों के मतों से चुनाव होना है। विधानसभा में सपा के पास 105 सदस्य हैं, जबकि भाजपा के पास 251 सदस्य हैं। ऐसे में संख्या बल में कम होने के कारण सपा ने उप चुनाव से दूरी बना ली है।

बहोरन लाल मौर्य बरेली की भोजीपुरा सीट से 2017 में विधायक चुने गये थे। वह बरेली में भाजपा के जिलाध्यक्ष और राज्यमंत्री भी रहे। वर्ष 2022 में भाजपा ने उन्हें दोबारा प्रत्याशी बनाया था, पर वह चुनाव हार गए थे। समाजवादी पार्टी के शहजिल इस्लाम ने उन्हें हराया था।

# राहुल गांधी की नागरिकता मामले पर दाखिल याचिका खारिज

**विधि संवाददाता, लखनऊः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल गांधी की नागरिकता के कथित विवाद के आधार पर सांसद के तौर पर उनके निर्वाचन को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर पारित किया।

# आगरा के दो फर्मों सहित तीन पर रिपोर्ट, कई अफसर निलंबित

संवाददाता,मथुरा

**अमृत विचार:** मथुरा के कृष्ण विहार में पानी की टंकी गिरनें से हुए हादसे में दो महिलाओं की मौत और 15 लोगों के घायल हो जाने के मामले में शासन ने कड़ा रुख अपनाया है। इस मामले में टंकी बनाने वाले आगरा की दो फर्मों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वहां शासन ने कई अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की है।

उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा आगरा की दो फर्म मेसर्स एसएम कान्स्ट्रक्शन 109 अदन बाग दयाल बाग और मेसर्स बनवारी 230 महर्षिपुरम तथा अलमोड़ा उत्तराखंड की मेसर्स त्रिलोक सिंह रावत फार्म एंव अन्य कर्मियों के खिलाफ मथुरा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं मलबा हटाने का कार्य किया जा रहा है।

## धर्म दर्शन

# बौद्ध पाली ग्रंथों में अयोध्या

बौद्धगया और पाटलिपुत्र के बौद्ध तीर्थो एवं सापना केन्द्रों में लिखे गए बौद्ध पाली ग्रंथों के अनुसार प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या का दीर्घ कालोपरान्त लगभग छठी शती ईसापूर्व में हुए तथागत बुद्ध से अत्यन्त महत्वपूर्ण संबंध रहा है, जिनमें उनकी कम से कम दो अयोध्या यात्राओं तथा प्रवचनों का विस्तृत विवरण बौद्ध साहित्य में उपलब्ध है। भगवान बुद्ध के अयोध्या से हार्दिक लगाव का अकाट्य प्रमाण "मज्झिम निकाय" में उनका एक संबोधन "कोसलक" (कोसलका वासी) है। बौद्ध पाली ग्रंथो में अयोध्या को "अयोज्झ" या "अयुज्झनगर" लिखा गया है, किंतु उसका सबसे लोकप्रिय नाम "साकेत" है। बुद्ध के समय अयोध्या अथवा साकेत की गणना बुद्धकालीन भारत के छः महानगरों में होती थी। ये नगर क्रमशः श्रावस्ती, साकेत, प्रतिष्ठान, राजगृह, वाराणसी तथा तक्षशिला हैं। तथाबुद्ध के अतिरिक्त बौद्धभिक्षु आनन्द (गौतम बुद्ध का चचेरा छोटा भाई) तथा प्रबुद्ध सारिपुत्र की साकेत या अयोध्या यात्राओं बौद्ध धर्म ग्रंथों में कई बार उल्लेख है। सारिपुत्र की गणना, बुद्ध के निकट शिष्यों एवं 'थेरवाद' के प्रमुख प्रचारकों में की जाती है। बौद्ध मूर्तिकला में सारिपुत्र को प्रायः तथागत बुद्ध की प्रतिमा के दाहिनी ओर चित्रित किया गया है। उल्लेखनीय ब्राह्मण वंशीय प्रकाण्ड बौद्ध चिन्तक भिक्षु सारिपुत्र की गणना बुद्ध के प्रारम्भिक प्रमुख शिष्यों में की जाती है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

ऐसा प्रतीत होता है कि बौद्ध लेखकों ने बिना साकेत या अयोध्या को यात्रा किए ही एक भयंकर भौगोलिक गलती कर दी और पाटलि पुत्र की भांति साकेत या अयोध्या को भी गंगा नदी का तटवर्ती लिख दिया है।

यही भूल या गलती सातवीं शती में हर्षवर्धन के शासनकाल में भारत आए चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी की है। नेपाल की सीमा के निकटवर्ती श्रावस्ती (पूर्व के बहराईच एवं आज के श्रावस्ती (सेत-महेत) को, कोसल की दूसरी राजधानी के रूप में बसाने का श्रेय कोसलाधीश श्रीराम के पुत्र लव को है। बौद्ध ग्रंथ 'दीघ निकाय' के अनुसार बौद्ध धर्म के भिक्षुओं के द्वारा दक्षिण दिशा स्थित प्रतिष्ठान की यात्रा के समय श्रावस्ती से प्रस्थान के बाद पहिला पड़ाव या विश्रामस्थल साकेत (अयोध्या) की दूरी छः योजन या चौबीस कोस थी। बौद्ध साहित्य में सरयू को 'सरभ' कहा गया है। जैन आदि पुराण के अनुसार अपने भव्य प्रासादों (भवनों) के कारण पर फहराते ध्वज-पताकाओं के कारण ही अयोध्या को ही साकेत कहा गया। इसीलिए हिन्दू विष्णु पुराण में बौद्धों के 'साकेत' को ही 'साकेतु" कहा गया है।

# सामवेद और सामगान के स्वर

सामगान के स्वर-सामयोनि के मंत्रों का आश्रय लेकर ऋषियों ने गान मंत्रों की रचना की है। यह गान चार तरह के हैं- ग्राम गेय गान, जिसे प्रकृति गान तथा वेय गान भी कहते हैं। आरण्यक गान, ऊह गान, ऊह्य गान या रहस्य ज्ञान। इन गानों में वेयगान पूर्वार्चिक सामवेद के प्रथम पांच अध्याय के मंत्रों के ऊपर होता है। अरण्यगान, आरण्यपर्व के निर्दिष्ट मंत्रों पर ऊह और ऊह्य गान उत्तरआर्चिक में उल्लिखित मंत्रों पर मुख्यतः गाया जाता है। भिन्न शाखाओं में इन गानों की संख्या अलग-अलग है। सबसे अधिक गान जैमिनीय शाखा में मिलते हैं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

भारतीय संगीत शास्त्र का मूल इन्हीं साम गानों पर आधारित है। सामगान की पद्धति का ज्ञान अत्यंत दुरूह है। एक तो यूं ही साम के जानने वाले कम हैं, उस पर सामगान को ठीक स्वर में गाने वालों की संख्या तो उंगलियों में गिने जाने लायक है। यदि गायक के गले में लोच हो और वह उचित मूर्छना, आरोह-अवरोह का विचार कर सामगान करे, तो मंत्रार्थ न जानने पर भी भावों की दिव्य अनुभूति हुए बिना नहीं रहती। नारद शिक्षा के अनुसार साम के स्वरमंडल में-सात स्वर, तीन ग्राम, इक्कीस मूर्छना तथा उनचास (49) तान हैं। इन सातों स्वरों की तुलना वेणु स्वरों से भी की गई है। साम गानों में यही सात तक के अंक तत्तत् स्वरों के स्वरूप को सूचित करने के लिए लिखे जाते हैं। सामयोनि के मंत्रों के ऊपर दिए गए अंकों की व्यवस्था दूसरे प्रकार की होती है। साम योनि मंत्रों को सामगानों के रूप में ढालने पर संगीतानुकूल शाब्दिक परिवर्तन भी किए जाते हैं, जिन्हें साम विकार कहते हैं जो विकार, विश्लेषण, विकर्षण, अभ्यास, विराम तथा स्तोभ के रूप में जाने जाते हैं।

साम गायन की पद्धति बहुत कठिन है। उसकी ठीक-ठीक जानकारी हो सके, इसके लिए बहुत सूक्ष्म अध्ययन अपेक्षित है। साधारण ज्ञान के लिए यह जान लेना काफी है कि साम गान के पांच भाग होते हैं। प्रस्ताव-यह मंत्र का प्रारंभिक भाग है, जो 'हुं' से प्रारंभ होता है। इसे प्रस्तोता नामक ऋत्विज् गाता है। उदगीथ-इसे साम का प्रधान ऋत्विज उद्गाता गाता है। इसके आरंभ में 'ओंम' लगाया जाता है। प्रतिहार-इसका अर्थ है, दो को जोड़ने वाला। इसे प्रतिहर्ता नामक ऋत्विज् गाता है। इसी के कभी-कभी दो टुकड़े कर दिए जाते हैं। उपद्रव-जिसे उद्गाता गाता है। निधन-जिसमें मंत्र के दो पद्यांश या ओम् रहता है। इसका गायन तीनों ऋत्विज प्रस्तोता, उदगाता तथा प्रतिहर्ता एक साथ मिलकर करते हैं।

उदाहरण के लिए सामवेद का प्रथम मंत्र- अग्न आया हि वीतये गृणानो हव्यदातये। नि होता सत्सि बर्हिषि।। इस मंत्र के ऊपर जिस साम का गायन किया जायेगा, उसके पांचों अंग इस प्रकार होंगे। हुं ओग्नाइ (प्रस्ताव), ओम् आयाहि वीतये गृणानोहव्यदातये (उदगीथ), नि होता सत्सि बर्हिषि ओम् (प्रतिहार), इसी प्रतिहार के दो भेद होंगे जो दो प्रकार से गाये जायेगें।, निहोता सत्सि बर्हिषि (उपद्रव), बहिर्षि ओम्( निधन)।


## वर्ग पहेली-118

**बाएं से दाएं**

1. जिसपर दोष लगाया गया हो, अभियुक्त।
2. 1. पानी के कारण होने वाली नमी, ठंडक 2. सीलन, सील, तरी।
4. 1. पाने या लेने वाला 2. सरकार के अनुरोध पर किसी विवादास्पद संस्था का प्रशासन-भार संभालने वाला व्यक्ति, (रिसीवर)।
7. 1. वह स्त्री जिसका मानसिक संतुलन ठीक न हो 2. जेल में किसी प्रकार का ख़तरा उत्पन्न होने पर बजाई जाने वाली घंटी, खतरे की घंटी, (अलार्म)।
8. बादलों की घटा, मेघवाई, मेघ पंक्ति, घनघटा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. लाचार, दीन 2. परेशान, तंग 3. ऊबा हुआ, झुंझलाया हुआ।
3. 1. ज़िंदादिल होना, ख़ुशमिज़ाजी, सहृदयता 2. उत्साह, प्रसन्नता 3. रसिकता 4. हंसोढ़पन 5. विनोदप्रियता।
5. 1. डांट-डपट करने की क्रिया या भाव 2. घुड़की, डांट, झिड़की।
6. 1. गाय पालने वाली 2. ग्वाले की स्त्री; गोप पत्नी 3. ब्रज की स्त्रियाँ जो कृष्ण से प्रेम करती थीं 4. छिपने वाली 5. सारिवा नामक औषधि।



### वर्ग पहेली -117 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 गु | लें | दा | | | 2 दो |
| | | | 3 फ़ा | | ल |
| | 4 सँ | ड़ | सी | | त |
| 5 ख़ी | | | वा | | |
| स | | 6 नं | दी | मु | 7 ख |
| ना | | | | | टा |
| | 8 ख़ु | द | सि | ता | ई |

## सुडोकू -31

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 4 | | 7 | 3 |
| | | | 2 | | 5 | | | 9 |
| 9 | | | | | | 2 | | 8 |
| | 4 | | 5 | 7 | | | | 2 |
| | 2 | | 3 | | 9 | | 5 | |
| 3 | | | | 8 | 2 | | 6 | |
| 5 | | 6 | | | | | | 1 |
| 4 | | | 1 | | 3 | | | |
| 7 | 1 | | 9 | | | 4 | | |

### सुडोकू -30 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 5 | 2 | 4 | 1 |
| 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 4 | 3 | 7 | 9 |
| 4 | 1 | 3 | 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 2 |
| 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 7 | 5 | 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 |
| 2 | 3 | 4 | 6 | 5 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 08.42 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष:** आज आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। अविवाहित लोगों के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आपको सहकर्मियों से प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा।

**वृष:** आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। किन्तु परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके अनुकूल हो जायेंगी। परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है।

**मिथुन:** आज निजी समस्याओं का निराकरण होगा। कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। आपकी कार्य क्षमता में वृद्धि होगी।

**कर्क:** आज आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनंद उठायेंगे।

**सिंह:** आज आप दूसरों का उपकार करने की सोचेंगे। लेकिन लोग आपका आभार व्यक्त नहीं करेंगे। पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

**कन्या:** आज अपने हित शत्रुओं से सावधान रहें। चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है।

**तुला:** आज अपने हित शत्रुओं से सावधान रहें। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है। अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिल सकती है।

**वृश्चिक:** आज प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। शाम के समय मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। लोग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे। बुद्धिमान लोगों से मुलाकात होगी। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी शानदार रहेगा।


**धनु:** आज अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर मिलेंगे। कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय बर्बाद न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**मकर:** आज दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं। नए व्यावसायिक सम्पर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** आज किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित होंगे। आपके कारोबार में निवेश करने के लिए बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है।

**मीन:** आज किसी से प्रेम निवेदन करना चाहते हैं तो इससे बचें। आपकी भावनाओं का अनादर हो सकता है। आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। शाम के समय आप काफी हल्का महसूस करेंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 05.27 तक तत्पश्चात कृतिका 3 जुलाई 4.40 तक।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
होते होते प्यार हो गया — सुबह : 11.47
सोचा न था — शाम : 05.40

**&pictures**
ग्रेट ग्रैंड मस्ती — सुबह : 11.16
लगान — रात : 07.30

**Sony Pix**
द सोशल नेटवर्क — सुबह : 07.25
गॉडजिला — रात : 09.00

**Zee Cinema**
काली का करिश्मा — दोपहर : 12.01
डी ब्लॉक — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
हम तुमपे मरते हैं — सुबह : 08.18
बुड्ढा होगा तेरा बाप — रात : 09.01

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मोटू- आखिर आज पता चल ही गया कि पत्नी को बेगम क्यों कहते हैं... क्योंकि शादी के बाद पत्नी बे, गम हो जाती है और सारे गम पति के हिस्से में चले जाते हैं।

पति- क्या तुम जानती हो दुनिया में सबसे ज्यादा शरीफ कौन है?
पत्नी- दुनिया में सिर्फ वही लोग शरीफ हैं। जिनके मोबाइल में पासवर्ड नहीं है।

लड़की ने प्यार से लड़के के सीने पर अपना सर रखा और बोली- जानू, आपका दिल कितना कुरकुरा है।
लड़का - अरे पगली, दिल कुरकुरा नहीं है, जेब में बीड़ी का बंडल पड़ा है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 920 फ्लैग 1030 डीएमओ 820 बोल्ड 1095, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 900 फ्लैग 1055 बोल्ड 1100 डीएमओ 830।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2060, राज श्री 1400, फ़ॉर्चुन कि. 1770, रविन्द्रा 1965, फ़ॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1510, सचिन 1525, सूरज 1535, अवसर 1655, राग गोल्ड 1610, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1575, चक्र टिन 1875, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1915, स्वास्तिक 2030 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19500, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-25500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल- ( प्रति कु0 ) डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4600, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600 । दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600 ।

# जीएसटी से घरेलू सामानों पर कर की दरें घटीं

## वित्त मंत्रालय ने कहा- लोगों को मिली राहत, नई अप्रत्यक्ष कर प्रणाली ने सात साल पूरे किए

नई दिल्ली, एजेंसी



वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि माल और सेवा कर (जीएसटी) आने से घरेलू उत्पादों और मोबाइल फोन के लिए कर की दरें कम हुई हैं और इससे हर घर को राहत मिली है। नई अप्रत्यक्ष कर प्रणाली के तौर पर जीएसटी ने सोमवार को अपने सात साल पूरे किए हैं। जीएसटी में लगभग 17 स्थानीय कर एवं उपकर शामिल किए गए और इसे एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था।

सातवें जीएसटी दिवस का विषय 'सशक्त व्यापार, समग्र विकास' है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'जीएसटी लागू होने के बाद घरेलू सामानों पर कर की दरें कम होने से घरेलू उपकरणों और मोबाइल फोन पर कम जीएसटी के माध्यम से हर घर को खुशी और राहत मिली है।' जीएसटी करदाताओं का आधार अप्रैल 2018 तक 1.05 करोड़ था, जो बढ़कर अप्रैल 2024 में 1.46 करोड़ हो गया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने कहा, 'हमने बेहतर अनुपालन के साथ ही करदाताओं के आधार में तगड़ा उछाल देखा है।'

मंत्रालय ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद हर घर में खाद्य पदार्थों और बड़े पैमाने पर उपभोग की वस्तुओं पर खर्च कम हुआ है। बिना पैकिंग वाले गेहूं, चावल, दही और लस्सी जैसे खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लागू होने से पहले 2.5-4 प्रतिशत कर लगाया जाता था, जबकि जीएसटी लागू होने के बाद कर शून्य हो गया।

सौंदर्य प्रसाधन, कलाई घड़ी, प्लास्टिक के सैनिटरी उत्पाद, दरवाजे एवं खिड़कियां, फर्नीचर और गद्दे जैसे घरेलू सामानों पर जीएसटी प्रणाली में 18 प्रतिशत की दर से कर लगाया जाता है, जबकि पहले उत्पाद शुल्क और वैट व्यवस्था में 28 प्रतिशत कर लगता था। वित्त मंत्रालय ने कहा कि छोटे करदाताओं के लिए अनुपालन बोझ कम कर दिया गया है। जीएसटी परिषद ने वित्त वर्ष 2023-24 में दो करोड़ रुपये तक के सालाना कारोबार वाले करदाताओं के लिए वार्षिक रिटर्न दाखिल करने की जरूरत खत्म करने की सिफारिश की है।

### जीएसटी संग्रह जून में 8% बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रु.

नई दिल्ली। सकल जीएसटी संग्रह जून में आठ प्रतिशत बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपये रहा। सूत्रों ने कहा कि चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-जून) में अब तक सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 5.57 लाख करोड़ रुपये रहा। जून में संग्रह मई 2024 के संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। यह जून 2023 के संग्रह 1.61 लाख करोड़ रुपये से 8 प्रतिशत अधिक है। एकीकृत जीएसटी का निपटान केंद्रीय जीएसटी के मद में 39,586 करोड़ रुपये का और राज्य जीएसटी (के मद में 33,548 करोड़ रुपये का किया गया।

# किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अनुदान दे रही राज्य सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कृषि यंत्रों के लिए दो जुलाई से आवेदन कर सकेंगे किसान
- 16 जुलाई की रात 12 बजे तक ऑलाइन हो सकेगा आवेदन

**अमृत विचारः** किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अनुदान देने के तहत राज्य सरकार ने दो जुलाई से 16 जुलाई तक की एक अवधि तय की है। इस दौरान राज्य के किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यह कवायद प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू, (सीआरएम) योजना के तहत की जा रही है।



योजना के तहत कृषि यंत्रों जैसे- सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (सुपर एसएमएस), हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर, सुपर सीडर, पैडी स्ट्रा चोपर,श्रेडर, मल्चर, श्रब मास्टर, रोटरी स्लैशर, सरफेस सीडर, हाइड्रोलिक रिवर्सिबल एमबी. प्लाऊ, बेलिंग मशीन, स्ट्रा रेक, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, क्रॉप रीपर ट्रैक्टर माउंटेड, सेल्फ प्रोपेल्ड, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कम बाइंडर और कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए आवेदन किए जा सकेंगे। इस क्रम में निर्धारित अवधि में विभागीय दर्शन पोर्टल https://www.agriculture.up.gov.in पर यंत्र पर अनुदान के लिए टोकन निकालना होगा।

कृषक परिवार (पति अथवा पत्नी में कोई एक) द्वारा एक वित्तीय वर्ष में योजना के तहत निर्धारित यंत्रों में से एक या एक से अधिक प्रकार के यंत्र लिए जा सकते हैं। फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50 फीसदी व कस्टम हायरिंग सेंटर पर अधिकतम 80 प्रतिशत तक अनुदान प्राप्त होगा।

### ई-लॉटरी की मिलेगी सूचना

ई-लॉटरी के लिए स्थल, तिथि एवं समय की जानकारी आवेदकों के मध्य संबंधित जिला उप कृषि निदेशक द्वारा विभिन्न माध्यमों से सूचना दी जाएगी। निर्धारित समय के भीतर लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर डीएम की अध्यक्षता में गठित कार्यकारी समिति के समक्ष विभागीय पोर्टल पर ई-लॉटरी के माध्यम से ब्लॉकवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जाएगा।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 89,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,850-55,050 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,500 |
| चांदी तैयार | 89,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,300 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,300 |
| चांदी पक्की | 882 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरट | 72,700 |
| चांदी आभूषण | 89,200। |

# आरबीआई-आसियान त्वरित सीमापार खुदरा भुगतान के लिए मंच बनाएंगे

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई और आसियान देशों ने सीमापार खुदरा भुगतान को तेज करने के लिए एक मंच बनाने का फैसला किया है। इस मंच के 2026 तक चालू होने की उम्मीद है।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि वह 'प्रोजेक्ट नेक्सस' में शामिल हो गया है, जो घरेलू त्वरित भुगतान प्रणाली (एफपीएस) को आपस में जोड़कर सीमापार खुदरा भुगतान को तेज करने के लिए एक बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय पहल है। बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के नवाचार केंद्र ने प्रोजेक्ट नेक्सस को तैयार किया है। प्रोजेक्ट नेक्सस का मकसद चार आसियान देशों (मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड) और भारत के एफपीएस को जोड़ना है। भारत इस मंच का संस्थापक सदस्य और पहला प्रस्तावक देश होगा। इस आशय के एक समझौते पर बीआईएस और संस्थापक देशों के केंद्रीय बैंकों - बैंक नेगारा मलेशिया (बीएनएम), बैंक ऑफ थाईलैंड (बीओटी), बैंगको सेंट्रल एनजी फिलीपींस, मॉनेटरी अथॉरिटी ऑफ सिंगापुर और आरबीआई ने रविवार को स्विट्जरलैंड के बेसल में हस्ताक्षर किए हैं।

# बिजली खपत जून में करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 152.38 अरब यूनिट

**नई दिल्ली।** देश में बिजली खपत जून में सालाना आधार पर करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 152.38 अरब यूनिट रही। भीषण गर्मी के कारण घरों और दफ्तरों में एयर कंडीशनर और कूलर जैसे उपकरणों का अत्यधिक इस्तेमाल इसकी मुख्य वजह रही। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जून 2023 में बिजली की खपत 140.27 अरब यूनिट थी। एक दिन में सर्वाधिक आपूर्ति (पूरी की गई अधिकतम मांग) भी जून 2024 में बढ़कर 245.41 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 223.29 गीगावाट थी।

# भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि जून में बढ़ी, रोजगार में रिकॉर्ड उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- मई के पीएमआई 57.5 की अपेक्षा बढ़कर 58.3 हो गया

भारत के विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन जून में तेज गति से बढ़ा है। अनुकूल मांग परिस्थितियों के बीच नए ठेके मिलने जारी रहे और इसके परिणामस्वरूप रोजगार में रिकॉर्ड वृद्धि हुई।

सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) जून में बढ़कर 58.3 हो गया जो मई में 57.5 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। जून के आंकड़ों के अनुसार भारत में विनिर्माताओं की बिक्री में मजबूत वृद्धि मुख्य रूप से मजबूत अंतर्निहित मांग, उच्च निर्यात और सफल विज्ञापन के कारण हुई। नए ठेके मिलने में लगातार बढ़ोतरी के परिणामस्वरूप कंपनियों द्वारा भर्ती में तेजी आई। रोजगार सृजन की दर तेज हुई और मार्च 2005 में डेटा संग्रह शुरू होने के बाद से मजबूत रही।

# एअर इंडिया महाराष्ट्र में उड़ान संस्थान करेगी स्थापित

**मुंबई।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया ने महाराष्ट्र के अमरावती में एक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की सोमवार को घोषणा की। इस कदम का लक्ष्य सालाना 180 वाणिज्यिक पायलट को प्रशिक्षित करना है। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा कि बेलोरा हवाई अड्डे पर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) लाइसेंस प्राप्त उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) दक्षिण एशिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा संस्थान होगा। यह अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में तैयार हो जाएगा।

## एक नजर

### 3-4 जुलाई को 'ग्लोबल इंडिया एआई समिट' का आयोजन

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय कृत्रिम मेधा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए 3-4 जुलाई को वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगा। मंत्रालय के अनुसार, भारत इस नए युग की प्रौद्योगिकी की नैतिक और समावेशी वृद्धि के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। 'ग्लोबल इंडिया एआई समिट-2024' के जरिए भारत स्वयं को एआई नवाचार में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने की आकांक्षा रखता है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और उद्योग जगत के कई नामचीन चेहरे इस कार्यक्रम के वक्ता होंगे।

### आरबीआई ने दो नए कार्यकारी निदेशक नियुक्त किए

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को अर्नब कुमार चौधरी और चारुलता एस कार को कार्यकारी निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की। चौधरी और कार तीन-तीन विभागों की जिम्मेदारी संभालेंगे। रिजर्व बैंक के अनुसार, कार को 1 जुलाई से कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त किया गया है, जबकि चौधरी को 3 जून, 2024 से ईडी नियुक्त किया गया है। कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पहले चौधरी पर्यवेक्षण विभाग में मुख्य महाप्रबंधक-प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि कार्यकारी निदेशक के रूप में वह जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम (डीआईसीजीसी), विदेशी मुद्रा विभाग और अंतर्राष्ट्रीय विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे।


### ताप बिजली घरों के लिए पर्याप्त कोयला भंडार मौजूदः मंत्रालय

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि घरेलू ताप बिजली घरों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उसके पास पर्याप्त मात्रा में कोयला उपलब्ध है। घरेलू ताप विद्युत संयंत्रों के पास मौजूद कोयले का भंडार शनिवार तक 4.44 करोड़ टन था। यह बिजली उपभोग के मौजूदा स्तर के हिसाब से 18.5 दिनों की जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी है। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "ताप विद्युत संयंत्रों के पास उपलब्ध कोयले का भंडार एक साल पहले के भंडार की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है।" मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में कोयला उत्पादन 10.58 प्रतिशत बढ़ गया।

# किसान मांग रहे एमएसपी, केंद्र कर रहा इनकार

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार को घेरा, कृषि मंत्री शिवराज ने कहा- झूठ न बोलें नेता प्रतिपक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी



लोकसभा में सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब सदन में बोलने के लिए खड़े हुए तो उन्होंने अग्निवीर योजना, महंगाई और किसानों से जुड़े मुद्दे उठाकर सरकार को घेरने की कोशिश की। राहुल गांधी ने सदन में बोलते हुए सरकार की ओर से किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नहीं दिए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि देश के किसान एमएसपी की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार कह रही है कि हम नहीं देंगे। हालांकि सरकार की ओर से इसका खंडन किया गया।

राहुल ने कहा कि हम किसानों के हित में जो भूमि अधिग्रहण कानून लाए थे, वर्तमान सरकार उसे बदल कर ऐसे कृषि कानून लेकर आई, जो किसानों के बजाए उद्योगपतियों के हितों की बात करती थी। किसानों ने उसका विरोध किया। विरोध करने के लिए जो किसान दिल्ली आ रहे थे, उन्हें रास्तों पर ही रोक दिया गया। आज तक कई जगहों पर बॉर्डर बंद हैं। सरकार किसानों को एमएसपी देने को तैयार नहीं है।

राहुल गांधी के इस आरोप का सरकार की ओर से तुरंत खंडन किया गया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी के बयान पर आपत्ति जताई।

शिवराज सिंह ने कहा, 'विपक्ष के नेता को सदन में खड़े होकर झूठ नहीं बोलना चाहिए कि सरकार किसानों को एमएसपी नहीं दे रही। मोदी जी की सरकार किसानों को फसलों की लागत पर एमएसपी की सुविधा मुहैया करवा रही है।" इसके बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कृषि मंत्री को जवाब देते हुए कहा कि मैं किसानों कानूनी रूप से एमएसपी की गारंटी देने की बात कर रहा हूं।

### शाह ने कहा- आसन राहुल के बयान को सत्यापित करे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मांग की कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से अनाज नहीं खरीदे जाने और सेना के शहीद अग्निवीरों के परिजनों को मुआवजा न दिये जाने के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दावे को सत्यापित करने का निर्देश दें। शाह की मांग पर बिरला ने हामी भरी है। लोकसभा में सोमवार को राहुल गांधी ने एमएसपी पर किसानों से अनाज नहीं खरीदे जाने का आरोप लगाते हुए सरकार पर निशाना साधा, जिस पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने हस्तक्षेप किया। जब गांधी ने अपना संबोधन समाप्त किया तो शाह ने निर्देश पुस्तिका दिखाते हुए कहा कि कोई भी मंत्री या सदस्य भाषण देते समय तथ्यात्मक चीजें रखते हैं और कोई सदस्य उसे चुनौती देते हैं तो आसन इसे सत्यापित करने का निर्देश दे सकता है। उन्होंने इसके लिए नियम पुस्तिका की नियम संख्या 115 (एक) से 115 (चार) तक का हवाला देते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने कई ऐसे तथ्य रखे जो सत्य नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'सत्ता पक्ष ने उन बयानों पर आपत्ति जताई है। हम आपसे सत्यापन का निर्देश देने की मांग करते हैं, हमें संरक्षण मिले।' उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को अपने बयान के सत्यापन का निर्देश मिले। इस पर ओम बिरला ने कहा, सत्यापन करेंगे।

# कोल इंडिया का कोयला उत्पादन 8 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का कोयला उत्पादन चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 8 प्रतिशत बढ़कर 18.93 करोड़ टन रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कोल इंडिया का कोयला उत्पादन 17.55 करोड़ टन था। कोल इंडिया लिमिटेड ने सोमवार को एक बयान में कहा, "हमने 18.92 करोड़ टन के लक्ष्य को पार करते हुए चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 100 प्रतिशत संतुष्टि हासिल की।" देश के कुल कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी की सभी सात उत्पादक अनुषंगियों ने भी आलोच्य अवधि में सकारात्मक वृद्धि हासिल की और इनमें से पांच ने अपने निर्धारित लक्ष्यों को पार कर लिया। जून के महीने में कंपनी का उत्पादन नौ प्रतिशत बढ़कर 6.3 करोड़ टन हो गया, जो जून 2023 में उत्पादित 5.8 करोड़ टन से अधिक है।

## केयर रेटिंग्स की रिपोर्ट में दावा

# मोबाइल टैरिफ में वृद्धि से औसत राजस्व में 15% वृद्धि

मुंबई, एजेंसी

शीर्ष तीन दूरसंचार कंपनियों के मोबाइल सेवाओं के शुल्क में बढ़ोतरी करने से प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) में 15 प्रतिशत की वृद्धि होगी। केयर रेटिंग्स ने कहा कि इससे वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान परिचालन लाभ में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होगी।

घरेलू रेटिंग एजेंसी ने एक रिपोर्ट में कहा कि ढाई साल बाद दूरसंचार कंपनियों ने मोबाइल सेवाओं के शुल्क में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, जिससे वित्त वर्ष 2024-25 में इन कंपनियों के लाभ में 20-22 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। रिपोर्ट में इस कदम को दूरसंचार क्षेत्र के लिए संरचनात्मक रूप से सकारात्मक बताया गया। क्षेत्र 5जी तैनाती में भारी निवेश के कारण निवेश की गई पूंजी पर प्रतिफल के



मोर्चे पर संघर्ष कर रहा है, जिसमें स्पेक्ट्रम खरीद भी शामिल है। रेटिंग एजेंसी के विश्लेषण से पता चला है कि इस बढ़ोतरी से दूरसंचार कंपनियों का प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग 15 प्रतिशत बढ़कर 220 रुपये हो जाएगा, जो वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 191 रुपये था। इसमें कहा गया कि एआरपीयू में प्रत्येक एक रुपये की वृद्धि से उद्योग के लाभ में लगभग 1,000 करोड़ रुपये जुड़ेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक मुनाफे में इस वृद्धि से दूरसंचार कंपनियों को पूंजी, प्रौद्योगिकी उन्नयन और नेटवर्क विस्तार में मदद मिलेगी।

# अम्बे लैब्स के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 65-68 रु. प्रति शेयर

**नई दिल्ली।** कृषि-रसायन बनाने वाली अम्बे लैबोरेटरीज आईपीओ के जरिए 44.68 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। आईपीओ के लिए 4 जुलाई से आवेदन किया जा सकेगा। अम्बे लैबोरेटरीज ने सोमवार को एक बयान में कहा कि कंपनी ने आईपीओ का मूल्य दायरा 65-68 रुपये प्रति शेयर तय किया है।

सार्वजनिक निर्गम 8 जुलाई को बंद होगा। कंपनी के शेयर एनएसई एसएमई इमर्ज पर सूचीबद्ध होंगे। अम्बे लैबोरेटरीज ने कहा कि कीमत दायरे की ऊपरी सीमा पर, आईपीओ से 44.68 करोड़ रुपये तक की राशि मिलने की उम्मीद है। वर्ष 1985 में गठित अंबे लेबोरेटरीज फसल सुरक्षा के लिए कृषि रसायन उत्पाद बनाती है।

# पतंजलि आयुर्वेद का 'होम एंड पर्सनल केयर' बिजनेस खरीदेगी पतंजलि फूड्स, 1100 करोड़ रुपये में डील

नई दिल्ली, एजेंसी

योगगुरु बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड (पीएफएल) अपने एफएमसीजी पोर्टफोलियो का विस्तार करने के उद्देश्य से अपनी पैरेंट कंपनी पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड (पीएएल) के होम एंड पर्सनल केयर कारोबार का 1100 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी। पीएफएल ने सोमवार को बताया कि पतंजलि फूड्स लिमिटेड के बोर्ड ने पीएएल के होम एंड पर्सनल केयर (एचपीसी) कारोबार के अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिससे कंपनी के एक अग्रणी एफएमसीजी कंपनी के रूप में परिवर्तन की गति तेज होगी। साथ ही स्लंप सेल के आधार पर अधिग्रहण से कंपनी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार होगा। होम एंड पर्सनल केयर कारोबार के हस्तांतरण के लिए कंपनी और पीएएल के बीच 1100 करोड़ रुपये की एकमुश्त राशि पर पारस्परिक रूप से बातचीत की गई है, जो प्रथागत समापन तिथि समायोजन और कंपनी और पीएएल के बीच निष्पादित किए जाने वाले व्यवसाय हस्तांतरण समझौते में निर्धारित अन्य शर्तों के अधीन होगी।

# मारुति सुजुकी की जून में बिक्री 12% बढ़कर 1,79,228 इकाई पर

**नई दिल्ली।** वाहन बनाने वाली कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की जून महीने में कुल थोक बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 1,79,228 इकाई रही। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने एक बयान में कहा कि कंपनी की पिछले साल इसी महीने में थोक बिक्री 1,59,418 इकाई थी। बयान के अनुसार जून में कुल घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री 3 प्रतिशत बढ़कर 1,37,160 इकाई रही, जून 2023 में यह 1,33,027 इकाई थी। ऑल्टो और एस-प्रेसो सहित छोटी कारों की बिक्री जून 2023 में 14,054 इकाइयों से घटकर पिछले महीने 9,395 इकाई रह गई। बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगनआर सहित कॉम्पैक्ट कार की बिक्री जून में 64,049 इकाई रही, जबकि एक साल पहले इसी महीने में 64,471 इकाई थी।

# पहले कारोबारी दिन नई ऊंचाई पर पहुंचा बाजार

- बैंक, आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स 443 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी



वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू स्तर पर बैंक एवं आईटी शेयरों में लिवाली आने से सोमवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स 443 अंक बढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 24,100 अंक से ऊपर रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 443.46 अंक यानी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 79,476.19 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 528.27 अंक उछलकर 79,561 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 131.35 अंक बढ़कर 24,141.95 अंक के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान यह 24,164 तक पहुंच गया जो पिछले कारोबारी सत्र में हासिल 24,174 के सर्वकालिक उच्चतम स्तर से मात्र 10 अंक कम है। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, जेएसडब्ल्यू स्टील, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी दर्ज की गई। दूसरी तरफ एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा- घरेलू बाजार ने अपनी तेजी को बरकरार रखा। अमेरिकी मुद्रास्फीति में कमी ने सितंबर में फेडरल रिजर्व की तरफ से दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ाई हैं।

### पूंजीकरण 443 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर

घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण सोमवार को बढ़कर 443.05 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह इसका अब तक का रिकॉर्ड स्तर है। पूंजीकरण में यह उछाल सेंसेक्स के अपने नए शिखर पर पहुंचने के बीच आया है। बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 443.46 अंक यानी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 79,476.19 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 528.27 अंक उछलकर 79,561 पर पहुंच गया था। इस तेजी का असर बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्यांकन पर पड़ा और वह 4,43,05,344.36 करोड़ रुपये के अपने नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया।

# एमएसएमई सहज एमएसएमई ऋण का अनावरण

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने एमएसएमई के इनवॉइस फाइनेंसिंग के लिए वेब आधारित डिजिटल बिज़नेस ऋण समाधान "एमएसएमई सहज" के शुभारंभ की घोषणा की है। बैंक ने कहा कि इसे डेटा-संचालित इनवॉइस फाइनेंसिंग क्रेडिट असेसमेंट इंजन के रूप में विकसित किया गया है, जो बिना किसी मैनुअल हस्तक्षेप के 15 मिनट के भीतर ऋण आवेदन से लेकर दस्तावेज़ीकरण और स्वीकृत ऋण के वितरण तक संपूर्ण समाधान प्रदान करेगा। नियत तिथि पर ऋण का बंद होना भी स्वचालित है और सिस्टम द्वारा ही किया जाता है।

# दो हजार रुपये के 97.87% नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस लौटे

नई दिल्ली, एजेंसी

- अब लोगों के पास बचे 7,581 करोड़ रुपये के नोट

दो हजार रुपये के बैंक नोटों में से 97.87 प्रतिशत बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं और केवल 7,581 करोड़ रुपये मूल्य के नोट ही जनता के पास बचे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य वर्ग के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। 19 मई, 2023 को कारोबार के बंद होने के बाद प्रचलन में रहे 2000 रुपये के बैंकनोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था जो 28 जून, 2024 को कारोबार के बंद होने पर घटकर 7,581 करोड़ रुपये रह गया है।

केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा, "इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक प्रचलन में रहे 2000 रुपये के 97.87 प्रतिशत बैंक नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं।' 2000 रुपये के बैंकनोटों को जमा करने और/या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर, 2023 तक देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। 2000 रुपये के बैंकनोटों के आदान-प्रदान की सुविधा 19 मई, 2023 से रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में भी उपलब्ध है।

# तीनों सफेद मिल गए, लाल बाकी है: द्रविड़

ब्रिजटाउन, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के निवर्तमान कोच राहुल द्रविड़ ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को टी20 विश्व कप जीतने के कुछ घंटे बाद और अपने कार्यकाल के आखिरी दिन भी एक काम सौंपा है। द्रविड़ ने भारतीय ड्रेसिंग रूम के जश्न के वीडियो में कोहली से कहा तीनों सफेद तो हासिल कर लिए, एक लाल बाकी है। उसे भी हासिल कर लो।

आईसीसी ने इंस्टाग्राम पेज पर यह वीडियो डाला है। तीन सफेद से आशय टी-20 विश्व कप, वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी है जो कोहली ने जीत रखे है। अब बस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीतना बाकी है। भारत दो बार डब्ल्यूटीसी फाइनल (2021 में न्यूजीलैंड से और 2023 में आस्ट्रेलिया से) हार चुका है। 35 वर्ष के कोहली ने विश्व कप जीतने के साथ टी-20 क्रिकेट से विदा ले ली। वह द्रविड़ के



इस बयान पर मुस्कुराकर रह गए। इस वीडियो में सूर्यकुमार यादव भी हैं जिन्होंने फाइनल में डेविड मिलर का शानदार कैच लपका था। इस उपलब्धि को समझने में उन्हें कम से कम दो दिन लगेंगे। अभी कुछ महसूस नहीं हो रहा। समझ में नहीं आ रहा कि क्या कहूं। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा आत्मविश्वास से क्या हासिल नहीं हो सकता। भारतीय टीम फिलहाल बारबडोस में ही है क्योंकि तूफान बेरिल की चेतावनी के कारण उड़ान सेवाएं निरस्त हैं। भारतीय टीम को दुबई के रास्ते न्यूयॉर्क से अमीरात की उड़ान लेनी थी। एक सूत्र ने बताया कि टीम को चार्टर्ड उड़ान से वापिस लाया जा सकता है। भारतीय दल में सहयोगी स्टाफ, परिवार और अधिकारियों समेत 70 सदस्य हैं।

## कार्तिक होंगे आरसीबी के बल्लेबाजी कोच, मेंटॉर

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपना बल्लेबाजी कोच और मेंटॉर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद कार्तिक इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र से आरसीबी के खिलाड़ियों को बल्लेबाजी के गुर सिखाते नजर आएंगे।

कार्तिक ने आरसीबी के बल्लेबाजी कोच और मेंटॉर नियुक्ति को लेकर जारी प्रेस विज्ञप्ति में एक बयान में कहा, पेशेवर स्तर पर कोचिंग करने का अवसर पाकर मैं काफी उत्साहित हूं। यह मेरे जीवन का एक नया अध्याय है। मैं उम्मीद करता हूं एक खिलाड़ी के तौर पर मिले अपने अनुभव आरसीबी को दे पाऊंगा। कार्तिक आईपीएल में कुल छह टीमों का हिस्सा रहे। उन्होंने में केकेआर के लिए कप्तानी भी की है।

# श्रीलंका दौरे पर जाएंगे नए कोच : शाह

ब्रिजटाउन, एजेंसी



- गौतम गंभीर के नाम की लगाई जा रहीं अटकलें
- तूफान के चलते बारबडोस में फंसी भारतीय टीम

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोमवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच इस महीने के आखिर में श्रीलंका में सीमित ओवरों की श्रृंखला के साथ टीम से जुड़ेंगे हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि राहुल द्रविड़ के जाने के बाद किसके नाम पर मुहर लगी है। पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर के नाम की अटकलें लगाई जा रही है । क्रिकेट सलाहकार समिति ने गंभीर और भारतीय महिला टीम के पूर्व कोच डब्ल्यू वी रमन के इंटरव्यू लिए हैं।

शाह ने कहा कि एक चयनकर्ता की नियुक्ति भी शीघ्र की जाएगी। शाह टी-20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज आए हैं जिसमें भारत ने फाइनल में श्रीलंका को सात रन से हराकर खिताब जीता। शाह ने कहा कोच और चयनकर्ता की नियुक्ति जल्द ही होगी। सीएसी ने दो उम्मीदवारों के इंटरव्यू लिए हैं और मुंबई जाने के बाद जो उनका फैसला होगा, हम उस पर अमल करेंगे। जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण जाएंगे लेकिन नया कोच श्रीलंका श्रृंखला से ही जुड़ेगा। टीम 27 जुलाई से तीन टी-20 और तीन वनडे खेलने श्रीलंका जाएगी। हार्दिक के प्रदर्शन और रोहित के बाद उनके कप्तान बनने की संभावना पर शाह ने कहा कप्तानी का फैसला चयनकर्ता करेंगे। सम्मान समारोह की बीसीसीआई योजना बना रही है लेकिन तूफान की चेतावनी के कारण बारबडोस हवाई अड्डा बंद है और टीम यहीं फंसी हुई है। शाह ने कहा हम भी यहां फंसे हुए हैं।

# भारतीय महिला टीम ने जीती श्रृंखला



दक्षिण अफ्रीका पर शानदार जीत दर्ज करने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते भारतीय महिला टीम के खिलाड़ी व अन्य सदस्य। ● एजेंसी


ट्रॉफी के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर। ● एजेंसी

## टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया, राणा बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एकमात्र टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को सोमवार को चौथे और आखिरी दिन दस विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 373 रन पर आउट करने के बाद भारत को जीत के लिये 37 रन का आसान लक्ष्य मिला जो मेजबान ने बिना कोई विकेट गंवाये 9.2 ओवर में हासिल कर लिया।

भारत ने पहली पारी छह विकेट पर 603 रन पर घोषित की थी। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज शुभा सतीश ने नाबाद 13 और शेफाली वर्मा ने नाबाद 24 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने इससे पहले 2002 में पार्ल में भी दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराया था। पहली पारी में 266 रन पर आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन किया। लौरा वोल्वार्ट ने 314 गेंद में 122 और सुने लुस ने 203 गेंद में 109 रन बनाए। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 232 रन से आगे खेलते हुए वोल्वार्ट और मरियाने काप ने रन बनाना जारी रखा।

वोल्वार्ट ने पहला टेस्ट शतक जड़ा और एक ही साल में टेस्ट, वनडे तथा टी-20 में शतक बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गई। काप को दीप्ति शर्मा ने 31 के स्कोर पर पगबाधा आउट किया। वहीं स्नेह राणा ने डेल्मी टकर को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा। वोल्वार्ट 122 के स्कोर पर राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर पगबाधा आउट हुई। दक्षिण अफ्रीका ने 300 रन का आंकड़ा पार किया जो भारत के खिलाफ उसका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है। लंच के बाद सिनालो जाफ्टा रिटायर्ड हर्ट हो गई जबकि एन्ने डेर्कसन पांच रन बनाकर पूजा वस्त्राकर का शिकार हुई। डि क्लेर्क और मसाबाटा क्लास ने 23 रन की साझेदारी करके टीम को पारी की हार से बचाया।

वहीं पहली पारी में भारत की शेफाली वर्मा (205) के एतिहासिक दोहरे शतक और स्मृति मंधाना (149) की शतकीय पारी की मदद से भारत ने छह विकेट पर 603 रन पर घोषित कर दी थी। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए मैदान के चारों ओर शॉट लगाते हुए पहले विकेट के लिये 292 रनों की रिकार्ड साझेदारी की। इसके बाद स्नेह राणा (आठ विकेट) के शानदार स्पैल की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बल्लेबाजी के लिए मुफीद चेपॉक की सपाट पिच पर मेहमान दक्षिण अफ्रीका रविवार को पहली पारी में 266 रन पर ढ़ेर कर 337 रनों की बढ़त बना ली थी। स्नेह राणा के शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी: 603/6 (पारी घोषित)
दक्षिण अफ्रीका पहली पारी: 266/10
प्लेयर ऑफ द मैच: स्नेह राणा

| द. अफ्रीका (फॉलोऑन) 373/10 (154.4 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| लॉरा वुलवार्ट पगबाधा राजेश्वरी | 122 | 314 | 16/0 |
| ऐनेक बॉश पगबाधा दीप्ति | 9 | 18 | 2/0 |
| सुने लुस बो हरमनप्रीत | 109 | 203 | 18/0 |
| मारिजाने काप पगबाधा दीप्ति | 31 | 82 | 3/0 |
| डेल्मी टकर का रोड्रिग्स बो राणा | 0 | 3 | 0/0 |
| नादिने डि क्लार्क बो राजेश्वरी | 61 | 185 | 8/1 |
| सिनालो जाफ्ता का शुभा बो शेफाली | 15 | 36 | 2/0 |
| एन्नेरी डर्कसन पगबाधा वस्त्राकर | 5 | 17 | 1/0 |
| तुमी सेखुखुने रन आउट (राजेश्वरी) | 6 | 35 | 1/0 |
| मासाबाटा क्लास बो शेफाली | 2 | 33 | 0/0 |
| नोनकुलुलेको म्लाबा नाबाद | 1 | 5 | 0/0 |

अतिरिक्त: 12, गेंदबाजी: रेणुका 10-1-30-0, राणा 40-12-111-2, वस्त्राकर 16-7-35-1, दीप्ति 45-10-95-2, राजेश्वरी 30.4-12-55-2, शेफाली 3-1-7-1, हरमनप्रीत 10-0-31-1

| भारत दूसरी पारी 37/0 (9.2 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शुभा सतीश नाबाद | 13 | 26 | 1/0 |
| शेफाली वर्मा नाबाद | 24 | 30 | 3/1 |

गेंदबाजी : म्लाबा 5-0-18-0, टकर 4.2-0-19-0

## खेल डायरी

### अफगानिस्तान की महिला क्रिकेटरों ने शरणार्थी टीम गठित करने का किया आग्रह

**मेलबर्न।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर उतरने का सपना संजोए ऑस्ट्रेलिया में आत्म-निर्वासन में रह रही अफगानिस्तान की 17 महिला क्रिकेटरों ने आईसीसी को पत्र लिख कर एक टीम गठित करने में मदद करने की मांग की है। तालिबान ने 2021 में अफगानिस्तान में सत्ता हासिल करने के बाद महिला टीम को भंग कर दिया था। अफगानिस्तान की पुरुष टीम ने पहली बार टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाकर सुर्खियां बटोरी लेकिन तालिबान के राज से पहले अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड से अनुबंधित महिला खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में शरणार्थी के तौर पर रह रहीं हैं।

### इटालियन ओपन में पांचवें स्थान पर शुभंकर

**रोम।** पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा तीन होल के अंदर एक बोगी और एक डबल बोगी करने के बाद इटालियन ओपन में पांचवें स्थान पर रहे। शुभंकर तीसरे दिन के बाद चार खिलाड़ियों के साथ तालिका में शीर्ष पर थे लेकिन दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद वह पांचवें स्थान पर खिसक गये। उनका कुल स्कोर आठ अंडर रहा। उन्होंने 13वें होल तक दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाये थे लेकिन वह 14वें होल में डबल बोगी और 16वें होल में बोगी कर बैठे।

### भारतीय बधिर टीम ने टी-20 श्रृंखला जीती

**नई दिल्ली।** भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने लीसेस्टर में सातवें और अंतिम टी-20 मैच में मेजबान इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर श्रृंखला 5-2 से अपने नाम कर ली। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड को चार विकेट पर 164 रन पर रोक दिया और फिर अभिषेक सिंह (68) तथा उमर अशरफ (56) के अर्धशतकों की मदद से चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 46 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे लेकिन अभिषेक और अशरफ ने 95 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी कराई।

### क्वार्टर फाइनल में मलेशिया से हारा भारत

**नई दिल्ली।** भारत को बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलेशिया ने 3-2 से हरा दिया। भारतीय खिलाड़ी अब व्यक्तिगत मुकाबलों में भाग लेंगे। भारत ने मिश्रित युगल टीम में बदलाव करते हुए संस्कार सारस्वत के साथ श्रावनी वालेकर को उतारा। दोनों ने कांग खाइ किंग और एन मेइसाराह की जोड़ी को 21-16, 13-21, 21-17 से मात दी। इसके बाद तन्वी यार्मा ने सिति जुलैखा को एकल वर्ग में 21-15, 15-21, 22-20 से हराकर भारत की बढत दुगुनी कर दी। प्रणय शेट्टिगर को एकल वर्ग में मुहम्मद फैक ने 15-21, 21-18, 21-19 से मात दी। वालेकर और नव्या कंडेरी को बुइ ओंग शिन यि और कारमेन तिंग ने 21-16, 21-15 से हराया। लड़कों के युगल वर्ग में भार्गव एरिगेला और अर्श मुहम्मद को कांग और आरोन तेइ ने 21-18, 21-10 से शिकस्त दी।

### आनंद ने 10वीं बार जीता लियोन मास्टर्स खिताब

**लियोन (स्पेन)।** पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद लियोन मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के जैमे सैंटोस लटासा को 3-1 से हराकर यहां दसवीं बार चैंपियन बनें। आनंद ने 28 साल पहले 1996 में यहां अपना पहला खिताब जीता था। इस प्रारूप में चार खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें आनंद और उनके हमवतन अर्जुन एरिगैसी के अलावा बुल्गारिया के वेसेलिन टोपालोव और लटासा शामिल थे। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज अर्जुन को दूसरे सेमीफाइनल में लटासा ने 2.5-1.5 के स्कोर से हराकर उलटफेर किया था।

### प्रज्ञानानंदा को वेस्ली सो ने बराबरी पर रोका

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में एक बार फिर शानदार स्थिति में होने बावजूद अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने में नाकाम रहे और यह मुकाबला ड्रॉ पर छूटा। इस दौरान दिन के पांचों मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए। अमेरिका के फैबियानो कारूआना 3.5 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश और प्रज्ञानानंदा उनसे आधा अंक पीछे संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

### ओसीए ईबी ने योग को शामिल करने पर जताई सहमति

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने सोमवार को कहा कि एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) ने योग को एशियाई खेलों में शामिल करने पर सहमति जताई है और ओसीए की आमसभा से मंजूरी मिलने पर इसे खेलों में स्थान मिल जाएगा। उषा ने कहा कि ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह ने उन्हें ईबी के फैसले के बारे में बताया। उन्होंने आईओए की विज्ञप्ति में कहा मुझे खुशी है कि ओसीए के कार्यकारी बोर्ड ने भारत के अनुरोध पर योग को वह मान्यता देने पर मंजूरी जताई है जिसका वह हकदार है। अब यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए आमसभा की खेल समिति के पास जाएगा।

# आईओए ईसी सदस्यों ने पेरिस यात्रा के लिए कोई भत्ता न लेने का किया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

- परिषद के सदस्यों ने कहा- एथलीटों से अधिक भत्ता लेने से होगा छवि को नुकसान

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी परिषद (ईसी) के सदस्यों ने पेरिस ओलंपिक के दौरान यात्रा भत्ता नहीं लेने का फैसला किया है। परिषद के सदस्यों को इस बात की चिंता है कि अगर वे पेरिस ओलंपिक के लिए एथलीटों से अधिक भत्ता स्वीकार करेंगे तो उनकी छवि को नुकसान होगा।

आईओए की कार्यकारी परिषद ने यह भी कहा कि वे विदेश यात्रा के लिए सरकारी धन पर निर्भर नहीं है क्योंकि सभी सदस्य अच्छी पृष्ठभूमि से आते हैं। बजट अनुमान के मुताबिक आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्यों को प्रतिदिन 300 डॉलर (लगभग 25,000 रुपये) मिलने थे। सदस्यों को उनकी पांच दिवसीय यात्रा के दौरान आवास के लिए प्रति दिन अतिरिक्त 1000 डॉलर (लगभग 84,000 रुपये) भी मिलने थे। ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का भत्ता प्रति दिन 50 डॉलर तय किया गया था, जबकि ओलंपिक क्वालीफिकेशन हासिल के लिए प्रत्येक खिलाड़ी के लिए अलग से दो लाख रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई थी। ईसी के एक सदस्य ने कहा हां, हमने इस मुद्दे पर चर्चा की। अधिकांश सदस्य इस बात पर सहमत थे कि हमें यह भत्ता स्वीकार नहीं करना चाहिए। इससे जनता में गलत संदेश गया है और इसे सुधारने की जरूरत है। ईसी के सभी सदस्य आर्थिक रूप से संपन्न हैं। उन्हें ऐसी यात्राओं के लिए सरकारी कोष पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है।

# अलकराज ने जीत से शुरू किया सफर

लंदन, एजेंसी

गत चैंपियन कार्लोस अलकराज ने विंबलडन के पहले दौर में सोमवार को यहां क्वालीफायर मार्क लाजल पर सीधे सेटों में 7-6 (3), 7-5, 6-2 जीत दर्ज की। विश्व रैंकिंग में 269 वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी लाजल ने हालांकि शुरुआती दो सेट में स्पेन के खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी। तीसरी वरीयता प्राप्त 21 साल के अल्काराज ने भी माना कि एस्तोनिया के खिलाड़ी ने उन्हें आश्चर्यचकित किया।


तीन सप्ताह पहले फ्रेंच ओपन में अपनी तीसरी बड़ी चैंपियनशिप जीतने वाले अल्काराज ने पिछले साल विंबलडन फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था, लेकिन उन्होंने कहा कि वह सोमवार के मैच से पहले घबराए हुए थे। उन्होंने कहा, जब मैं कोर्ट पर उतरा मेरे रोंगटे खड़े हो गए। मुझे पिछला साल याद आ गया। यह बहुत अच्छा एहसास था। पुरुष एकल के अन्य मैचों में पांचवीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव ने अलेक्जेंडर कोवासिक को 6-3, 6-4, 6-2 से और आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रुड ने एलेक्स बोल्ट को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से हराया। गैर वरीयता प्राप्त कनाडा के डेनिस शापोवालोव ने 19वें नंबर के खिलाड़ी निकोलस जैरी को 6-1, 7-5, 6-4 से हराया। मारिया सक्कारी ने महिला एकल के अपने शुरुआती मुकाबले में मेकार्टनी केसलर 6-3, 6-1 से आसानी से शिकस्त दी। पिछले महीने फ्रेंच ओपन की उपविजेता रही सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी अपने चौथे प्रयास में पहली बार विंबलडन के पहले दौर की बाधा को पार करने में सफल रही। इटली की इस खिलाड़ी ने सारा सोरिब्स टोर्मो को 7-5, 6-3 से हराया।


मेकार्टनी केसलर के खिलाफ शॉट लगातीं मारिया सक्कारी। ● एजेंसी

THE CHAMPIONSHIPS WIMBLEDON

# बजरंग ने लगाया आरोप, अहंकार में डूबा नाडा खत्म करना चाहता है मेरा करियर

नई दिल्ली, एजेंसी



- डोप टेस्ट के चलते पूनिया दो बार हो चुके है निलंबित

पहलवान बजरंग पुनिया ने सोमवार को आरोप लगाया कि खामियों को उजागर करने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) की उनके करियर को खत्म करना चाहता है।

नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए नमूने नहीं दिये थे। डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीडीपी) से हालांकि बजरंग को राहत मिल गयी थी लेकिन नाडा ने 24 जून को बजरंग को दूसरी बार निलंबित कर दिया था। एडीडीपी ने पहला निलंबन इस आधार पर हटा दिया था कि नाडा ने पहलवान को औपचारिक नोटिस देकर डोपिंग का आरोप नहीं लगाया था। नाडा ने उन्हें नोटिस जारी किया और उन्हें फिर से निलंबित कर दिया। बजरंग ने एक्स पर लिखा यह दर्शाता है कि नाडा मुझे कैसे निशाना बना रहा है, वे नहीं चाहते कि मैं किसी भी कीमत पर कुश्ती जारी रखू। उन्होंने दावा किया कि नमूना देने से इनकार नहीं किया, बल्कि केवल इस बात का जवाब मांगा था कि नाडा ने दिसंबर 2023 में नमूना संग्रह के लिए एक एक्सपायर हो चुकी किट क्यों भेजी थी। उनके पास कोई जवाब नहीं है और वे अपनी गलतियों की जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते, वे सिर्फ अपने छुटकारे के लिए एथलीट को परेशान करना चाहते हैं।

# जॉर्जिया को हराकर स्पेन क्वार्टर फाइनल में

यूरो 2024

**कोलोन (जर्मनी)।** शुरूआती आत्मघाती गोल से उबरते हुए स्पेन ने जॉर्जिया को 4-1 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्पेन के रॉबिन ले नोरमांड ने 18वें मिनट में आत्मघाती गोल करके जॉर्जिया को बढ़त दे दी थी। इसके बाद रौड्री और फेबियन रूई ने गोल करके स्पेन को मैच में लौटाया। निको विलियम्स और डानी ओल्मो ने बाकी दो गोल किए। स्पेन का सामना शुक्रवार को स्टटगार्ट में क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी से होगा। इस हार के साथ ही जॉर्जिया के स्वर्णिम अभियान पर रोक लग गई जिसने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम को 2-0 से हराया था।



## बेलिंगम के गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को हराया

**गेलसेनकिरचेन।** जूड बेलिंगम के बेहतरीन गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। एक समय पर लग रहा था कि इंग्लैड यूरो चैंपियनशिप के सबसे बड़े उलटफेर का शिकार हो जाएगा जब स्लोवाकिया स्टॉपेज टाइम तक इवान शरांज के गोल के दम पर 1-0 से आगे चल रहा था। बेलिंगम ने हालांकि अतिरिक्त समय में बराबरी का गोल दागा और हैरी केन ने विजयी गोल करके 1966 के बाद पहला बड़ा खिताब जीतने की इंग्लैंड की उम्मीदों को कायम रखा।


जीत के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी।

## कोपा कप 2024

### गोलरहित ड्रॉ के बाद इक्वाडोर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**ग्लेनडेल।** इक्वाडोर ने स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी शॉट बचाया और मैक्सिको से गोलरहित ड्रॉ के बाद उसने कोपा अमेरिका फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। मैक्सिको ने दूसरे हाफ में कई हमले किए जिन्हें इक्वाडोर ने बचाया। अब इक्पाडोर का सामना गुरुवार को ग्रुप ए की विजेता अर्जेंटीना से होगा। मैक्सिको चौथी बार ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सका है। वहीं, एडुअर्ड बेलो के गोल के दम पर वेनेजुएला ने ग्रुप बी के मैच में जमैका को 3-0 से हराया। वेनेजुएला ने ग्रुप चरण के तीनों मुकाबले जीत लिए हैं। कोच फर्नांडो बतिस्ता के बिना खेल रही थी जिन्हें मैदान पर देर से आने के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

